

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 77, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 37.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 :15

मुरादाबाद, रविवार, 15 जून 2025




ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित...14

**नीट यूजी 2025 रिजल्ट जारी**

# राजस्थान के महेश टॉपर, मप्र के उत्कर्ष को दूसरी रैंक

## लड़कियों में दिल्ली की अविका अव्वल, 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख उत्तीर्ण, यूपी के 1.70 लाख अभ्यर्थी हुए सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

राजस्थान के महेश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है।


महेश कुमार


उत्कर्ष अवधिया

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया।

अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किए हैं। नीट-स्नातक में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के संदर्भ में देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करती है। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं जिनमें सरकारी अस्पतालों में लगभग 56,000 और निजी कॉलेजों में लगभग 52,000 सीटें हैं।

### प्रदेश में पांचवें स्थान पर बरेली के यशस्वी

**बरेली।** नीट में बरेली के यशस्वी कुमार ने पांचवां स्थान हासिल किया है। यशस्वी ने 650 अंक हासिल किए हैं और उनकी आल इंडिया रैंक 75 है। सीबीगंज निवासी यशस्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और उनके पिता डॉ. राजेश कुमार राजश्री मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनकी सफलता पर उनके परिजनों और स्कूल वालों ने बधाई दी।


यशस्वी कुमार

# राम की पैड़ी की तर्ज पर मथुरा वृंदावन में बनेगी श्रीकृष्ण पैड़ी

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- 100 करोड़ रुपये की लागत से पैड़ी का होगा निर्माण

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में वृन्दावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर के सामने अयोध्या की राम की पैड़ी की तर्ज पर एक सौ करोड़ रुपये की लागत से कृष्ण की पैड़ी का निर्माण कराया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग को इसके लिए धनराशि तय कर उसी के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या में राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है, जो धार्मिक महत्व के लिए जानी जाती है।

सिंह ने बताया कि परिक्रमा क्षेत्र में डेढ़ किमी लम्बे यमुना घाटों का पुनरुद्वार किया जाएगा, जिससे वृन्दावन में यमुना के घाटों का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।

# आतंकी साजिश : एनआईए ने मप्र-राजस्थान में छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ एनआईए का एक्शन, छापेमारी में कुछ डिजिटल उपकरण जब्त

एनआईए ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे। यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज किए गए एक मामले के तहत की गई है।

बता दें कि एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था, जो संवेदनशील मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की एचयूटी की साजिश से संबंधित है। एनआईए ने कहा कि युवाओं को भारत की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने और शरिया कानून द्वारा शासित एक इस्लामिक सरकार स्थापित करने के मकसद से हिंसा फैलाने के प्रेरित किया जा रहा था।

# मोबाइल लेकर भागा बंदर, पीछा किया तो युवक की गिरकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पीछा करने पर बंदर ने दी थी घुड़की बदांयू के गांव धरैहरा का मामला

**अमृत विचार :** शहर से लेकर गांवों तक बंदरों का आतंक है। बंदरों की वजह से एक और युवक की मौत हो गई। बंदर युवक का मोबाइल छीनकर भागने लगा तो युवक ने पीछा किया। इस बीच बंदर ने घुड़की दी। युवक डर के कारण पीछे हुआ और छत से गिरकर उसकी मौत हो गई।

मामला उघैती थाना क्षेत्र के गांव धरैहरा का है। गांव निवासी छोटे लाल (30) पुत्र विजय सिंह गर्मी ज्यादा होने की वजह से शुक्रवार रात घर की छत पर सोए थे। चारपाई पर पास में उनका मोबाइल फोन रखा था। परिजनों के अनुसार, सुबह तकरीबन साढ़े 5 बजे बंदरों का झुंड आया और उनका मोबाइल फोन उठाकर ले गया। खटपट की आवाज से छोटे लाल की नींद खुल गई। वह अपना मोबाइल फोन लेने के लिए छत पर बंदर के पीछे भागे। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और घुड़की दी। छोटे लाल डरकर खुद को बचाने को पीछे हुए और छत से नीचे जा गिरे। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर पहुंचे। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह छोटे लाल ने दम तोड़ दिया।

# कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर मिलेगा 1 लाख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- यह सुविधा सिर्फ यूपी के लोगों को, योगी सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने दी मंजूरी

**अमृत विचार:** श्री कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा पर जाने वालों को योगी सरकार एक लाख रुपये आर्थिक सहायता देगी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद धर्मार्थ कार्य विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार यात्रा पूर्ण करने के 90 दिन के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यह सुविधा केवल यूपी के मूल निवासियों के लिए है। विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार भारत सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में शामिल होने वालों के अलावा जो अपने व्यक्तिगत श्रोतों से और प्राइवेट ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से भी यात्रा पूरा करेंगे वे सभी एक लाख रुपये अनुदान के पात्र होंगे। शर्त यह होगी कि यात्रा पूरा करके लौटने के बाद 90 दिन के भीतर वेबसाइट www.updharmarthkarya.in पर हर हाल में आवेदन करना होगा। आवेदन में अपनी फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट व वीजा, बैंक खाते का विवरण, यात्रा पूर्ण करने का प्रमाण पत्र समेत अन्य अभिलेख अपलोड करना होगा। कोई भी आवेदन भौतिक रूप से स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन पत्र का परीक्षण धर्मार्थ कार्य निदेशालय लखनऊ करेगा। सब सही पाए जाने पर अनुदान राशि सीधे बैंक खाते भेज दी जाएगी। जीवन काल में एकबार ही अनुदान मिलेगा। किसी की मृत्यु होने की दशा में पत्नी-पति या आश्रित के आवेदन की जांच-पड़ताल के बाद अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

### यात्रा भवन के लिए 73.58 लाख दिए

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन के संचालन और उपकरणों को क्रियाशील करने के लिए कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम को 73 लाख 58 हजार 205 रुपये का बजट दिया गया है। आधी धनराशि पहले ही दी गई थी, शेष 36 लाख 79 हजार 102 रुपये की धनराशि शासन ने मंजूर की है।




## शहर में आज



☞ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे
☞ लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।
अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!
स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001
भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी
संपर्क करें: 9410478735

# सूरज ने दिखाए तेवर, उमस ने कर दिया बेदम

## मौसम विभाग के अनुसार अभी और पड़ेगी गर्मी , 25 जून या इसके बाद सक्रिय होगा मानसून

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रात में भी तापमान बढ़ने से उड़ रही लोगों की नींद

**अमृत विचार :** शुक्रवार को आधे घंटे की बारिश के बाद प्री मानसून छू मंतर हो गया। शनिवार को तेज धूप व उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन में पसीने से लोग भीगते रहे। न्यूनतम तापमान भी कम न होने से रात में भी गर्मी रही। मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि मानसून की सक्रियता के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। अब 25 जून या इसके बाद मानसून पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में आएगा।

शुक्रवार को आधे घंटे की बारिश से मिली फौरी राहत शनिवार को खत्म हो गई। सुबह से ही उमस और तेज धूप ने लोगों को तेवर दिखा दिया। दोपहर में झुलसाने वाली धूप ने लोगों को बेदम कर दिया। देर शाम तक गर्मी का असर बरकरार रहा। उमस से लोग बेचैन हुए। इसमें बिजली की आंख मिचौली ने मुश्किल और बढ़ा दी। लो वोल्टेज के चलते पंखा व कूलर बेमतलब साबित हुए। पावर कट से एसी बंद होने पर लोग व्याकुल हो रहे थे। अधिकतम तापमान 38.9 और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 49 प्रतिशत रहा। 3.6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण दिशा से हवा चली। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि अभी गर्मी ऐसे ही रहेगी। बीच बीच में हल्के बादल के साथ कहीं छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। मानसून 25 जून या इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सक्रिय होगा। अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।



शनिवार को धूप में निकले लोग। ● अमृत विचार

### गर्मी और लू के चलते बढ़े डायरिया के मरीज

मुरादाबाद, अमृत विचार : भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। तापमान के बढ़ने पर पानी की कमी से डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शनिवार को भी जिला अस्पताल की ओपीडी में 1100 से अधिक मरीज पहुंचे। जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों डायरिया व पाचन संबंधी समस्याओं को लेकर आने वाले मरीजों की संख्या 40 फीसदी से अधिक बढ़ गई है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीर सिंह ने बताया कि प्रतिदिन 100 से अधिक बच्चे उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। अत्यधिक गर्मी में शरीर में पानी की मात्रा तेजी से घटती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी असर पड़ता है। इससे डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और डायरिया जैसी बीमारियां होती हैं। बच्चे और बुजुर्ग इन रोगों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। ओपीडी में डायरिया, बुखार के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने स्वच्छ पानी पीने, बाहर से आते ही एक दम फ्रिज का पानी न पीने, घर के बने हल्के भोजन का सेवन करने और खुले में बिकने वाले खाद्य व पेय पदार्थ से बचने की सलाह दी है।

## 24 घंटे से बिजली गुल, नहीं बदला गया नक्शंदाबाद गांव में फुंका ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** छजलैट ब्लॉक गांव नक्शंदाबाद में शुक्रवार की सुबह 9 बजे से बिजली गुल है। भीषण गर्मी में महिलाओं और बच्चों का बुरा हाल है। इनवर्टर की बैटरी भी जवाब दे गई है। लोग हाथ के पंखे से बच्चों को गर्मी में राहत देने में लगे हैं। विद्युत केंद्र फतेहपुर विश्नोई पर लोगों जाकर शिकायत की। सुबह तक बिजली आपूर्ति न बहाल होने पर लोग अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर धरना देने लिए पहुंचे। जहां उन्हें अवकाश होने के कारण मायूस लौटना पड़ा।



नक्शंदाबाद में गर्मी से परेशान बच्चों को हाथ के पंखे से हवा करता ग्रामीण।

शनिवार को चक्कर की मिलक स्थित अधिशासी अभियंता द्वितीय अरुण कुमार के कार्यालय पर नक्शंदाबाद गांव के रहने वाले लोग धरना देने पहुंचे। इस गांव के लोगों की बिजली 13 जून की सुबह 9 बजे से गुल है। धरना देने पहुंचे लोगों को अवकाश के कारण कार्यालय बंद मिला। ग्रामीणों का कहना था कि शुक्रवार की सुबह 9 बजे ट्रांसफार्मर फुंक गया था। गांव में पूरी रात बिजली नहीं आई। विनीत त्यागी ने बताया कि दोपहर तक बिजली आपूर्ति नहीं आने पर शाम को ढक्कड़ा विद्युत केंद्र पर जाकर शिकायत की लेकिन वहां तैनात जेई थोड़ी देर में दूसरा ट्रांसफार्मर आने की बात कहते रहे लेकिन शाम सात बजे नदारद हो गए और फोन भी बदं कर लिया। जिसके बाद ग्रामीण अधिशासी अभियंता कार्यालय पर धरना देने पहुंचे। गांव के नरेश चौधरी ने बताया कि गांव में 24 घंटे से गिजली गुल होने से बच्चों के साथ सभी को परेशानी सामना करना पड़ रहा है।

## स्टेडियम में रनिंग ट्रैक पर पानी खिलाड़ियों को हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शुक्रवार को बारिश से ट्रैक पर भरा पानी, शनिवार को भी नहीं हुआ साफ

**अमृत विचार :** शुक्रवार को आधे घंटे की बारिश ने खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ा दी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में रनिंग ट्रैक पर पानी भरने से खिलाड़ी शनिवार को भी अभ्यास नहीं कर सके। ट्रैक में पानी होने से खिलाड़ी निराश होकर लौट गए।

कोच ललिता चौहान ने बताया कि खिलाड़ी सुबह शाम अभ्यास करने के लिए आते हैं। लेकिन बारिश के कारण रनिंग ट्रैक पर पानी भरने से खिलाड़ियों को दो दिनों से परेशानी हो रही है। कुछ खिलाड़ी स्टेडियम में थोड़ी देर फिजिकल फिटनेस के लिए एक्सरसाइज करके लौट जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी समस्याओं के समय से निस्तारण न होने के कारण जब अभ्यास प्रभावित होता है खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पाते हैं।

> ट्रैक से पानी साफ कराया जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं। खिलाड़ियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।
> – जितेंद्र यादव, प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी

खिलाड़ी यश कुमार ने बताया कि पहली बार नहीं है जब पानी ट्रैक से नहीं हटाया जा सका। हर बार बरसात में अभ्यास करने में परेशानी होती है। मयंक पाल ने कहा कि अभी तो शुरुआत है आगे अगर लगातार बारिश होती है तो काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारियों को इस पर ध्यान देना होगा।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में ट्रैक पर भरा पानी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### योग व ध्यान से तनाव में मिलती है राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में छात्राओं को ध्यान व योग का अभ्यास कराया गया। योग का उपयोग तनाव से निपटने और शरीर की थकान मिटाने के लिए किया जा सकता है। शनिवार को निर्धारित थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अंतर्गत क्रीडा विभाग की ओर से योग और ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा कहा कि ध्यान योग का एक अभिन्न अंग है। योग व ध्यान से मन व शरीर के बीच संबंध गहरा होता है। जो सेहत को बेहतर बनाता है। ध्यान में व्यक्ति को बस एक जगह बैठना है और अपनी ऊर्जा को किसी विशेष वस्तु, ध्वनि, सांस आदि पर केंद्रित करना है। शिविर में डॉ सविता अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। प्रो. अंजना दास, प्रो. किरन साहू, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. इंदु सिंह, डॉ. प्रीति पांडेय, डॉ. प्रज्ञा मौजूद रहीं।

### प्रदेश प्रभारी का आर्य समाज में स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड पर प्रकृति सेवा समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षक ठाकुर सौरभ सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (पंजी) का प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर स्वागत किया गया। प्रकृति सेवा समिति (पंजी) की अध्यक्ष रविता पाल और सचिव पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह पाल ने लोहड़ी और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, रमेश सिंह आर्य, डॉ. अनुज अग्रवाल, गौतम सिंह, जेपी सिंह, छाया रानी, हरवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, कैप्टन सुशील कुमार सिंह, कमल भारती व वीरेंद्र आर्य शामिल रहे।

## कशिश ने 624 अंक लाकर हासिल की 359 ऑल इंडिया रैंक



आकाश इंस्टीट्यूट में खुशी मनाते छात्र-छात्राएं और निदेशक विवेक शर्मा।

नीट यूजी परिणाम

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नीट (यूजी) की परीक्षा में महानगर की कशिश गुप्ता ने 624 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक 359 हासिल की है। उनकी सफलता पर अभिभावकों व साथियों ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई। कशिश का कहना है कि वह डॉक्टर बनकर गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज करेंगी।

आकाश इंस्टीट्यूट के ही कोशा शर्मा ने 582, गौरवी गुप्ता 578, ऋषव चौधरी 555, अरबाज खान 553, गौरी गुप्ता 552, इल्मा साजिद 550, साक्षी ठाकुर ने 538 अंक और तहूरा परवेज 519, शैली रानी-511, जतिन शर्मा 509, रितिका यादव 507, निहारिका गुप्ता-495, सिया वत्स को 485 अंक मिले। संस्थान के निदेशक विवेक शर्मा और आरपी सिंह, एकेडमिक हेड रवींद्र सिंह, सचेंद्र सिंह च निशीथ ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।



शरीक जमा खान।



प्रियां कठेरिया।



मयंक।



अंश।

### अंश शर्मा ने 572 अंक लाकर पाई 4984वीं रैंक

मुरादाबाद, अमृत विचार : नीट(यूजी) 2025 परीक्षा के घोषित परिणाम में स्कॉलर्स डेन के अंश शर्मा ने 720 अंक में से 572 नंबर लाकर 4984वीं रैंक हासिल की है। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर स्कॉलर्स डेन में खुशी मनाई गई। निदेशक विवेक ठाकुर ने मेधावी बच्चों को भविष्य में और बेहतर करने लिए उनका हौसला बढ़ा मुंह मीठा कराया। संस्थान के अलीना कशिश ने 551 अंक, मयंक सिरोही ने 540 अंक पाया है। शरीक जमा खान ने 533 अंक, प्रियां कठेरिया ने 526 अंक हासिल किया है। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। अकादमिक निदेशिका अंजलि ठाकुर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।



अलीना।

## आरीब के शतक से जीती दुर्गा अकादमी

क्रिकेट टूर्नामेंट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पीएसी के मैदान पर चल रहा अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को फाइनल दुर्गा क्रिकेट अकादमी व रेलवे क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। आरीब कमाल की शतकीय पारी की बदौलत दुर्गा क्रिकेट अकादमी ने आसानी से मैच जीत लिया।

दुर्गा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवर में 244 रन बनाए। टीम के लिए आरीब कमाल ने नाबाद 103 और नितिन ने 72 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे क्रिकेट अकादमी की टीम 65 रन बनाकर ही ढेर हो गई। टीम की ओर से अभिषेक शर्मा ने सर्वाधिक 21 रन और शौर्य रस्तोगी ने 15 रन बनाए। इस तरह दुर्गा क्रिकेट अकादमी ने 179 रन से यह मुकाबला जीत लिया। आरीब कमाल मैन ऑफ द मैच रहे। टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन का खिताब नितिन और बेस्ट बॉलर का खिताब आदित्य पांडेय को दिया। मैन ऑफ द सीरीज नक्श भटनागर रहे। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह और विशिष्ट अतिथि अल्पाइन स्कूल की संचालक कुसुम लता चौहान, प्रदीप टंडन, स्पेशल गेस्ट आईपीएल खिलाड़ी मोहसिन खान ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर क्रिकेट कोच वाकर जैदी, मोहम्मद शाहिद, सोनू कुमार, ओवेस जहीर, गौरव, अक्षत चौहान आदि मौजूद रहे।





पीएसी मैदान में आयोजित टूर्नामेंट में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि।

- फाइनल में दुर्गा अकादमी व रेलवे अकादमी के बीच हुई भिड़ंत

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## रोलर स्केटिंग में खिलाड़ियों ने जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** द्वितीय उत्तर प्रदेश रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन नोएडा के आओ जिओ बैक्ड ट्रैक में 9 जून से 11 जून तक हुआ। जिसमें महानगर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कई पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद द्वारा शनिवार को बच्चों को फूलमाला और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में 10 साल आयु वर्ग में विहान सक्सेना ने 200 मीटर रेस में कांस्य पदक, 12 साल आयु वर्ग में दिव्यांश चौधरी ने 500 मीटर रेस में कांस्य पदक और अद्विका भारद्वाज (बालिका) ने 500 मीटर रेस में कांस्य पदक, 15 साल आयु वर्ग में वेदांगा यादव ने 200 मीटर और 500 मीटर रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग में प्रीत चौधरी ने 1500 मीटर रेस में रजत पदक, 18 साल आयु वर्ग में आकाश सैनी ने 200 मीटर रेस में स्वर्ण पदक और 1000 मीटर रेस में रजत पदक प्राप्त किया। 18 साल से ऊपर आयु वर्ग ने कुणाल सैनी ने 1500 मीटर रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया। इनकी सफलता में टीम कोच परमेश चरण का विशेष योगदान रहा। टीम मैनेजर देवानंद रहे। इस दौरान रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव देवेंद्र कुमार राणा, अध्यक्ष अशोक सिंघल और उपाध्यक्ष रोहित कुमार शामिल रहे।



रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले महानगर के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- नोएडा में 9 से 11 जून तक हुआ चैंपियनशिप का आयोजन

## अब सीबीटी से होंगी रेलवे की विभागीय प्रोन्नति परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेलवे बोर्ड से जारी हुआ पत्र तैयार कराए जा रहे पेपर
- विभागीय परीक्षाओं में सेटिंग का पकड़ा गया था खेल

**अमृत विचार :** अब रेलवे भर्ती बोर्ड विभागीय प्रोन्नति परीक्षाएं भी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) के जरिये कराएगा। मंडल मुख्यालयों की जिम्मेदारी सिर्फ व्यवस्था बनाने की रहेगी। जिससे पारदर्शिता आएगी और योग्य को पदोन्नति का मौका मिलेगा। पत्र जारी किया गया है।

मुगलसराय में इसी साल मार्च में सीबीआई ने विभागीय परीक्षाओं में खेल पकड़ा था। इसके बाद से रेलवे ने सभी प्रकार की विभागीय पदोन्नति पर रोक लगा दी थी। शीर्ष स्तर पर मंथन हुआ और सभी परीक्षाएं सीबीटी के जरिये कराने पर सहमति बनी। वहीं मुरादाबाद रेल मंडल में भी पांच साल पहले धांधली की आशंका में 37 टीसी का चयन रद्द हुआ था। अब कर्मचारी इसे अच्छी पहल के रूप में ले रहे हैं। रेलवे बोर्ड ने पत्र में कहा है कि टेस्ट रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से जोनल व मंडल स्तर पर आयोजित होंगे। इसके लिए एग्जामिनेशन कंडक्टिंग एजेंसी बनाई जाएगी। मंडल स्तर पर इसके नोडल अधिकारी सीनियर डीपीओ होंगे और जोनल स्तर पर जिम्मेदारी डिप्टी सीपीओ के पास रहेगी। पेपर सेट करने की जिम्मेदारी चयन समिति के तीन सदस्यों में से किसी एक के पास रहेगी। एक्जामिनेशन कंडक्टिंग एजेंसी ही प्रश्नपत्र ट्रैकर व परिणाम तैयार करेगी।

आवश्यकता — जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में पंजीकृत हैं 1178 रक्तदाता, ब्लड बैंक में ए, बी, एबी और ओ निगेटिव नहीं

# ब्लड बैंक को भी रक्त की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में ए, बी, एबी और ओ निगेटिव रक्त नहीं है। इसके अलावा ए और बी पॉजिटिव रक्त की कमी बनी हुई है। रक्त की जरूरत होने पर फोन कॉल कर रक्तदाताओं से रक्त की पूर्ति की जा रही है। पिछले एक माह की बात करें तो बी पॉजिटिव रक्त की अधिक मांग रही। जिसकी ब्लड बैंक की ओर से पूर्ति की भी हुई। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में वर्तमान में ए पॉजिटिव और बी पॉजिटिव रक्त सिर्फ एक यूनिट है।

ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदाताओं की बात करें तो यहां 1178 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। लोगों की जान बचाने पर जरूरत पड़ने और ब्लड बैंक में रक्त की कमी हो जाने की स्थिति में फोन कॉल पर रक्त देने के लिए वह उपलब्ध हो जाते हैं।

जिला अस्पताल की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. शिल्पा अग्रवाल ने बताया कि ब्लड बैंक में सभी ग्रुप का रक्त जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध रखने का प्रयास रहता है। रक्त की कमी होने पर रजिस्टर्ड रक्तदाताओं को कॉल कर पूर्ति की जाती है। लोगों की सहायता के लिए जो पंजीकृत रक्तदाता हैं उनकी लिस्ट ब्लड बैंक में सार्वजनिक तौर पर चस्पा की है। जरूरत पर व्यक्ति खुद भी कॉल कर पूर्ति कर सकते हैं।

### ब्लड बैंक में 45 यूनिट रक्त उपलब्ध

1 यूनिट ए पॉजिटिव
1 यूनिट बी पॉजिटिव
6 यूनिट एबी पॉजिटिव
37 यूनिट ओ पॉजिटिव

### स्वेच्छा से रक्तदान करने का भी बढ़ा सिलसिला

रक्तदान के प्रति धीरे-धीरे लोग जागरूक हो रहे हैं। ब्लड बैंक प्रभारी के अनुसार हर दिन दो-तीन रक्तदाता स्वेच्छा से रक्तदान के लिए ब्लड बैंक पहुंच रहे हैं। वहीं, ब्लड बैंक की ओर से हर माह तीन-चार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की ओर से शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर रामगंगा विहार के एक बैंक्वेट हाल में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 55 यूनिट रक्तदान किया गया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और विशिष्ट अतिथि सलिल सक्सेना ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि रक्तदाताओं की इस पहल से किसी की जान बचाने में सहयोग होगा। 30 यूनिट ब्लड को जिला अस्पताल की ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. शिल्पा अग्रवाल तो 25 यूनिट आरआर हेल्थ केयर ब्लड सेंटर को दान दिया गया। शिविर में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक मेजर सुदेश भटनागर, जिलाध्यक्ष डॉ निश्चल भटनागर, जिला महामंत्री दिलीप भटनागर, महानगर अध्यक्ष लवलीन सक्सेना, शुभम सक्सेना, अनिल सक्सेना, शिवोतार , अरविंद, मधु, शिल्पी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 77, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




**आज का मौसम** 37.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 :15

मुरादाबाद, रविवार, 15 जून 2025

ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप...14

# देश को मिले 419 जांबाज अफसर



आईएमए में शनिवार को भव्य पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट्स।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आईएमए देहरादून में भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न, नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए

**अमृत विचारः** भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश की सेना के अंग बन गए। साथ ही नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी।

सुबह 6:38 बजे मार्कर्स कॉल के साथ परेड का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कंपनी सार्जेंट मेजरों ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह संभाली। 6:42 बजे एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस बार की पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसंबर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

# मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सली मारे गए

बालाघाट (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के बालाघाट में पुलिस के साथ मुठभेड़, ग्रेनेड लॉन्चर समेत अन्य हथियार बरामद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गएघटनास्थल से ग्रेनेड लांचर, एक एसएलआर, दो .315 बोर राइफल, अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझिरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है। उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं।

## एक नजर

### सुहास शेट्टी हत्याकांड की जांच एनआईए के हवाले

**मंगलुरु।** एनआईए की एक टीम हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के लिए शनिवार को यहां पहुंची। शेट्टी की एक मई को दक्षिणी कन्नड जिले के मंगलुरु शहर के बाजपे इलाके में हत्या कर दी गई थी। एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया है। मंगलुरु पुलिस ने एनआईए टीम के आगमन की पुष्टि की और कहा कि प्रारंभिक जानकारी नगर अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों के साथ साझा की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में यह मामला एनआईए को सौंपा था।

### प्रधानमंत्री 20 को तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने से पहले तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और एक रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सरकार ने यद्यपि 12 जून को अपना एक वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन प्रशासन एक सप्ताह तक जश्न मना रहा है, जिसका समापन 20 जून को प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ होगा। मोदी पिछले साल ओडिशा में माझी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

# विमान हादसे की जांच को उच्चस्तरीय समिति गठित, 11 शव के डीएनए मैच

## मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच की

- ब्रिटेन ने अहमदाबाद में सहायता केंद्र किया स्थापित

अहमदबाद/नई दिल्ली, एजेंसी

अहमदाबाद में लंदन जा रही एअर इंडिया की विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 280 हो गई। इसी बीच, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है। जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (एआई171) के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं अब तक 11 शव के डीएनए का उनके परिजन के डीएनए से मिलान हो गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की विस्तारित निगरानी के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। नायडू ने कहा कि देश में विमानन सुरक्षा के बहुत सख्त मानक और मजबूत प्रोटोकॉल हैं तथा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली केंद्रीय समिति भविष्य में अहमदाबाद दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी सुझाएगी। इसकी पहली बैठक सोमवार को होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। वहीं, एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए अब तक 11 लोगों के शव के डीएनए का मिलान उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए से हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ सरकारी चिकित्सक ने बताया कि कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं या क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है इसलिए डीएनए जांच कर रहे हैं। आठ शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली थी और जिनके डीएनए की जांच की जरूरत नहीं है, वे पहले ही उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।



अहमदाबाद में विमान के मलवे की जांच करती टीम। ● एजेंसी

### एअर इंडिया, एआई एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का नहीं करेंगी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 171 का संचालन कर रहा था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं।

# तेल अवीव पर मिसाइलों की बौछार, 3 की मौत, 60 घायल

दुबई, एजेंसी

- परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की

ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल पर जवाबी हमले करते हुए मिसाइल और ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके सशस्त्र बलों पर इजराइल के कई हमलों के बाद हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमला करने तथा शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को मारने के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के राजदूत ने कहा कि हमलों में 80 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी, जिसके विस्फोटों से यरुशलम और तेल अवीव के ऊपर रात के आसमान में रोशनी हो गई। इजराइली सेना ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों में रहने का आग्रह किया है। इजराइल और ईरान दोनों ने कहा कि उनके हमले जारी रहेंगे, जिससे पश्चिम एशिया में लंबे समय तक एक और संघर्ष के जारी रहने की आशंका बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका उद्देश्य इजराइल के लिए किसी भी ईरानी खतरे को खत्म करना है, साथ ही उन्होंने ईरान के नागरिकों से अपने नेताओं के खिलाफ उठ खड़े होने का भी आग्रह किया। इजराइल के हमलों से अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर आगे की बातचीत भी संदेह के घेरे में आ गई है। दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में वार्ता होनी थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ आगामी परमाणु वार्ता निरर्थक है।



इजराइल के तेल अवीव में धमाके से लगी आग।

### इजराइल ने कहा- ईरान ने अब मिसाइल दागी तो तेहरान हो जाएगा तबाह

**दुबई।** इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी कि अगर उसने मिसाइलें दागना जारी रखा तो तेहरान तबाह हो जाएगा। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शुक्रवार सुबह ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजराइल के हमले के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर जवाबी हमले शुरू किये। ईरान ने रात से अब तक कई बार किए गए हमले में इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

# 60,244 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे शाह

- अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आज सबसे बड़ी व सफल पुलिस भर्ती को पहुंचाएंगे अंजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी और सफल पुलिस भर्ती को अंजाम तक पहुंचाएंगे। रविवार को दोपहर 12 बजे आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस में भर्ती 60,244 अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया है।

सुरक्षा से लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती है। मुख्यमंत्री ने पुलिस-शासन के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा करके व्यवस्थाएं परखी। गर्मी से बचाव के लिए पंडाल, पेयजल, कूलर, पंखे, स्वास्थ्य कर्मी-दवाएं समेत जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते योगी।

### लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन

कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। कानपुर नगर, रायबरेली, सुलतानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, महोबा, उन्नाव, अमेठी, बस्ती व जालौन में यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर कोई भी भारी वाहन लखनऊ नहीं आ सकेगा।

### एक्सिओम मिशन अब 19 को होगा प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। इसरो ने यह जानकारी दी। मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है।

# दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी का नया चैंपियन




**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका ने लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम। साथ ही आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए सिर्फ 69 रन की जरूरत थी। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

# बिजली संकट : 32 हजार मेगावाट पहुंची मांग

## ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके बिजली संकट की चपेट में, जनता बेहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थमने का नाम नहीं ले रही है। बिजली कटौती से लोग बेहाल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके भी बिजली संकट की चपेट में हैं। बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पर पहुंचने के आसार बन गए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 31,214 मेगावाट दर्ज की गई। शाम के वक्त प्रदेश में औसतन 30 हजार मेगावाट मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 7148 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही थी, जबकि मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही थी। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब पांच सौ मेगावाट आपात बिजली कटौती की जाती रही।

### इकाइयां ठप होने से 4361 मेगावाट उत्पादन घटा



सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों उत्पादन निगम की आठ इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण ठप हो गई हैं। इनमें अनपरा लैंको की 600 मेगावाट, अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट, टांडा की 110 मेगावाट, घाटमपुर व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक-एक और ओबरा सी की 660 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल हैं। इन इकाइयों के ठप होने से कुल 4361 मेगावाट उत्पादन घट गया है। इससे आपात बिजली कटौती की जा रही हैं। हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात बढ़ाकर स्थिति काबू करने का प्रयास जारी है। दूसरी ओर, स्थानीय खराबियों के कारण राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप होने व घंटो गायब रहने का सिलसिला जारी है। गर्मी में बिजली न होने से लोग बेहाल हो रहे हैं।

### अमेरिकी सांसदों को घर में घुसकर मारी गोली, दो की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना को लेकर कहा, दोनों सांसदों पर हमला राजनीति से प्रेरित लग रहा है। मेलिसा एक शानदार जनसेवक थीं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता।

# धोखाधड़ी के आरोप में सुपरटेक, प्रवर्तक आरके अरोड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला
- सीबीआई ने पांच स्थानों पर चलाया तलाशी अभियान, 28.5 लाख बरामद

सीबीआई ने आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में नोएडा स्थित निर्माण कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके प्रवर्तक आर के अरोड़ा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एफआईआर में अरोड़ा के साथ-साथ नोएडा स्थित कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों संगीता अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन का भी नाम है। शनिवार को सीबीआई ने मामले के सिलसिले में आरोपियों से जुड़े पांच स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया, जिसमें नोएडा और गाजियाबाद में आधिकारिक और आवासीय परिसर शामिल हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि छापेमारी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों ने 28.5 लाख रुपये की नकदी जब्त की। यह मामला आईडीबीआई बैंक की शिकायत के बाद शुरू किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से स्वीकृत ऋण राशि का दुरुपयोग करने की साजिश रची थी। एफआईआर के अनुसार, बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी और उसके निदेशकों ने झूठे बहाने के तहत ऋण सुविधाएं हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज पेश किए। सीबीआई ने कहा कि ऋण खाते को बाद में जानबूझकर चूक करने वाला घोषित कर दिया गया और धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को कथित तौर पर 126.07 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

**सुश्रुत क्लीनिक**
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# पिटाई का बदला लेने के लिए दोस्त ने की अमन की हत्या

## शराब पिलवाने के बाद रास्ते में रोककर मार दी थी गोली, तीन गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



खुलासा करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह व सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता।

- मंगलवार की शाम टहलने निकला था पैपटपुरा का अमन
- बुधवार सुबह शांति नगर के खाली प्लाट में मिला था शव

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में अमन शुक्ला की हत्या मारपीट की रंजिश में चेतन गुप्ता ने भाई व दोस्तों के साथ मिलकर की थी। दोस्त को रुपये देकर अमन को शराब पिलवाई और घर लौटते वक्त उसे गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी चेतन, पंकज गुप्ता व विवेक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फरार अनुज ठाकुर की तलाश कर रही है।

थाना मझोला क्षेत्र के मंडी समिति के पास स्थित मोहल्ला पैपटपुरा निवासी संजीव शुक्ला का बेटा अमन शुक्ला मंगलवार की शाम घर से टहलने के लिए निकला। वह वापस नहीं लौटा तो पिता ने फोन मिलाया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह अमन का शव शांति नगर के एक खाली प्लाट में मिला था। रात में किसी वक्त उसके गर्दन पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। जांच में पता चला था कि वह रात में तीन युवकों के साथ था। ऐसे में पुलिस ने उन तीनों युवकों की तलाश शुरू कर दी थी।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घटना से लगभग एक माह पहले चेतन गुप्ता निवासी ढक्का की पुलिस अपने ई-रिक्शा में दोस्त विवेक शर्मा निवासी हाल निवासी मोहल्ला सूर्यनगर व मूल निवासी गांव शीतला सराय थाना आदमपुर अमरोहा को बैठाकर जा रहा था। तभी दोनों को अमन शुक्ला मिल गया। चेतन ने अमन से कॉल करने के लिए फोन मांगा तो उसने देने से मना कर दिया।

इसी बात पर कहासुनी व गाली गलौज हो गई। अगले दिन अमन ने चेतन का फोटो इंस्टाग्राम आइडी से लेकर उस पर कमेंट्स लिखकर स्टोरी लगा दी। इसके बाद अमन के दोस्त ने चेतन को फोन किया कि हम दोनों के बीच समझौता करा देंगे। 22 दिन पहले चेतन बताए हुए स्थान पर पहुंच गया। तभी अमन ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर चेतन के साथ मारपीट की और वीडियो बना ली। बाद में वीडियो को इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। इससे आरोपी बेइज्जती महसूस करने लगा। उसका कुछ लोगों ने मजाक भी उड़ाया।

आरोपी ने बदला लेने के लिए मृतक के दोस्त अनुज ठाकुर निवासी पैपटपुरा एकता कॉलोनी से दोस्ती की और उसे कई बार शराब पिलाई। इसके बाद दोनों ने अमन की हत्या करने की योजना बना ली। आरोपी भाई पंकज ने हत्या करने में सहयोग किया। एसपी सिटी ने बताया कि चेतन गुप्ता, पंकज गुप्ता और विवेक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी अनुज ठाकुर अभी तक फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अमन ने तमंचा छीनने का किया था प्रयास

10 जून को अनुज ठाकुर ने चेतन को फोन करके बताया कि अमन शराब पीने की बात कह रहा है। आज उसकी हत्या कर सकते हैं। इसके बाद आरोपी ने अनुज को 500 रुपये शराब पिलाने के लिए दे दिए। चेतन ने दोस्त विवेक शर्मा को भी फोन करके बुला लिया। उधर, अनुज अमन के साथ जंगल में जाकर शराब पीने लगा। लगभग 11 बजे शराब पीने के बाद जब दोनों वापस आने लगे तो शांति नगर में पहले से ही घात लगाए बैठे चेतन गुप्ता और विवेक शर्मा ने अमन को पकड़ लिया। गोली मारने के लिए ट्रिगर दबाया, लेकिन अटक गया। अमन ने आरोपितों से तमंचा छीनने का प्रयास किया, लेकिन तभी दोबारा प्रयास करने पर गोली चल गई और गोली गले में लगी। इससे उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद आरोपी शव को छोड़कर भाग गए।

## एमडीएः नगर नियोजक सहित 5 जेई का तबादला

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। नगर नियोजक अमित कादयान को हापुड़-पिलखुआ भेजा गया है। पांच अवर अभियंता मनोज सिंह, राजन सिंह, मुकेश सक्सेना, ग्रीस पांडेय और सतवीर सिंह का तबादला किया गया हैं। ये सभी तीन साल से अधिक समय से एमडीए कार्यालय में तैनात थे। बताया जा रहा है कि इनके स्थानांतरण की मांग कई स्तरों पर उठाई जा रही थी। नए अधिकारियों की तैनाती से कार्यप्रणाली में नया दृष्टिकोण और ऊर्जा आ सके।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला को बाइक सवार दो हमलावरों ने गोली मार दी। गोली महिला की पीठ में लगी। ई-रिक्शा चालक समेत दो लोगों को छर्रे लग गए। तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने ललित कौशिक को नामजद करते हुए दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी इस समय बलरामपुर जेल में बंद है।

थाना मझोला क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने नौ अप्रैल 2023 को सिविल लाइंस थाने में दीन दयाल नगर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक के खिलाफ नौकरी का झांसा देकर उसकी 16 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा तहरीर दी थी। ललित कौशिक वर्तमान में बलरामपुर जेल में बंद है और दुष्कर्म की रिपोर्ट की सुनवाई कोर्ट में विचाराधीन है।

जिसके साथ दुष्कर्म हुआ था उसकी शादी हो गई है। शनिवार को पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ अधिवक्ता से बात करने के लिए कचहरी गई थी। शाम चार बजे तीनों कचहरी से निकले और ई-रिक्शा में सवार हो गुलाबबाड़ी क्षेत्र में रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही रामगंगा घाट पहुंचे तो बाइक सवार दो बदमाशों ने दुष्कर्म पीड़ित पर फायरिंग कर दी। गोली उसकी पीठ में लगी। ई-रिक्शा चालक ताराचंद निवासी नागफनी और राहगीर सरफराज निवासी नूरी मस्जिद कटघर छर्रे लगे। बदमाश बाइक से रामगंगा रेलवे पुल के नीचे से गुलाबबाड़ी चुंगी की ओर भाग गए।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक को नामजद करते हुए दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बदमाशों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।


**मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज**
बहजोई रोड, चन्दौसी, जिला सम्भल, पिन-244412
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध
**-: आवश्यकता है :-**
प्रवक्ता-बी.ए.एलएल.बी. (पंच वर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु :-
विषय – इतिहास (1), राजनीति शास्त्र (1), समाज शास्त्र (1), अंग्रेजी (1), अर्थशास्त्र (1), विधि-3
प्रवक्ता एलएल.बी. (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम
विधि-3
योग्यता :- यू.जी.सी./विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन समस्त अंक पत्र, प्रमाण पत्र, आधार एवं पैनकार्ड की छायाप्रतियों सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिवस के भीतर महाविद्यालय को प्रेषित करें।
अध्यक्ष
डॉ. अशोक यादव
मो.नं. 9412140100
ई-मेल-mplc.chd777@gmail.com


## कोर्ट के आदेश पर आठ पर छेड़छाड़ व मारपीट की रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश परआठ मोबीन नगर निवासी शाकिब, उसके बहनोई यूनुस, पत्नी नसरीन समेत लोगों के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट में रिपोर्ट दर्ज की है। मुकदमा युवती की मां की तहरीर पर लिखा गया है।

थाना कटघर क्षेत्र निवासी महिला के अनुसार पड़ोस में रहने वाला शानिब उसकी बेटी को काफी समय से परेशान कर रहा था। शिकायत पुलिस में की तो चौकी पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। इसके बावजूद आरोपी की हरकतें बंद नहीं हुई। 3 फरवरी को शाम 6 बजे जब उसकी बेटी गली से गुजर रही थी तो शानिब ने बहनोई मूंढापांडे के गांव करनपुर निवासी यूनुस के साथ मिलकर उसे अपने घर में खींचकर छेड़छाड़ व अश्लीलता की। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूट करवह घर पहुंची। आरोप है कि कुछ देर बाद शानिब अपने बहनोई यूनुस, पत्नी नसरीन व चार-पांच अज्ञात लोगों के साथ लाठी-डंडा लेकर घर में घुस आया और मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि पुलिस में शिकायत करने पर उल्टा उन्हें ही धमकाया। कोर्ट की शरण ली, जहां से एफआईआर के आदेश हुए। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी शानिब, बहनोई यूनुस, पत्नी नसरीन और चार-पांच अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
**UG Programs**
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)

**PG Programs**
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH

Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


## बिना बताए गिरिजा देवी गई किशोरी, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी बीते शुक्रवार की शाम चार बजे बिना बताए गिरिजादेवी घूमने चली गई। पिता का आरोप है कि धर्मवीर नाम का युवक उसे बहलाफुसला कर अपने साथ ले गया है। आशंका जताई कि धर्मवीर बेटी के साथ अनहोनी कर सकता है। इस संबंध में थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी धर्मवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### कैंडल मार्च से दी विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ सपा नेता राजेश यादव के नेतृत्व में शनिवार को आशियाना कॉलोनी में विमान दुर्घटना में मृतकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मृतकों के परिवार वालों के प्रति संवेदना जताकर ईश्वर से उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। लोगों ने हादसे में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि देने वालो में तुंगीश यादव, जयपाल सिंह सैनी, मनी यादव, चंद्रपाल सिंह, डीपी सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेश भटनागर, राजवीर सिंह, प्रमोद त्यागी, कमल सिंह, भोजपाल सिंह, विनय सिंह चौहान, सोमपाल यादव, देवेंद्र सिंह, इकबाल नेता आदि शामिल रहे।

### मृतकों की आत्मा की शांति को किया यज्ञ



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के मंडी बांस स्थित महिला आर्य समाज में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। जिसके बाद मंत्री प्रीता आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया।सत्संग में अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में असमय कालकलवित हुए भारतीय व विदेशी नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति व सद्गति हेतु प्रार्थना की। इस दौरान प्रीता आर्य, रमा आर्य, मनु आर्य, शिखा आर्य, पूनम आर्य, साधना आर्य, सुमनलता, सारिका आर्य व पूनम रस्तोगी शामिल रहे।

### विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में शनिवार को दर्दनाक विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय परिवार ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभागार में मौजूद सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना प्रकट की। शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं हमें यह सिखाती हैं कि हमें हर क्षण को मूल्यवान समझते हुए सकारात्मक और संवेदनशील जीवन जीना चाहिए।

### कल तक उपलब्ध नहीं कराईं फाइलें तो होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आयुष्मान योजना के तहत यूनिक अस्पताल को नियम विरुद्ध तरीके से हुए 52 .83 लाख रुपये के भुगतान की जांच जारी है। जांच अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन को 286 सर्जरी की फाइलें सोमवार तक सीएमओ कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए कहा है। इसके बाद भी अगर अस्पताल प्रबंधन की ओर से आनाकानी की जाती है तो कार्रवाई होगी। जांच में स्वास्थ्य विभाग व सांचीज संस्था की चार सदस्यीय टीम वर्ष 2023 में आयुष्मान योजना के अंतर्गत हुई 280 सर्जरी फाइलों का रिकॉर्ड निकालने में लगी है। अस्पताल की ओर से ये फाइलें नहीं दिखाई जा रहीं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने पहले गुरुवार को दोपहर 12 बजे तक समय देकर ये फाइलें सीएमओ कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए कहा था। जिसे अस्पताल प्रबंधन की ओर से नजरअंदाज कर दिया गया। इसके बाद शुक्रवार को फाइलें भेजने के लिए कहा लेकिन जांच में प्रबंधन की ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है। सीएमओ डॉ . कुलदीप सिंह ने बताया कि टीम ने 2025 में हुई सर्जरी की फाइलें कब्जें में ले ली हैं।

# फर्जी आईडी से देश विरोधी पोस्ट करने का आरोपी पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवतियों को बरगलाता था
- मोबाइल से कई संदिग्ध नंबर मिले, अन्य की तलाश

**अमृत विचारः** एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि इंस्टाग्राम पर मुरादाबाद 8988 नाम से एक आईडी बनी है। इस आईडी के जरिए देश विरोधी पोस्ट, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मकसद से पोस्ट की थी। जानकारी पर साइबर सेल ने जांच पड़ताल की। जिस मोबाइल पर एक आईडी संचालित हो रही थी। पुलिस ने उसे ट्रेस कर सिविल लाइंस के चक्कर की मिल निवासी रागिब को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि हैदरी दल नाम से आईडी बनाई थी। इसके बाद आईडी का नाम बदलकर मुरादाबाद 8988 कर लिया। फर्जी आधार कार्ड बना फेसबुक-इंस्टाग्राम पर हिंदू लड़कियों से दोस्ती की। आरोपी ने पूछताछ में कबूला कि उसका मकसद देश में दंगा करना व हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर उनका धर्म परिवर्तन कराना है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से उसने दोस्ती कर बातचीत कर उसे हिंदू धर्म के खिलाफ भड़काना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे धर्म परिवर्तन के लिए राजी कर लिया था। आरोपी ने बताया कि उसके ग्रुप में कई लोग जुड़े हैं। यह सभी लोग अभियान चलाकर हिंदू लड़कियों से दोस्ती करते हैं। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपी के मोबाइल से कई संदिग्ध नंबर मिले हैं। जिसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**NOTICE**
Regarding house situated moh. Holiwala rajput colony hasanpur. Original sale deed regd.dt. 20.01. 2010 s.no 700 has been lost. The use of document shall be illegal whose found it please inform us. Above property will be mortgage with S.B.I (15487). Smt. Rajkumari w/o Ramveer Singh r/o moh. Holiwala rajput colony Hasanpur

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230619457 का प्रमाण पत्र- सह- अंक पत्र खो गया है। दीपांशु पुत्र दिनेश कुमार केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**आज का मौसम**

धूप व हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है।

37.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:14

## एक नजर

### छुरा मारने में तीसरा आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने एक युवक को छुरा मार कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। थाना कांठ के ग्राम सलेमपुर निवासी युसूफ खान के पुत्र अयान को तीन दिन पूर्व तीन लोगों ने मारपीट कर छुरा मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। थाना कांठ पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दो लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया था। नामजद अभियुक्त शरीफ उर्फ सलीब पुत्र इकरार फरार चल रहा था। पुलिस उप निरीक्षक राहुल कुमार ने शनिवार को तीसरे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### चार भाइयों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला गुलाब बाड़ी निवासी सुहेल ने चार भाइयों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी शहनाज, अंशु, बिलाल व रिहान पुत्र नजाकत के खिलाफ लाठी-डंडों से पीटकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस ने दूसरे पक्ष का भी सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

### कल गुल रहेगी बिजली

**बिलारी, अमृत विचार :** 33 केवीए बिजली घर सफीलपुर में 16 जून को बिजलीघर की क्षमता वृद्धि के लिए 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य सवेरे 9 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। जिसकी वजह से आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी उपखंड अधिकारी रुस्तम नगर सहसपुर ने दी।

### राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में बने बाढ़ राहत केंद्र में 200 लोग ले सकते हैं शरण

# एडीएम ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण, व्यवस्थाएं देखीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीएचसी में दवा स्टॉक का किया रैंडम सत्यापन

**अमृत विचार :** सदर तहसील के मूंढापांडे विकास खंड के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में समय से पहले तैयारियों को सुनिश्चित कराने के लिए शनिवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने मूंढापांडे क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मूंढापांडे में राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में बने बाढ़ राहत केंद्र में पहुंच कर व्यवस्था देखी।

बताया गया कि इस कॉलेज में बाढ़ की स्थिति में प्रभावित 200 लोगों को ठहराने की व्यवस्था है। उन्होंने कॉलेज में बिजली, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था देखकर संतोष जताया। सदर तहसीलदार ने बताया कि मूंढापांडे ब्लॉक में बाढ़ पूर्व तैयारी के क्रम में 12 राहत शिविरों को चिह्नित कर मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने हवाई पट्टी के पास स्थित पीएचसी मूंढापांडे का भी औचक निरीक्षण किया। आपातकालीन सेवाओं के लिए स्पेशल वार्ड, दवाओं का स्टॉक सत्यापन और अग्निशमन व्यवस्था देखी। स्पेशल वार्ड में भर्ती मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछा। अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से नियमित फायर आडिट का निर्देश भी दिया। अस्पताल में उपलब्ध फायर डिस्टिनगयूशर की जांच भी की। प्रभारी चिकित्साधिकारी को आउट डेटेड/एक्सपायरी डेट वाली दवाओं को स्टॉक से हटवाने का निर्देश दिया। कहा कि जल-जमाव वाले क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सुनिश्चित कराएं। बाढ़ आने पर आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित कराने को कहा। दवा स्टॉक के रैंडम जांच में पैरासिटामॉल 1.76 लाख टैबलेट, एजिथ्रोमाइसिन 500 एमजी 5200, एलबेंन्डाजॉल 3800, एन्टीवेनम इंजेक्शन 70, एन्टी रैबीज 232 पाया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह, तहसीलदार सदर राज कुमार, नायब तहसीलदार सूरज प्रताप सिंह, रामपाल एवं हरफुन सिह, पप्पू सिंह राणा के अलावा क्षेत्रीय लेखपाल भी उपस्थित रहे।


क्षेत्रों का भ्रमण कर जानकारी लेतीं एडीएम वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय।

### टीम भावना के साथ कार्य करने का संदेश

एडीएम ने तहसील स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। तहसीलदार सदर को लापरवाही करने वाले कर्मियों को चिह्नित करने और सभी लेखपालों को क्षेत्र में ग्राम प्रधान व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने और ग्रामीण आपदा प्रबंधन समितियों के सुझाव पर अमल करने का निर्देश दिया।

### हादसे की ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अगवानपुर सराय फारूख निवासी लोकेंद्र सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता विक्रम सिंह 10 जून की सुबह मजदूरी करने साइकिल से मुरादाबाद गए थे।

अगवानपुर बाईपास पर ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। बताया कि पिता दिल्ली रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती है और उनका उपचार चल रहा है।

थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# चकरोड, जमीन के विवाद गंभीरता से निपटाएं

## बिलारी कोतवाली में संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें, 17 शिकायतों में से चार निस्तारित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार व सीओ राजेश कुमार तिवारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जिसमें चक रोड, भूमि पैमाइश समेत अन्य विवादित शिकायतों को गंभीरता से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

शनिवार को बिलारी कोतवाली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें राजस्व व भूमि पैमाइश, अवैध कब्जे, चकरोड के अलावा पुलिस संबंधी रहीं। जिसपर एसडीएम ने गंभीरता से निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। दिवस में कुल 17 शिकायतें दर्ज की गई। चार का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों और पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी हाल में पुराने विवाद लंबित नहीं रहने चाहिए। शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर निस्तारण कर दोनों पक्षों को संतुष्ट करें। अवैध कब्जा भूमि पैमाइश और चक रोड की शिकायतों को गंभीरता से लें। सीओ राजेश कुमार तिवारी ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि थाने पहुंचे पीड़ित की बात को ध्यान से सुन निस्तारण करें। इस दौरान कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा, अपराध निरीक्षक जयदेव सिंह यादव के अलावा तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**ठाकुरद्वारा:** नगर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में एसडीएम प्रीति सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान 1 शिकायत दर्ज की गई जिसका निस्तारण नही हो सका। वही अन्य फरियादी की समस्या सुनकर आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। इस दौरान कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह एसएसआई ब्रजेंद्र सिंह, लेखपाल राधेश्याम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे


कोतवाली में शिकायतें सुनते एसडीएम विनय सिंह, सीओ राजेश कुमार तिवारी।

### अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर हटवाएं कब्जे



**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ में आयोजित समाधान दिवस में 6 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने मौजूद राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद संबंधित विभाग निस्तारण करें। किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। तहसीलदार कांठ अंजली सिंह ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का मौके पर जाकर जांच करने के बाद पारदर्शी के साथ निस्तारण करें। भूमि संबंधित विवादों में नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए और ग्राम समाज की भूमि तथा सार्वजनिक चक रोड पर अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनसे अवैध कब्जे हटवाए जाएं और सुलह समझौते के आधार पर सहमति से विवादों का निस्तारण किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव, क्षेत्र के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन श्रद्धालु मंत्र मुग्ध

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज की खोकर तालाब पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में पंडित बलराम कृष्ण शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव का मनोहारी वर्णन किया। कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथावाचक ने देवकी विवाह से लेकर श्री कृष्ण जन्म का वृतांत सुनाया। कंस की चचेरी बहन देवकी का विवाह वासुदेव के साथ होता है |जिस समय कंस बहन को विदा करते है उसी समय आकाशवाणी होती है कि देवकी की संतान तेरा काल होगी। क्रोधित कंस उसकी हत्या करने को बढ़ता है तभी वासुदेव होने वाली संतान उसे सौंपने का वचन देते हैं। कंस दोनों को कारागार में डाल देते हैं और होने वाली संतानों की हत्या कर देते है। यह देख विष्णु भगवान माया रचते है। देवकी की आठवीं संतान होने से पूर्व कारागार के बाहर पहरेदार बेहोश हो जाते हैं। घनघोर वर्षा के बीच देवकी कृष्ण को जन्म देती हैं। माया के तहत वासुदेव रातों-रात कृष्ण को यमुना पारकर नंद व यशोदा की गोद में दे देते हैं और यशोदा के यहां जन्मी कन्या को देवकी की गोद में पहुंचा देते हैं। सवेरे होने पर कंस कन्या का वध करने को बढ़ता है तभी कन्या आसमान में उछल जाती है और कहती है कि तुझे मारने वाला वृंदावन में पैदा हो चुका है। कार्यक्रम में बाबा दिनेश गिरी महाराज, पंडित विनित शर्मा, अशोक कुमार, राम सिंह रविंद्र कुमार राणा, मेघनाथ सिंह, , संजय सिंह, अवधेश कुमार, प्रेम सिंह, नरेश सिंह चौहान, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### विमान हादसाः कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

**ठाकुद्वारा, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विमान हादसे में दिवंगतों की याद में कैंडल मार्च निकाला। कांग्रेसियों ने 2 मिनट का मौन रख मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मार्च कार्यवाहक नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी के नेतृत्व में निकाला गया। जो राजीव मार्केट से बाजार गंज, पुरानी सब्जी मंडी, शगुन तिराहा, बुध बाजार, कोतवाली रोड से होता हुआ तहसील गेट तक पहुंचा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की कामना की। इस दौरान संजीव सिंघल, अनुज, लरेव मंसूरी, हाजी याकूब कुरैशी, हाजी मुस्तकीम, डॉ हनीफ, महबूब कुरैशी, रहीश, लियाकत अली, नजीर अहमद, शोएब अख्तर, नावेद सिद्दीकी, आदि मौजूद रहे।

### वैश्य सभा की बैठक में आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत



**कांठ, अमृत विचार :** शनिवार को वैश्य धर्मशाला कांठ के प्रांगण में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें 2023-24 एवं 2024-25 की आय-व्यय का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल के द्वारा प्रस्तुत किया गया। चुनाव अधिकारी सुभाष चंद्र माहेश्वरी ने चुनाव कार्यकारिणी का एक वर्ष के लिए गठन किया। जिसमें केवल एक परिवर्तन हुआ राकेश चंद अग्रवाल के स्वर्गवास हो जाने पर उनके स्थान पर दिव्यांश अग्रवाल का सदस्य कार्यकारिणी हेतु चयन किया गया। शेष कार्यकारिणी गत वर्ष के अनुसार ही रही। जिसका समस्त सदन ने ध्वनि मत से समर्थन किया। अंत में वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभा के बाद अहमदाबाद हवाई जहाज दुर्घटना पर सभा ने 2 मिनट का शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर, मोहित माहेश्वरी, संजय भार्गव, मुकेश माहेश्वरी, शैलेश गुप्ता, विपिन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, विनोद भार्गव, दीपक मित्तल, संजीव गुप्ता, सुनील अग्रवाल, अभय माहेश्वरी, राजीव अग्रवाल, अवधेश चंद माहेश्वरी, सुशील मणि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी नियुक्ति में फर्जीवाड़े का आरोप

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव गुलडिया माफी निवासी फहीम अहमद ने एसडीएम ठाकुरद्वारा को लिखित शिकायत देकर बताया कि आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के दौरान ग्राम पंचायत सिहाली खादर से पत्नी सोफिया परवीन ने आवेदन किया। पड़ोसी गांव गुतावली निवासी विधवा नसीम जहां ने भी भर्ती के लिए आवेदन किया। फहीम अहमद ने बताया कि मेरी पत्नी सोफिया परवीन की शैक्षिक योग्यता नसीम जहां से अधिक है व भर्ती प्रक्रिया के सभी दस्तावेज मानक अनुसार पूर्ण है। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों ने नसीम जहां से रिश्वत लेकर गलत तरीके से नियुक्ति पत्र सौंप दिया। पूरे प्रकरण की जांच की मांग की है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना अधिकारी डिलारी राजेश कुमार से बातचीत की गई उन्होंने बताया कि मेरी जानकारी में नहीं है।

### दूसरी शादी कर पहली पत्नी को मारपीट कर निकाला

**छजलैट, अमृत विचार :** पहली पत्नी द्वारा शिकायत करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर पहली विवाहिता को भगा दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। राहेमीन की शादी थाना क्षेत्र के ग्राम सलावा खेड़ा निवासी मुकर्रम पुत्र मरहूम अख्तर के साथ 19 वर्ष पूर्व हुई थी, जो राहेमीन को आए दिन प्रताड़ित करता रहता था। इसी बीच उसके पांच बच्चे हो गए। तीन माह पूर्व कराए गए फैसले के अनुसार विवाद समाप्त करने का आश्वासन दिया था। फैसले के अनुसार पति पत्नी को बुलाने ससुराल नहीं आया। पीड़िता को जब पता लगा कि उसने दूसरी शादी कर ली तो वह शुक्रवार को ससुराल गई, तब उन्होंने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने ससुराल पक्ष के पांच आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

### फर्जी केस में फंसाने की धमकी व वसूली का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली में तैनात एक कांस्टेबल द्वारा फर्जी केस लगाकर अवैध वसूली करने के मामले में नगर निवासी एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। नगर के वार्ड 14 मोहल्ला मीना बाजार निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र रहीम ने पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। कोतवाली में तैनात एक पुलिसकर्मी गरीबों को डरा धमका कर फर्जी केस लगाने की धमकी देकर अवैध वसूली करता है। रुपये नहीं देने पर मादक पदार्थ में बंद कराने की धमकी देता है। 11 जून की शाम 5:00 बजे ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर आरोपी सिपाही आया और गाली गलौज शुरू कर दी। कहा कि रुपये नहीं दिए अब तुझे नशीले पदार्थ व तमंचे में जेल भेजूंगा। इस दौरान लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने विरोध किया तो उसे मारपीट कर जेब में रखे 10 हजार रुपये जबरन छीन कर ले गया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कहा कि पुलिस कर्मी की जांच करा कर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई कराई जाए।

### छोटा हाथी ने बाइक में मारी टक्कर, महिला गंभीर घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी हरस्वरूप बाइक द्वारा पत्नी शांति के साथ छजलैट से दवाई लेकर घर जा रहे थे। छजलैट तिराहे पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे छोटा हाथी ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में शांति गंभीर रूप से घायल हो गई। चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। निजी अस्पताल में घायल महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। थाना छजलैट पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया। हरस्वरूप ने थाना छजलैट में तहरीर दी।

# मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर चुनौती का किया सामना

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के लक्ष्मण सरस्वती शिशु मंदिर में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर संकल्प सभा का आयोजन हुआ।

शनिवार को हुई सभा में मुख्य अतिथि कमल प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के मार्ग पर प्रगति की है। उनके मजबूत नेतृत्व में भारत ने हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखाया है। जवानों की वीरता से सीमाएं सुरक्षित है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। हम सभी का यह साझा संकल्प है कि हम एक नए आत्मनिर्भर, सुरक्षित व सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इस दौरान मुख्य वक्ता आदित्य शंखधार जिला संयोजक आईटी विभाग, मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, अमित चौधरी, पंकज चौहान, सुमित गुप्ता, शकील अहमद, दिनेश प्रजापति, डॉ विश्वास शर्मा, डॉ राजीव सैनी, मनोज चौधरी, निहाल सिंह लाठर, राकेश यादव, किशन लाल प्रजापति, वीरपाल कोहली, उदय राज सिंह, विक्रम सिंह, शरीफ अहमद, त्रिलोक चंद्र, अनिल कुमार, मनोज कुमार, अजय ठाकुर, रामनिवास शर्मा आदि उपस्थित रहे।


बैठक में बोलते मुख्य अतिथि कमल प्रजापति व मौजूद अन्य। ● अमृत विचार

### संकल्प सभा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



**कांठ, अमृत विचार :** शनिवार को कांठ मंडल की संकल्प सभा में केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियां बताई गईं। मुख्य अतिथि विधायक चौधरी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने देश में चौमुखी विकास किया है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, सत्यवान सिंह राजपूत, कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, मुकेश महेश्वरी, चौधरी विक्रांत सिंह, चंचल पाल, जीतू वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, सचिन कुमार बंटी, गौरव बिश्नोई, अंबरीश शर्मा, मनीष चौहान, राजपाल सिंह प्रजापति, प्रमोद कुमार, बलवंत सिंह, सर्वेश पाल, सुनील चौहान, चौधरी पुष्पेंद्र सिंह, निमेष कश्यप, नेपाल सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर स्थित कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र चौधरी, मुख्य अतिथि बैंक के चेयरमैन विजय भान व भानू प्रताप जिला मंत्री, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ संयोजक चौधरी हुकम सिंह ने केंद्र सरकार की 11 सालों की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंचल चौधरी मंडल अध्यक्ष छजलैट ने की। इस अवसर पर सुमित दिवाकर, गन्ना समिति के डायरेक्टर गौरव चौधरी, सुशील चौधरी, अखिलेश बिश्नोई, संजीव चौधरी, विश्वेश्वर प्रसाद शर्मा, सोमवीर सिंह, सिम्मी, बंटी ढाका, सुमन लता, पुष्पेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, सुभाष सिंह, प्रदीप कुमार, सुरेश बिश्नोई, सुखबीर सिंह, अनिल, कुमार हरकेश सिंह, सतनाम, रिछपाल, विक्रम, संजय कुमार, मोतीराम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधान ने लेखपाल पर लगाया आरोप, पुलिस के सामने नोकझोंक

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में दो प्रधानों समेत 13 ग्रामीणों ने चकरोड व जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश नही होने पर गांव रानी नांगल के प्रधान व हल्का लेखपाल में नोकझोंक हो गई।

एसएसआई महेश कुमार मलिक की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गांव रानी नांगल के प्रधान नबाव अली ने लेखपाल पर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त नही कराने का आरोप लगाया। प्रधान का कहना है कि गांव में संचालित गोशाला में 300 गोवंशीय पशु है। सरकारी जमीन पर कब्जा होने की वजह से पशुओं को हरा चारा खरीदकर खिलाया जा रहा है। जबकि वहां हरा चारा उगाकर पशुओं को खिलाया जा सकता है। शिकायत करने के बाद भी लेखपाल राजकीय जमीन की पैमाइश कर ग्राम सभा की सुपुर्दगी में नहीं दे रहीं हैं। इसे लेकर लेखपाल व प्रधान में नोकझोंक हो गई। पुलिस ने हस्तक्षेप कर दोनों को शांत किया।

उधर गांव हटहट के तय्यवअली ने पड़ोसी पर खेत की मेढ़ काटने, इरफान अहमद ने फुरकान पर जमीन पर कब्जा करने, अब्दुल हफीज ने चकरोड से कब्जा हटाने, सुरेश व हनीफ ने तालिम पर चकरोड की मिट्टी बेचने, कृष्ण पाल ने चकरोड पर कब्जा करने, गिरीश, संजय, अफसाना शमसुद्दीन व सुनीता ने पड़ोसियों पर चकरोड पर कब्जा करने को लेकर प्रार्थना-पत्र दिए।


पुलिस के सामने बहस करते प्रधान व लेखपाल।




### दो भाइयों से मारपीट, चार पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैलून पर काम करने वाले युवक ने चार भाइयों पर मामूली बात पर उससे मारपीट करने और उसे बचाने आए भाई पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना नागफनी क्षेत्र के तहसील स्कूल निवासी सुहेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने भाई के साथ काठ दरवाजे के पास एक सैलून पर काम करता है। बीते शुक्रवार को उसका भाई किसी काम से गया हुआ और वह एक ग्राहक के बाल काट रहा था। इसी बीच थाना मुगलपुरा के वारसी नगर निवासी फैज भी बाल कटवाने पहुंचा। जिस पर पीड़ित ने उससे इंतजार करने को कहा। आरोप है कि इस बात पर फैज भड़क गया और उसने अपने भाई मोईन, अदनान व जुनैद के साथ मिलकर उसे बुरी तरह मारापीटा। इस बीच उसका भाई बचाने आया तो आरोपियों ने किसी धारदार हथियार से उस पर वार कर दिया। मारपीट में दोनों भाई घायल हो गए। थाना नागफनी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### तनाव को कम करता है अनुलोम-विलोम

**भोजपुर, अमृत विचार :** शनिवार को राजकीय महाविद्यालय में निर्धारित थीम योगा बार वन अर्थ वन हेल्थ के कार्यक्रम की श्रृंखला में आसन शीर्षक के अंतर्गत अनुलोम-विलोम योग द्वारा किस प्रकार श्वसन अंगों को होने वाले लाभ एवं रोगो से मुक्ति मिलने के बारे में जानकारी दी गई। वंदना भारती ने शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया कि यह आसन पूरे शरीर में शुद्ध आक्सीजन की आपूर्ति को बढ़ाता है। हृदय, फेफड़े, मांसपेशियों एवं पाचनतंत्र को दुरुस्त रखता है। तनाव और चिंता को दूर करके कार्य क्षमता को बढ़ाता है। तनाव के हार्मोन कार्टिसोल के लेवल को कम करके मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखता है। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने की।

# विकसित भारत हर नागरिक के सपनों और उम्मीदों का प्रतिबिंब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रामगंगा विहार मंडल में भाजपा ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को रामगंगा विहार मंडल के आरआरके स्कूल में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि

विकसित भारत सिर्फ एक योजना नहीं है एक सपना है। ऐसा सपना जिसका मतलब केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि देश के हर नागरिक सपनों का और उम्मीदों का प्रतिबिंब है।

इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि महापौर व पार्टी के वरिष्ठ नेता केके मिश्रा ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष रोहन सैनी व संचालन मंडल महामंत्री योगेश गुप्ता ने किया।

अतिथियों ने कहा कि विकसित भारत मिशन 140 करोड़ भारतीयों का है। नारी शक्ति विकास की परिधि से निकलकर केंद्र में आई मध्यम वर्ग को रोजमर्रा की जिंदगी में सम्मान मिला और साहसिक सुधारों ने व्यापार को नई ऊंचाई दी। केके मिश्रा ने कहा कि जी 20 की अध्यक्षता भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है। भारत अब ग्लोबल एजेंडा सेट करने वाला देश बन चुका है। इस दौरान पार्षद सुरेंद्र बिश्नोई, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, हर्षवर्धन शर्मा, शशि किरण, सुनीता शर्मा, मंडल महामंत्री योगेश गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष रोशन सैनी, मयंक कश्यप, विजय वर्मा, विशाल अग्रवाल, अनूप मल्होत्रा, पिंकू गुप्ता, अर्चित गुप्ता, अनुज शर्मा, पुनीत गुप्ता, टीटू सैनी, नीरज शर्मा, दिनेश गोला, रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### धार्मिक भावना आहत करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहबाद, अमृत विचार :** आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। उसके बाद कानूनी कार्रवाई कर दी है। शाहबाद पुलिस को सूचना मिली कि बंटी कुमारी नाम की फेसबुक आईडी से प्रभु श्रीराम से संबंधित एक धार्मिक भावना को आहत करने वाली पोस्ट डालकर डाली थी। इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावना को आहत किया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दिलीप निवासी ग्राम मंगोली थाना शाहबाद का पता लगाया। इसके बाद शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की।

### करंट की चपेट में आए मजदूर की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव का है। गांव निवासी नरेश उम्र 28 वर्ष राजमिस्त्री के साथ मजदूरी का कार्य करता था। 5 दिन पूर्व गांव में ही छत पर मसाला देने के दौरान मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया था। गंभीर रूप से घायल मजदूर को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। शनिवार की शाम इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई।

# अलग-अलग हादसों में 4 लोगों की मौत

## रात में छत से उतरते समय नीचे गिरने से नेतराम की हुई मौत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** छत पर सो रहा मजदूर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार को लेकर जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

पीलीभीत जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव मेहताब नगर निवासी नेतराम (35) पुत्र लाखनलाल अपने कुछ साथियों के साथ तहसील क्षेत्र में धान की रोपाई के लिए मजदूरी के लिए आया था। यहां सभी लोगों ने सर्किल क्षेत्र के गांव सैंजना में मकान किराये पर ले लिया और वहां से रोजाना मजदूरी के लिए जाने लगे। शुक्रवार रात सभी लोग भीषण गर्मी के चलते मकान की छत पर सो रहे थे। इसी बीच रात में नेतराम को प्यास लगी और वह पानी पीने के लिय उठा तथा छत से नीचे जाने का प्रयास करने लगा। छत से नीचे उतरते समय नींद में होने की वजह से अचानक नेतराम का पैर फिसल गया और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर अन्य लोग भी जाग गए तथा मौके पर ग्रामीणों सहित लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में घायल को निजी चिकिसक के पास लेकर जाया गया। मगर उसकी स्थिति गंभीर देख चिकित्सक ने रेफर कर दिया। बाद में घायल को इलाज के लिए हायर सेंटर ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बाद में उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि अभी इस संबंध में कोई तहरीर नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**मिलक, अमृत विचार :** थाना स्वार के पुसवारा गांव निवासी 50 वर्षीय महिपाल अपनी पत्नी प्रवेश के साथ चार दिन पहले रेवड़ी निवासी साढू के घर पर गए थे। शुक्रवार को दोनों पति-पत्नी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। शाहबाद से रामपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित किरा गांव के समीप रात आठ बजे डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरने से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया। हादसे की खबर मिलने के बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार सुबह बाइक चालक महिपाल की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी और तीन पुत्र हैं। हल्का दरोगा विनोद यादव ने बताया कि बाइक को डंपर ने टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया था। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क हादसे में किशोर की मौत, दो घायल

**बिलासपुर/केमरी, अमृत विचार :** शुक्रवार रात सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे 3 किशोरों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें ग्राम पिपलिया रायजादा निवासी 16 वर्षीय शिवा की मौत हो गई। जबकि दो साथी घायल हो गए।

शुक्रवार रात आठ बजे क्षेत्र के ग्राम पिपलिया रायजादा निवासी सूरजपाल का बेटा शिवा गांव के राजवीर व नितिन के साथ ग्राम हलुनागर निवासी दोस्त के यहां जा रहे थे। ग्राम डंडिया से हलुनागर जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे खड़े होकर तीनों वाहन का इंतजार कर रहे थे। लोगों के अनुसार अज्ञात वाहन ने तीनों के टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों घायल हो गए। तीनों को मिलक सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। राजवीर, नितिन को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शिवा के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

### दढ़ियाल के युवक की बिहार में हादसे में मौत

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** नगर के युवक की बिहार में सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पाकर परिजन बिहार रवाना हो गए।

मोहल्ला मोती मस्जिद निवासी अता उर्रहमान का (30) वर्षीय बेटा वफा उर्रहमान बिहार के पूर्णिया जिले के बसई गांव में मुरादाबादी बिरयानी होटल संचालित करता था। शनिवार शाम को दो दोस्तों के साथ होटल का सामान लेने बाजार जा रहा था। कुछ दूरी पर डंपर की चपेट में आने के कारण बाइक सवार तीनों दोस्त घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पाकर परिजन बिहार के लिए रवाना हो गए। मृतक अपने पीछे एक लड़की को छोड़ गया है।





स्वार में गांव के रास्ते पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# ग्रामीणों ने मिट्टी से भरे डंपरों को रोककर किया हंगामा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** गांव शिकारपुर के मुख्य रास्ते से खेतों से खनन कर मिट्टी भरकर ले जा रहे डंपरों को ग्रामीणों ने रोक लिया और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने गांव से होकर डंपरों के निकलने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

परमीशन की आड़ में तहसील क्षेत्र के खेतों से जेसीबी मशीन से अवैध खनन कर डंपरों से जगह-जगह पटान किया जा रहा है। खेतों से अवैध खनन करने की शिकायत करने पर अधिकारी भी मौके पर पहुंचते हैं। खनन को रुकवा भी देते हैं। प्रशासन की क्लीन चिट मिलने के बाद अगले दिन परमिशन की आड़ खनन पुनः शुरू कर दिया जाता है। शिकारपुर गांव में मिट्टी के भरे ओवरलोड वाहनों के आवागमन से ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के जंगल से डंपरों और जेसीबी से मिट्टी का उठान किया जा रहा है। जिसे ओवरलोड डंपरों के जरिए कच्चे और पक्के रास्तों से निकाला जा रहा है। शनिवार को ग्रामीणों ने डंपरों को रोककर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कच्चे रास्ते बारिश में खराब हो जाएंगे। ग्राम प्रधान फरहान अहमद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खनन कारोबारी से बातचीत की। उन्होंने मांग की रास्तों का रखरखाव और जनसुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो सख्त कदम उठाएंगे। हंगामा करने वालों में नईम अहमद, सलीम अहमद, फिरासत अली, खुर्शीद अहमद, जलील अहमद रहे।

### पुलिस ने 10 वारंटी पकड़े, भेजा जेल

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले भर की पुलिस ने अभियान चलाकर 20 वारंटियों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से कोर्ट ने सभी वारंटियों को जेल भेज दिया।

एसपी विद्या सागर मिश्र के निर्देश पर फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। शनिवार को अजीमनगर पुलिस ने आरोपी शमी, अजीम, गुलफाम को मकान से गिरफ्तार किया। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने विजय कश्यप निवासी ग्राम मंसूरपुर आर्म्स एक्ट के मामले में मकान से गिरफ्तार किया। केमरी पुलिस ने ज्ञान प्रकाश निवासी ग्राम हल्दुआ सुखवीर निवासी हरैय्याकला को मकान से गिरफ्तार किया। शाहबाद पुलिस ने रतिराम निवासी ग्राम भगवंतपुर चौराहे से पकड़ा। स्वार पुलिस ने अकरम को गिरफ्तार किया। थाना भोट पुलिस ने अली हसन मुर्शीद को गिरफ्तार किया। थाना टांडा पुलिस ने अकबर अली निवासी कच्ची मस्जिद दढ़ियाल को गिरफ्तार किया।

# दुकानदारों ने सड़क किनारे बनीं दुकानों को ढहाया

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** स्वार-बाजपुर मार्ग से चौड़ीकरण के लिए रविवार को अतिक्रमण हटेगा। शनिवार को फिर एसडीएम और कोतवाल ने अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमण तोड़ने पर दबाव बनाया। जिससे लोगों ने कई दुकानें गिरा दीं।

शनिवार को स्वार एसडीएम अमन देओल, कोतवाल प्रदीप मालिक, चौकी इंचार्ज अजय कुमार, शुक्ला डलवाल के साथ नरपतनगर और बिजारखाता पहुंचे। उन्होंने अतिक्रमणकारियों से अपना अतिक्रमण हटाने के लिए दबाव बनाया। चेतावनी देते हुए अधिकारियों ने कहा कि 16 जून को किसी के साथ भी रियायत नहीं दी जाएगी। मशीनों से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाएगा। चेतावनी के बाद अतिक्रमण की जद में आई दुकानों को दुकानदारों ने खुद ही हटाना शुरू कर दिया। इसमें मकान और कई दुकानें शामिल हैं।



बिजारखाता में दुकानें तोड़ते ग्रामीण।



अवैध निर्माण गिराती जेसीबी। ● अमृत विचार

- अतिक्रमण हटाने के लिए बनाया जा रहा था दवाब
- 16 जून के बाद अतिक्रमण को कभी भी तोड़ने की चेतावनी

एसडीएम अमन देओल ने बताया कि 50 फीसदी अतिक्रमण हट चुका है, 16 जून को पक्के भवनों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इससे सड़क के चौड़ीकरण में आसानी होगी।

### छितौनी मार्ग पर अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

**रामपुर/सैफनी, अमृत विचार :** शनिवार को प्रशासन ने कब्जेदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। छितौनी मार्ग स्थित सरकारी जमीन पर किए अवैध निर्माण को प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में जेसीबी द्वारा ध्वस्त कराया। जानकारी के अनुसार सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर रखा था। उस पर पक्के निर्माण भी कर लिए थे। मामले की शिकायत पहले भी संबंधित विभागों से की गई थी, जिस पर तहसील प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जांच कराई। जांच में जमीन को सरकारी भूमि पाया गया। कब्जे को अवैध घोषित किया गया। प्रशासनिक टीम ने अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया।

# गोवंश के अवशेष फेंकने में ग्राम प्रधान समेत 3 पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

- गोवंश की हत्या पर विहिप के पदाधिकारियों ने किया हंगामा
- ग्रामीण ने मामले में दर्ज कराई थी रिपोर्ट, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** गोवंश का वधकर उसके अवशेषों को कट्टे में भरकर कुल्ली नदी किनारे फेंकने के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत 3 व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव इटंगा बैरमनगर रिंकू गंगवार द्वारा थाना खजुरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि अक्सर गांव में गोवंशीय पशु घूमते रहते है, जिसमें एक पशु के न दिखने गांव के लोगों ने ढूंढने शुरू किया। शुक्रवार शाम कुल्ली नदी किनारे पशु के अवशेषों से भरा कट्टा मिलने से हड़कंप मच गया। आरोप लगाया कि 13 जून को गांव के शहजादे की बेटी की शादी थी। जिसमें ग्राम प्रधान नसीब खां द्वारा गोवध कराने के बाद मांस शादी में परोसा गया। बाद में उसके अवशेषों को कट्टे में भरकर नदी किनारे फेंक दिया। वध के बाद पशु के अवशेषों के मिलने पर शुक्रवार रात में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जिला सहमंत्री विजय कोली और नगराध्यक्ष प्रमोद दिवाकर के नेतृत्व में थाने पहुंचे। जहां पर कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने थाने का घेराव किया था। इसके बाद थाने के गेट पर धरने पर बैठकर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया था। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान नसीब खां, कदीर व मोहसिन के संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### थाने के सामने चाय विक्रेता को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाने के सामने शनिवार सुबह चाय वाले के साथ राजमा-चावल बेचने वाले ने ठेला हटाने को लेकर गाली-गलौज कर दी। उसके बाद पिटाई शुरू कर दी।

लोगों को आरोप है राजमा चावल विक्रेता प्रतिदिन लोगों को परेशान कर रहा है। डीएम के आदेश पर शहर को सौंदर्यीकरण करने का कार्य चल रहा है। पालिका द्वारा सालों से बनी पक्की दुकानों पर बुलडोजर चलवाया जा रहा है। सिविल लाइंस थाने के सामने लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। शनिवार को राजमा चावल वाले ने चाय लगाने वाले युवक से जबरन ठेला हटाने को कहा। उसके मना करने पर राजमा चावल विक्रेता ने चाय वाले को गाली देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसको पीट दिया। थाना सामने होने के बाद भी पुलिस वहां पर नहीं आई। किसी तरह से लोगों ने मामले को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

### रेस्टोरेंट के गल्ले से नकदी व सामान चोरी

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वार-बाजपुर मार्ग स्थित बिजली घर के निकट देर रात फैमिली रेस्टोरेंट से चोर 15000 की नकदी समेत सामान ले गए। चोरी की तहरीर पुलिस को सौंपी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गुरुवार देर रात चोर बिजली घर के निकट स्वार मार्ग पर फैमिली रेस्टोरेंट की दीवार में कुमल लगाकर घुस गए और गुल्लक में रखी 15000 की नकदी, मोबाइल, सोने की चेन ले गए। शुक्रवार सुबह रेस्टोरेंट स्वामी वीरेंद्र कुमार उर्फ भेरू पुत्र भजनलाल निवासी बिजारखाता रेस्टोरेंट पर पहुंचा तो चोरी देखकर सन रह गया। उसने मामले की शिकायत पुलिस चौकी पहुंचकर की और तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। उधर चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है चोरी का मामला संदिग्ध है।

### दुष्कर्म के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शनिवार को प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने जानकारी दी कि बहेड़ी जनपद बरेली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें महिला ने राजू उर्फ संजीव निवासी कस्बा सैफनी पर शादी का झांसा देकर कार में दोस्तों की मदद से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। महिला की तहरीर पर राजू उर्फ संजीव, इशेंद्र सिंह तथा कार चालक नजाकत उर्फ सलीम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शनिवार की दोपहर सूचना मिली कि दुष्कर्म के आरोपी कार के साथ नवीन मंडी के पास जीरो पॉइंट पर खड़े हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर कार समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कहा कि पकड़े आरोपी राजू उर्फ संजीव निवासी सैफनी, नजाकत उर्फ सलीम गांव पीपली चक थाना बिलारी को गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक ललित कुमार, पुष्पेंद्र सिह, अखिल नैन, विपिन कुमार, अशोक कुमार आदि शामिल रहे।

### कम दहेज मिलने पर महिला की हत्या का प्रयास

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मिलक चिकना निवासी शाइस्ता का कहना है कि उसकी शादी 1 मई 2024 को मिलक के लोहा पट्टी निवासी माजिद से हुई थी। शादी में मायके वालों ने 12 लाख रुपये खर्च किए थे। उसके बाद भी ससुराली खुश नहीं थे। शादी के कुछ दिनों के बाद ही ससुरालियों ने महिला से दहेज में कार और 5 लाख रुपये की मांग कर दी थी। उसके साथ आए दिन मारपीट किया करते थे, आरोप है कि 9 अप्रैल ससुराली महिला के घर में घुस गए। उसके बाद ससुरालियों ने दुपट्टे से महिला का गला घोंटने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। किसी तरह से महिला को बचाया। बाद में वह मौका पाकर मायके चली गई। उसने सारा मामला बताया। जिसके बाद में उसने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने महिला के पति सहित छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



### पुलिस अधीक्षक ने चयनित अभ्यर्थियों को दी बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने चयनित युवक और युवतियों को बधाई दी। पुलिस अधिकारियों ने पुलिस भर्ती में चयनित युवकों को बसों से नियुक्ति पत्र लेने के लिए लखनऊ रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के लिए बधाई दी। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी स्वार, क्षेत्राधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी शाहबाद व प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक भी मौजूद रहे। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को बसों में बैठाकर झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया। जहां वह अपना नियुक्ति पत्र लेंगे।

# मोदी सरकार ने देश का सम्मान बढ़ाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने लिए कार्यक्रम जारी हैं। पांचों विधानसभा के 20 मंडलों में जिले के वरिष्ठ नेताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में भेजा गया है। जिन्होंने शनिवार को जनता को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया।

भाजपा के चमरौआ विधानसभा के प्रत्याशी रहे जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी ने मिलक खानम क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्ष की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा। पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर केमरी मंडल कार्यक्रम में मौजूद रहे। जिला महामंत्री अशोक विश्नोई ने नगर विधानसभा के पुराना गंज के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सभी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को बताया कि 11 वर्ष में देश की सोच, स्वाभिमान, आत्मबल बदला है। देश को 55 करोड़ जनधन खाते मिले। भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व छलांग लगाई। रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गई है। देश में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था, चौथा बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बना है। कार्यक्रम में प्रमोद आहूजा, सुखदेव सिंह चीमा, भव्य उप्पल, विवेक रूहेला, पूजा शर्मा, इंद्रजीत यदुवंशी, शेर सिंह, हरप्रसाद, राजेंद्र सिंह लोधी, रामचंद्र, विक्रम सिंह, पूरन चंद, शुभम गुप्ता, राजकुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मोहन लोधी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- पांचों विधानसभा के 20 मंडलों में कार्यक्रम हुए

### मौलाना पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ले निवासी महिला ने फोन से पुलिस की सूचना देकर मौलाना पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया।

महिला ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले मौलाना ने उसकी बच्ची से छेड़छाड़ की है। उसने विरोध किया तो मौलाना तथा उसके परिजन झगड़े पर उतारु हो गए।

महिला की सूचना पर चौकी प्रभारी ललित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने मोहल्लेवासियों सहित दोनों पक्षों से वार्ता की। साथ ही मौलाना को गिरफ्तार कर अपने साथ कोतवाली ले आए। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। मासूम से छेड़छाड़ जैसी कोई घटना नहीं हुई है। मामूली विवाद को छेड़छाड़ का नाम दे दिया गया है। बताया कि शिकायतकर्ता ने तहरीर भी नहीं दी है। इसके बावजूद भी पुलिस घटना की जांच कर रही है।



स्वार में श्रद्धांजलि देते केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# विमान हादसे के मृतकों को लोगों ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** शनिवार को कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अहमदाबाद में विमान हादसे को लेकर शोक सभा हुई। पाशा मेडिकल हॉल में आयोजित सभा में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बाकर अली, उपाध्यक्ष मंसूर हसन, नईम अहमद, महामंत्री मोहम्मद तारिक, कोषाध्यक्ष जैनुल बशर बब्लू, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद आकिल, बिलाल पाशा, मोहम्मद उजैर, मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद सूफियान, कैलाश बाबू, विजय सैनी आदि मौजूद रहे।




विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल में रक्तदान करता युवक।

# 42 लोगों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल में 42 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेंद्र वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं आती है।

जिला अस्पताल में शनिवार को विश्व रक्तदान दिवस पर शिविर में लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. कुलदीप चौहान ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को तीन माह के पश्चात रक्तदान करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अवतार सिंह, प्रतीक शर्मा, डॉ. प्रतोष सिंह, अमर के सक्सेना, शादाब, सौरभ बाबू, इसरार, अनुभव, नईम, शिवानी सक्सेना, शीला, कविता मौर्य, रेखा रानी आदि मौजूद रहे।

# लापता युवती व महिला दिल्ली से बरामद

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** 3 माह से लापता ब्यूटी पार्लर इंस्टीट्यूट में काम करने वाली दोनों युवतियों को पुलिस ने सर्विलांस के जरिए दिल्ली से बरामद किया है। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

3 माह पहले ग्राम मिलक मजबूता निवासी गगनदीप कौर और क्योरार का मझरा मोहम्मदपुर जदीद निवासी सिया भारद्वाज बिलासपुर मार्ग स्थित ब्यूटी पार्लर इंस्टीट्यूट में कोर्स सीखने आती थी। 3 मार्च को महिला का पति गुरप्रीत सिंह उसे कोचिंग इंस्टिट्यूट छोड़ने आया। वहीं दूसरी युवती उन्हें रास्ते में मिल गई। इसके बाद महिला ने पति से कहा कि वह युवती के साथ मार्केट जाएगी और उसके बाद कोचिंग इंस्टिट्यूट आ गई। दोनों बातें करती हुई बाजार चली गईं थी। लेकिन शाम तक दोनों वापस घर नहीं लौटी। दोनों के परिजन कोतवाली पहुंचे और पुलिस को उनकी गुमशुदगी की तहरीर दी थी। काफी तलाश करने के बाद उनकी कोई खबर नहीं लग सकी, जिसके बाद महिला के पति द्वारा कोर्ट के आदेश पर ब्यूटी पार्लर संचालिका के खिलाफ अपहरण आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने दोनों के मोबाइल सर्विलांस पर लगाए थे। लेकिन उनकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही थी। कुछ दिनों पहले दोनों में से किसी एक का मोबाइल फोन आन होने पर उनकी लोकेशन ट्रेस हो गई। दोनों दिल्ली में ब्यूटी पार्लर में काम कर रही थीं और किराये के कमरे में एक साथ रहती थीं। पुलिस ने दोनों को बरामद कर साथ ले आई।

### किशोरी को पकड़ने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** दवा लेने जा रही किशोरी को युवक ने पकड़ लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है, जहां से उसे जेल भेजा है। मोहल्ला निवासी किशोरी छह जून को दवा लेने पड़ोस के चिकित्सक के पास जा रही थी। रास्ते में नगर के मोहल्ला रसूलपुर निवासी फरमान अली ने किशोरी को रोक लिया और अश्लील हरकतें करने लगा था। किशोरी की चीख सुनकर आसपास के लोग आ गए। तब आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। किशोरी रोते बिलखते घर पहुंची और परिजनों को सारी बात बताई। जिसे सुनकर परिजन दंग रह गए। किशोरी के चाचा की और से पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार पांडे को सूचना मिली कि आरोपी बिलासपुर तिराहे पर खड़ा है। जिस पर कस्बा इंचार्ज पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### चलती ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार देर रात चलती ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

शुक्रवार रात प्रभारी निरीक्षक को किसी व्यक्ति ने बताया कोटा जागीर के निकट एक व्यक्ति रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मगर यहां घायल की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि घायल सूरजपाल पुत्र रामचंद्र निवासी मीरगंज जनपद बरेली का रहने वाला है। घायल ट्रेन के गेट पर बैठा हुआ था। उसे नींद का झोंका आया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिरकर घायल हो गया। फिलहाल घायल की स्थिति में सुधार है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### इमामबाड़ा किला में आज शाम होगा जश्ने ताजपोशी

**रामपुर, अमृत विचार :** इमामबाड़ा किला में 15 जून को आल इंडिया सहर रामपुरी मेमोरियल एकेडमी के तत्वावधान में जश्ने ताजपोशी ईद-ए-गदीर मनाई जाएगी। जश्ने ताजपोशी में फख्री मेरठी, बिलाल काजमी लखनवी, सलीम बलरामपुरी, शहजादा गुलरेज समेत कई नामचीन शायर कलाम पेश करेंगे। हजरत अली इब्ने अबू तालिब की ताजपोशी का जश्न 15 जून की रात मनाया जाएगा। मेहमाने खुसूसी मौलाना सैयद अली मोहम्मद नकवी होंगे, जबकि जश्न की सदारत मौलाना जमां बाकरी और निजामत अब्बास हैदर करेंगे।

### छात्रा अक्सा अंसारी ने नीट परीक्षा पास की

**मिलक, अमृत विचार :** नगर स्थित हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी की छात्रा अक्सा अंसारी पुत्री जाकिर हुसैन ने नीट में 720 में से 562 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 78020 हासिल की। उनकी बड़ी बहन भी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने अक्सा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। अक्सा ने सफलता का श्रेय परिवार, शिक्षकों को दिया है और चिकित्सक बनकर देश की सेवा करने का संकल्प जताया है।


अक्सा अंसारी।

### पेंशन बढ़ोतरी के लिए संघर्ष करें : मंजुलता

**रामपुर, अमृत विचार :** ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति का 8वां स्थापना दिवस ज्वालानगर स्थित मायादेवी धर्मशाला में मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल महामंत्री मंजुलता सक्सेना ने दीप जलाकर कार्यक्रम का आगाज किया। कहा कि पेंशन बढ़ोतरी के लिए संघर्ष करें। पेंशनर्स को सम्मानित किया। उसके बाद सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, जमीर अहमद, रामचंद्र गंगवार, बीएन शर्मा, हरद्वारी यादव, महेंद्र सक्सेना, सुरेश वर्मा, फिरासल, सुनील शर्मा, जसविन्दर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिले में 24000 अपात्रों के राशन कार्ड किए निरस्त

## कार, कोठी, एसी वालों ने बनवाए थे राशन कार्ड, जांच में हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में सत्यापन में 24000 राशन कार्ड अपात्र पाए गए हैं, इन सभी अपात्र राशन कार्डों को काट दिए गए हैं। जांच में खुलासा हुआ कि कार, कोठी और एसी वालों के राशन कार्ड बने हुए हैं। इसके बाद जरूरतमंदों के राशन कार्डों को बनवाने की पहल की गई है। इसके चलते 22495 पात्र लोगों के राशन कार्ड बनवाए गए हैं।

जिले भर में अपात्रों के राशन कार्ड की भरमार थी, जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने राशनकार्ड धारकों की जांच कराई। जांच में खुलासा हुआ कि ऐसे लोगों के राशन कार्ड बने हुए हैं जिनकी ऊंची इमारतें हैं और दरवाजे पर कार खड़ी है। इसके अलावा ड्राइंग रूम और कमरों में एसी भी लगे हैं। जिले में ऐसे 24000 अपात्रों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं। राशन कार्ड कटने के बाद लोगों ने आक्रोश भी जताया, लेकिन जब उन्हें अधिकारियों ने बताया कि रिकवरी हो जाएगी इसके बाद वे लोग शांत हो गए। इसके सापेक्ष जिले में 22495 पात्र लोगों के नए राशन कार्ड बनवाए गए हैं। शहर के मोहल्ला जोकीराम की बगिया निवासी मेवाराम ने बताया कि उसका पिछले 10 वर्ष से राशन कार्ड नहीं बना था। वह राशन कार्ड बनवाने के लिए कभी डिपो होल्डर के पास जाता तो कभी जिला पूर्ति कार्यालय के चक्कर लगा रहा था। हर जगह से उसे पिछले 10 वर्ष से आश्वासन मिलता रहा। उसने बताया कि उसका राशन कार्ड बन गया है और वह खुश है।

**22495** पात्र लोगों के बनवाए गए राशन कार्ड

> जिले में अपात्र लोगों के नाम जांच के बाद उजागर हुए थे, अपात्रों के राशन कार्ड कटवा दिए गए हैं इसके अलावा अभी जांच जारी है अपात्रों के जो नाम सामने आएंगे उनके राशन कटवा दिए जाएंगे। **- पूरन सिंह चौहान,** जिला पूर्ति अधिकारी

### सालों से गरीबों का राशन डकार रहे थे पूंजीपति

जिले में 24000 पूंजीपति कई वर्षों से गरीबों का राशन डकार रहे थे। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि जिले के गांव में 14 धनाढ्य अन्त्योदय कार्ड से राशन ले रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने आश्वासन दिया कि वह स्वयं इस मामले को देखेंगे। जिला अधिकारी ने अपात्र राशन कार्ड धारकों की जांच कराने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी समेत सभी उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए थे। उसका परिणाम भी सामने आया जिले में 24000 अपात्र राशन कार्ड काट दिए गए। जबकि, 22495 पात्र लोगों के राशन कार्ड बने। निगरानी समिति की बैठक में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि था कि गांव में 14 लोग अन्त्योदय कार्ड से राशन ले रहे हैं। कोटा धारक का भी अन्त्योदय कार्ड बना हुआ है। जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने विधायक को आश्वासन दिया कि वह इस मामले को स्वयं देखेंगे।

## बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश शुरू

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जायसवाल ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय शाहबाद, मिलक और रामपुर में सत्र 2025-26 में बीए, बीएससी और बीकॉम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राएं पंजीकरण 15 जून से कराएं। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से विवि की वेबसाइट पर आवेदन होगा। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के पंजीकरण के पश्चात राजकीय महाविद्यालय शाहबाद, मिलक, रामपुर में प्रवेश आवेदन के कागज 15 जून से संलग्नकों के साथ जमा करें। संलग्नकों में हाईस्कूल व इंटर की अंक तालिका एवं प्रमाणित छायाप्रति लगाएं। सीबीएसई और आईसीएसई के छात्र माइग्रेशन की छायाप्रति लगाएं। आधार कार्ड की छाया प्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति, गैप होने की स्थिति में प्रार्थना पत्र एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। प्राचार्य ने बताया कि रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अंतर्गत पंजीकरण कराने वाली छात्राओं का आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा


पीपल गांव में कार्यशाला को संबोधित करते पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी। ● अमृत विचार

# केंद्र सरकार की प्राथमिकता सेवा, सुशासन और गरीबों का कल्याण : घनश्याम लोधी

संवाददाता, भोट

● लोगों को केंद्र सरकार के 11 वर्षों में किए कार्यों की जानकारी दी

**अमृत विचार :** भोट क्षेत्र के पीपलगांव स्थित निजी विद्यालय में शनिवार दोपहर भाजपा की कार्यशाला हुई। इसमें मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल की जानकारी देते हुए पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण ही केंद्र सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल रहा है।

उन्होंने कहा संकल्प से सिद्धि के नारे को साकार करते हुए केंद्र सरकार ने आमजन तक सरकार को योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। जिसका नतीजा है कि देश की अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ती जा रही है। 11 वर्षों में मोदी सरकार ने देश को नई दिशा देने वाले अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इनमें डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, जीएसटी और स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में सुधार जैसी कई महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कार्यकर्ताओं से भी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष पंकज लोधी, जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी, लालता प्रसाद लोधी, राजकिशोर सैनी, कांता प्रसाद लोधी, ओमवीर सैनी, वीरेन्द्र राजपूत, सुनील लोधी, संजय सैनी, नन्हें लोधी आदि मौजूद रहे।

# बिजली की लगातार आंख मिचौली से लोग परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं। दिन में लगातार बिजली की ट्रिपिंग हो रही है तो वहीं रात में भी देर रात तक बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं। छतों पर बैठकर अपना समय बिता रहे हैं। जबकि कागजों में अधिकारी 22 घंटे आपूर्ति का दावा कर रहे हैं।

भीषण गर्मी में बिजली की आवाजाही लोगों के लिए मुसीबत बन रही है। बिजली भरपूर नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। हर 10 मिनट में बिजली जाने के बाद 2 घंटे में आती है। उसके बाद फिर से गायब हो जाती है। उससे ज्यादा बुरी स्थिति रात को होती है। जब लोग सोने के लिए जाते हैं, तो बिजली की कटौती शुरू हो जाती है। 5-5 मिनट में आवाजाही शुरू हो जाती है, जिससे लोग रात को सो तक नहीं पा रहे हैं। रात 2 बजे तक बिजली की यहीं स्थिति हो रही है। शुक्रवार रात को भी ज्वालानगर और अजीतपुर में बिजली की आवाजाही से लोग परेशान रहे।

● कागजों में हो रही 22 घंटे आपूर्ति लेकिन वास्तविकता कुछ और

### बिजली घरों में तैनात कर्मचारी नहीं उठाते फोन

बिजली घरों में तैनात कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते हैं। नंबर व्यस्त करके छोड़ देते हैं। जिससे उपभोक्ताओं को बिजली के बारे में कोई सही जवाब तक नहीं मिल पाता है। अजीतपुर बिजली घर के कर्मचारियों की स्थिति बहुत खराब है। वहां पर तैनात कर्मचारी फोन तो व्यस्त करके छोड़ देते हैं।

# रासायनिक खादों के अधिक प्रयोग से घट रही खेतों की उत्पादन क्षमता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अत्याधिक रासायनिक खाद के उपयोग से जमीनों की उत्पादन क्षमता घट रही है। जिन जमीनों में धान की खेती होती है उनके जिंक, मैग्नीज और सल्फर तत्वों की कमी पाई गई है। उप कृषि निदेशक ने बताया जिले भर से मृदा के 8400 नमूने लिए हैं, जिसमें आर्गेनिक कार्बन की कमी मिली है।

मृदा जांच में आर्गेनिक कार्बन .4 प्रतिशत आ रहा है, जबकि जमीन में .8 प्रतिशत आॅर्गेनिक कार्बन होना चाहिए। उप कृषि निदेशक ने बताया कि आर्गेनिक कार्बन का काम मिट्टी के कणों को आपस में चिपकाए रखना होता है। आर्गेनिक कार्बन की कमी से मृदा का मिजाज बदल जाता है जिसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि मृदा के नमूनों की जांच में नाइट्रोजन, पोटाश और फास्फोरस की कमी भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि मृदा में जिंक, मैंगनीज, आयरन, कॉपर और बोरोन तत्व मृदा में होना चाहिए। बताया कि किसानों द्वारा अत्याधिक रासायनिक खाद के उपयोग करने से खेत की मिट्टी बेदम हो रही है जिसका असर फसल उत्पादन पर पड़ रहा है। धान की पैदावार वाले खेतों में सल्फर, जिंक, मैंगनीज की कमी आ रही है। मृदा का स्वास्थ्य दुरुस्त करने के लिए किसान जैविक खाद का प्रयोग करें।


पीली पड़ती फसल।

● जिले में खेतों से लिए गए मृदा के 8400 नमूने

### मृदा परीक्षण में इन तत्वों की होती है जांच

जैविक कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, सल्फर, जिंक, बोरॉन, आयरन, मैग्नीज, कॉपर, पीएच और ईसी।

> किसान परंपरागत खेती छोड़कर वैज्ञानिक पद्धति से खेती करें। इसके अलावा रासायनिक खाद पर निर्भरता छोड़कर जैविक खाद का प्रयोग करें। इससे मृदा में नष्ट हुए तत्व पुनर्जीवित हो जाएंगे। **- रामकिशन सिंह,** उप कृषि निदेशक

# दिनचर्या में शामिल करें योग


लोगों को योग सिखाते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार :** आयुष विभाग द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग कार्यक्रम के तहत ग्राम चपटा में योग शिविर लगाया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार और अर्चना गुप्ता द्वारा योग दिवस प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया। साथ ही योग को जीवन में प्रतिदिन शामिल करने का आह्वान किया। योग प्रशिक्षक ने बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग का उद्देश्य यह है कि हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। बताया सूर्योदय से पहले उठे, रात्रि में समय पर विश्राम करें, मौसम के अनुसार फल आहार का ध्यान रखें। पैकेट फूड का सेवन कम से कम करें। इस अवसर पर विशाल सैनी, लाल सिंह प्रजापति, नीटू गुप्ता, सचिन गुप्ता, वीरवती सैनी, विनय, विवेक आदि लोग मौजूद रहे।


ज्ञान मंदिर पुस्तकालय में हुई बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# 29 को होगा राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद का चुनाव

**रामपुर, अमृत विचार :** मिस्टन गंज स्थित ज्ञान मंदिर पुस्तकालय में उप्र राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की बैठक में तय हुआ कि 29 जून को परिषद शाखा रामपुर का द्विवार्षिक सामान्य निर्वाचन 10 बजे से होगा। नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच और मतगणना के बाद परिणाम घोषणा के समय की जानकारी दी गई। पुस्तकालय में शनिवार को हुई बैठक में महामंत्री हरीश चंद्र सक्सेना ने बताया कि नामांकन पत्र में प्रत्याशी को सदस्यता क्रम संख्या एवं पंजीकरण संख्या अंकित करना आवश्यक है। बैठक में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताई गई। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक में हरीश चंद्र सक्सेना, बीके गुप्ता, रोशन लाल, सोहन लाल, राम भरोसे लाल, रोशन सिंह, सतीश चंद्र सक्सेना, शेर सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता वन सिंह रावत ने की।

# सूफियान पहलवान बने रामपुर केसरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कुश्ती में पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाए और अपनी-अपनी जीत पक्की की। नेपाल के थापा पहलवान ने केरल के कटप्पा को पटखनी दी। जबकि रामपुर के सूफियान पहलवान ने दिल्ली के रॉकी को धूल चटा दी और उन्हें रामपुर केसरी के खिताब से नवाजा गया।

पुलिस लाइन के निकट मोती झील में बने अखाड़े में पहलवानों ने जोर आजमाइश की। शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक हुए मुकाबलों में रामपुर के मुजफ्फर और मुरादाबाद के साहिल की कुश्ती बराबरी पर छूटी। दोनों पहलवानों ने काफी जोर आजमाइश की लेकिन, वह एक-दूसरे को नहीं पछाड़ पाए। इसके बाद गोरखपुर की पहलवान शिवानी और दिल्ली की पहलवान रश्मि के बीच मुकाबला हुआ। काफी जोर आजमाइश करने के बाद शिवानी ने दिल्ली की पहलवान रश्मि को पटखनी देकर कुश्ती अपने नाम कर ली। इसके बाद हाथरस के पहलवान रामेश्वर और राजस्थान के पहलवान जल्लाद सिंह के बीच मुकाबला हुआ और राजस्थान के जल्लाद सिंह ने हाथरस के रामेश्वर को चुनौती दे दी कि वह दो मिनट में रामेश्वर को चित करके कुश्ती जीत लेगा। लेकिन, करीब 15 मिनट तक हुई कुश्ती में हाथरस के रामेश्वर ने जल्लाद सिंह को चित कर दिया। दर्शकों ने हाथरस के पहलवान को बहुत इनाम दिया। इससे पहले कुश्ती का शुभारंभ शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया। इस मौके पर आबिद अली समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।


रामपुर केसरी खिताब से सम्मानित सूफियान पहलवान (दांए)। ● अमृत विचार

● नेपाल के थापा पहलवान ने केरल के कटप्पा को दी पटखनी

### फिजिकल कालेज स्टेडियम पर 17 जून से होगा योग प्रशिक्षण

**रामपुर,अमृत विचार :** कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास 17 जून से फिजिकल कालेज स्टेडियम पर होगा। तुषार शर्मा ने बताया कि स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर क्रीड़ा भारती और अंतरा योग संस्थान के तत्वावधान में योग प्रशिक्षण का आयोजन निशुल्क किया जा रहा है। डॉ. अनूप सिंह ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट योगासन खेल एसोसिएशन के द्वारा योग सत्र, प्रशिक्षण का आयोजन नि:शुल्क किया जा रहा है। 17 जून से 20 जून तक 6 से 7 बजे तक अंतरा यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.

PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/ Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/ Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.

Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# पारा 40 डिग्री के पार, उमस से लोग हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को पारा 40 डिग्री के पार होने से लोग गर्मी से बेहाल रहे। पूरे दिन उमस भरी गर्मी से लोग पसीना-पसीना होते रहे। इस गर्मी में गन्ना, मेंथा और सूरजमुखी की फसलों को पानी की दरकार है। बारिश के लिए मंदिर और मस्जिदों में दुआ हो रही है। शहर में कई जगह लोगों ने शरबत की सबीलें लगाकर लोगों का गला तर कराया।

शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह से शाम तक आसमान से आग बरसती रही जिसके चलते लोग बेचैन रहे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप सिंह की मानें तो अगले 5 दिन पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। बारिश नहीं होने से फसलें प्रभावित होने लगी हैं। किसान होरी लाल ने बताया कि धान की पौध बारिश नहीं होने से भभकने लगी है। यदि बारिश नहीं हुई तो धान की पौध पीली पड़ने लगेगी। कहा कि किसान इंजन से पानी देते-देते थक गया है। इंजन चलाने में डीजल का बहुत खर्च होता है। जिसके कारण अधिकांश किसान बारिश की आस तकते हैं और रब से दुआ करते हैं कि बारिश हो जाए ताकि, उनकी फसल लहलहा उठे।


गर्मी में राहे रजा पर लोगों को शरबत पिलाते लोग।

● गन्ना, मेंथा, सूरजमुखी की फसलों को पानी की दरकार

### हाल-ए-मौसम

अधिकतम तापमान- 42 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम तापमान- 30 डिग्री सेल्सियस
आर्द्र- 51 प्रतिशत
वायु वेग- 8 किमी. प्रति घंटा


बारिश नहीं होने से खेती पर लागत बढ़ जाती है जबकि, किसान को लागत के सापेक्ष फसल का दाम नहीं मिलता है। सरकार गन्ने और गेहूं की दाम में अपनी मनमानी करती है। **- विनोद यादव**


बारिश नहीं होने से गन्ना, मेंथा और सूरजमुखी की फसल प्रभावित हो रही है। डीजल महंगा होने के कारण किसान इंजन से बहुत ज्यादा जरूरत होने पर ही सिंचाई करते हैं। **- संजोर अली**


किसानों को फसलों का वाजिब दाम नहीं मिलता है। जबकि फसलों पर लागत लगातार बढ़ रही है। बारिश नहीं होने से किसानों को कई गुना अधिक लागत लगाकर फसलें पालना पड़ेंगी। **- हनीफ वारसी**


मंदिर मस्जिदों में बारिश के लिए सुबह-शाम दुआ हो रही है। किसानों की धान की पौध डाली है जोकि, बारिश के अभाव में भभकने लगी है। रब से दुआ है कि बारिश कर दे। **- होरी लाल**

> 18 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तराई वाले जिला रामपुर, पीलीभीत, बिजनौर आदि जिलों में तेज हवा व गरज के साथ हल्के से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। अगले 48 घंटे बाद तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है जिससे गर्मी से राहत मिल सकती है। **- डॉ. उदय प्रताप शाही,** मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

# साहित्यः ज्ञानमार्गी दुख की औषधि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं। कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है।

डॉ. बी.आर.आंबेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डॉ. आंबेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता','इकोनॉमिक्स बियोंड माक्र्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के महान दार्शनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, "आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।" आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, "शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।" प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूं जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत् अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें- कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कःपंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, "वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गता स पंथः।" शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, "ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।" उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।"

# जीवन के लिए अमृत है शिक्षा

मानव जीवन की आधारभूता, परम प्रकाश पुञ्जात्मिका, सकल लोक कल्याण कारिका, जीवन के सर्वांगीण विकास में प्रमुख सहायिका, अज्ञान-सन्देह-धर्माडम्बर-कुरीति निवारिका, रचनात्मक-क्रियात्मक-कौशलात्मक अभिवृत्तियों की उत्पादिका, सत्-असत् की परिचायिका, ज्ञान-अज्ञान की विभेदिका, यश-सम्मान-सत्य-स्वाभिमान की वर्धिका, छल-कपट-दंभ-द्वेष-असूया-ईर्ष्या-निद्रा-तन्द्रा-भय-क्रोध-आलस्य-दीर्घसूत्रता आदि दुर्गुणों की नाशिका, मानवीय गुण-आचारों की संरक्षिका, ज्ञान-विज्ञान की पोषिका शिक्षा (विद्या) मानव के समग्र कल्याण एवं सर्वविध प्रसन्नता की मूल स्त्रोत है।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

संस्कृत वाङ्मय उपनिषद् आदि में विद्ययाऽमृतमश्नुते, विद्यया विन्दतेऽमृतम्, सा विद्या या विमुक्तये, विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम् आदि परम प्रमाणिक ध्येय वाक्यों से शिक्षा का महत्व परिलक्षित होता है। गांधीवादी विचारक, भारत रत्न से पुरस्कृत लब्ध प्रतिष्ठित दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला के अनुसार शिक्षा वह महान शक्तिशाली हथियार है जिसके माध्यम से पूरे विश्व को परिवर्तित किया जा सकता है। मानवीय जीवन में नैतिकता, तार्किकता, कारूण्यता, संवेदनशीलता को विकसित करने में शिक्षा ही परम सहायिका होती है।

शिक्षा के समग्र गुणों को आत्मसात करने वाला मानव महामानव के रूप में परिवर्तित होकर सतत जनहित, राष्ट्रहित एवं प्राणीहित में लीन रहता है वह कभी स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचारण नहीं करता है क्योंकि वह शिक्षा के प्रभाव से ही मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए उन विशिष्ट गुणों को अपने जीवन में आचरित करने का प्रयास करते रहता है उसके अन्तः करण में विद्यमान दुर्गुणों का धीरे-धीरे नाश होने लगता है। यहां शिक्षा के व्यापक अर्थ की अवधारणा पर स्नातक, परास्नातक तथा उच्च भौतिक उपाधियों के विषय में चर्चा करना वर्तमान कालीन शिक्षा पद्धति एक चर्चा का विषय है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के व्यापक अर्थ के स्थान पर शिक्षा को आजीविका प्राप्ति निमित्त अधिक स्वीकार किया गया और शिक्षा की पूर्व गुरुकुलकालीन पद्धति आधुनिक शिक्षा पद्धति के सामने निस्तेज होते चली गई जिस कारण उच्च उपाधियां अर्जित करने के पश्चात भी तमाम दुर्गुणों, दुर्व्यसनों, दुराग्रहों की प्रवृत्ति मानव पर वर्तमान में देखी एवं अनुभव की जा सकती है चाहे सामाजिक रूप से हो, राजनैतिक रूप से हो, आर्थिक रूप से हो या जातीय रूप से हो। महान वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विलिखित नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यों/ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं यह भविष्य में देखना होगा कि कहां एवं कब तक उद्देश्यों/लक्ष्य प्राप्ति संभव होती है। शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य केवल गणित, विज्ञान, पाणिनि व्याकरण के सूत्रों को रटकर आजीविका प्राप्ति करना नहीं है अपितु शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य तो माननीय मूल्यों का निर्माण करना है, मानव के अन्दर व्याप्त सभी दुर्गुणों को समूल खत्म करना है, साजिशों/ षड्यंत्रों से मुक्त करना है, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य से दूर करना है, सुख एवं दुःख में समत्व की स्थिति में लाना है, दया, करुणा, सहानुभूति आदि गुणों से विभूषित करना है, सात्विक भोजन ग्रहण करके चित्तशुद्धि करना है, सत्य एवं स्वाभिमान के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। शिक्षा के मूल-व्यापक-विशिष्ट गुणों को आज विद्यालयीय, महाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय शिक्षा पद्धति में प्रमुख रूप से स्थान मिलना चाहिए ताकि इसी सर्वव्यापी शिक्षा पद्धति के माध्यम से एक गुणवान भावी पीढ़ी का निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया जा सकता है समृद्ध एवं समर्थ भारत की कल्पना को सार्थक किया जा सकता है।

# क्या बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी।

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने "रोजगार दो या सत्ता छोड़ो" के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है। हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर "नौकरी दो या सत्ता छोड़ो" तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलावरू पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिन भर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है।

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है। बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगो के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि! लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे। अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है। इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुक़सान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी। बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में ये दोनों अपने पदों पर नहीं हैं। निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है "उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीकठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया। कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो ये सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

# कैसे हो परमात्मा से जुड़ाव



गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
कर अधिकारी, बलरामपुर

मानव जीवन क्षणभंगुर है। कब क्या हो जाये, पता नहीं? इसलिये अपना दैनिक जीवन जीते हुए भी हम सबको उस ईश्वरीय शक्ति से सदैव जुड़े रहना चाहिये। चलते-फिरते भी हम उस परमसत्ता का स्मरण करते रहें और अपने हर कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर उसके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रयास करें कि यह हमारी दैनिक आदत में शामिल हो क्योंकि परमात्मा से जुड़ाव के लिए भी अभ्यास आवश्यक है। हमें कभी नहीं सोचना चाहिए कि ईश्वर की भक्ति जीवन के अन्तिम समय की चीज है। मानव जीवन बड़ा अनिश्चित है, अतः कौन सा समय अन्तिम समय हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ईश्वर के प्रति समर्पण हमारे आत्मविश्वास को प्रबल करता है। उसकी निरन्तर स्मृति हमारी लौकिक क्षमताओं में वृद्धि करती है और हम पाते हैं कि हमारे सभी लौकिक कार्य अच्छे से सम्पादित हो रहे हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि ईश्वर से जुड़े रहने से हमारा मन शांत रहता है और शांत रहने से हमारी एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती जाती है, जिससे हम अपना हर काम ध्यानपूर्वक और बिना विचलित हुए कर पाते हैं। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण ही उसकी प्राप्ति का सहज मार्ग है। श्रीमद्भगवद्गीता के नवें अध्याय के चौंतीसवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश करते हुए कहते हैं- "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।/मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः।।" अर्थात मुझमें मनवाला हो, मेरा भक्त बन, मुझमें पूजन करने वाला हो, मुझको प्रणाम कर। इस प्रकार आत्मा को मुझमें नियुक्त करके मेरे परायण होकर तू मुझको ही प्राप्त होगा।

अब प्रश्न उठता है कि भगवान में मन कैसे लगाया जाए? बाबा तुलसीदास जी ने कहा है- "जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं।।" संसार में उन्मुख जीव की भगवान में रुचि होना सहज नहीं है। इसके लिए भी अभ्यासपूर्वक उपाय करना होगा। संतों की संगति, भगवान की कथा, लीला एवं गुणों को सुनना, वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, रामायण आदि ग्रंथों का अध्ययन-अनुशीलन, प्रभु का नामस्मरण, भजन-कीर्तन, प्रभु के रूप का चिन्तन तथा उनमें अखण्ड विश्वास, भगवद्भक्तों की सेवा, सभी में ईश्वर का दर्शन, संतोष, निश्चलता एवं सरलता आदि उपायों के द्वारा अपने मन को निरन्तर प्रभु से जोड़े रखने का अभ्यास किया जा सकता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण के वचनों के अनुसार इस तरह के उपायों द्वारा अपनी आत्मा को प्रभु से जोड़कर हम परमात्मा का ही स्वरूप (आत्मस्वरूप) हो जायेंगे अर्थात परमात्मा में सब प्रकार समर्पण द्वारा ही अपने सत्य स्वरूप (परमात्म स्वरूप के साथ एकात्मता) को प्राप्त कर सकेंगे।

# सींखचों में चूजे



महानगरों में रहने वाले हर सुधी जन ने कभी न कभी यह दृश्य किसी न किसी रूप में अवश्य देखा होगा जब बेजुबान चूजों का एक विशाल दल बेबसी अवस्था में लोहे के जालीदार सीखचों के पीछे पिजरे में बंद अपने नियति से अनजान किसी अघोषित स्थान पर अंतिम बलिदान के लिए ले जाया जा रहा होगा। इन नितांत असहाय प्राणियों की दशा पर किसी को भी तरस आना स्वाभाविक होगा पर शहर की निर्मम व्यस्तता में सब कुछ खो जाता है। सहज मानवता इस भागमभाग जिंदगी की सबसे पहले बलि चढ़ती है। दिल्ली और अन्य शहरों में यह वीभत्स क्षण अक्सर देखने को मिल जाते है। प्रातःकाल चिकित्सालय जाते समय सड़क पर मिनीबस नुमा गाड़ी में सात मंजिले कठघरे में सैकड़ों चूजे अपने अपने प्रकोष्ठों में अपने स्वजातियों के मूत्र, विष्ठा और लार में नहाने को विवश भयभीत सिकुड़ कर बैठे हुए निर्द्वन्द भागती गाड़ी के अंदर बैठे हुए थे। गाड़ी के ऊपर बने इस दरबेनुमा कठघरे में छोटी-छोटी कई कोठरियां थी जिनके अंदर छह से सात चूजे ठूंस ठूंस कर भर दिए गए थे।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

सब अज्ञात अनंत पथ की पर बढ़ रहे थे। सबके अंदर भयानक खलबली थी। कठघरे से निकालते समय भी ये बुरी तरह से डरे हुए होंगें। आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी? थोड़ी देर में ये सब कसाइयों को सौप दिये जाने वाले हैं और फिर कसाई की छूरी एक एक के गर्दन पर उन्हें हलाल या निर्दयता पूर्वक कलम करके ही दम लेगी। क्रूर कसाई के हाथों में फड़फड़ाते वक्त भी उनके प्राण एक क्षण के लिए पुतलियों में जाकर अटक जायेंगे। पुतलियां विस्फरित होकर कसाई के अगले घातक वार के समय यमराज के यहां प्रस्थान की तैयारी करेंगी। उसके बाद दुकान पर चूजों के गोश्त के लोथड़े छितरे-बितरे पड़े होंगे। इन मांस-खून से लिपटे टुकड़ों में एडरलीन-नारएडरलीन जैसे विषैले रसायन भरपूर मात्रा में उपस्थित होंगे क्योंकि काटे जाने के पूर्व ये चूजे थर-थर कांप रहें होंगे। भयातुर होंगे। आखिर उन्हें कसाई के छूरे-गड़ासे का सामना करना था। उस दशा में उनकी अंतःस्रावी ग्रंथियों से एडरलीन-नारएडरलीन नामक रसायनों का निकलना स्वाभाविक सुरक्षात्मक प्रक्रिया का क्रम था। इन रसायनों के अतिरिक्त वातावरण की प्रदूषित वस्तुएं भी अदृश्य रूप से इन मांस पिंडों में प्रभूत रूप से मौजूद होंगी।

मैं सोच रहा था इन चूजों का मांस-मज्जा खाने वाले लोग मुर्ग-मुसल्लम या चिकेन व्यंजन का उपभोग करने वाले लोग कैसे खुश रहते होंगे? उनकी जिह्वा को तात्कालिक स्वाद भले मिलता हो पर इन मांसाहारियों को कम उम्र में ही बढ़े कोलेस्ट्रॉल, शुगर और उच्चरक्तचाप (अधिक बीपी) की समस्या से दो दो हाथ तो करना ही पड़ेगा। पशु-पक्षियों के प्रति निर्दयता और क्रूरता की पराकाष्ठा के विरुद्ध गला फाड़ फाड़ कर शोर मचाने वाले उन गैर सरकारी संघटनों को क्या कहा जाए जो गांधी जी के तीन बंदरों की भांति ऐसे दृश्यों को देख कर सुना-अनसुना कर देते हैं? सींखचों के पीछे जकड़े ये मूक-निस्सहाय चूजे अपने प्राणों की भीख तो मांग ही रहे हैं साथ साथ मानवता की दुहाई भी दे रहे हैं कि हे मानव तुम हमें बचा कर अपना भी अतिशय कल्याण करोगे। हमें अपना आहार मत बनाओ। हमारा खून क्यों बहाते हो? क्या उनकी पुकार कोई सुन रहा है?

# समय की जरूरत है राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना की समझ



डॉ. आनंद के. सिंह
प्रोफ़ेसर, हिन्दू कालेज, मुरादाबाद

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

भारत की सीमाओं पर बढ़ती अस्थिरता, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, और आंतरिक सुरक्षा के बहुआयामी संकट हमें इस मूलभूत प्रश्न की ओर ले जाते हैं कि ...क्या भारत के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संस्कृति के प्रति पर्याप्त रूप से सजग हैं? उत्तर स्पष्ट है-अभी नहीं। जबकि सैन्य, कूटनीति और तकनीक के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है, आम नागरिकों की सामूहिक चेतना में अभी तक सुरक्षा और रणनीतिक सोच गहराई से नहीं उतर पाई है। दरअसल यह मात्र एक शैक्षणिक अथवा नीतिगत मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और गौरव का प्रश्न बन चुका है।

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

रणनीतिक संस्कृति का अर्थ है राष्ट्र की सुरक्षा, विदेश नीति और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सोच और दृष्टिकोण की परिपक्वता। चीन और अमेरिका जैसे देश दशकों से इसे अपने नागरिकों में शिक्षित कर रहे हैं। भारत में यह संस्कृति या तो विशिष्ट संस्थानों में सीमित है या फिर राजनीतिक विमर्श के कोलाहल में दब जाती है। यह एक चिंताजनक स्थिति है क्योंकि कोई भी नीति या सैन्य रणनीति तभी कारगर हो सकती है जब उसे जनसमर्थन और जनचेतना का आधार प्राप्त हो।

हमारे विश्वविद्यालयों में अधिकांश छात्र यह नहीं जानते कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति क्या है? उसके लक्ष्य क्या हैं? और भारत की सीमाएं किन चुनौतियों से जूझ रही हैं? रक्षा अध्ययन जैसे विषय कुछ चुनिंदा संस्थानों तक सीमित हैं और सामाजिक विज्ञान की मुख्यधारा से अभी भी दूर हैं। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कारगिल, पठानकोट, पुलवामा जैसे हमलों का सामना किया हो, वहां के नागरिकों को सुरक्षा संस्कृति के विषय में जानकारी नहीं है।

मीडिया में भी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की कवरेज अक्सर सतही या सनसनीखेज होती है। गहराई में जाकर विषयों की पड़ताल और नागरिकों को शिक्षित करने का जो उत्तरदायित्व मीडिया निभा सकता था, वह अभी बहुत सीमित है। इसी तरह, हमारी पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय सुरक्षा और स्त्रातजीय मामलों को या तो अनुपस्थित रखा गया है अथवा इसे अप्रासंगिक दृष्टिकोण से देखा गया है।

मैं मानता हूं कि-भारत को शीघ्र ही एक औपचारिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नागरिको के लिए सार्वजनिक करनी चाहिए, जिसमें सैन्य, आंतरिक, साइबर, जैविक और आर्थिक सुरक्षा जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयवस्तु शामिल हों। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा, रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित पाठ्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जाए। जिस प्रकार देश में स्वच्छता और मतदान के लिए अभियान चलाए गए, वैसे ही राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना के लिए भी सघन अभियान चलाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में "रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज)" विषय को और अधिक संस्थानों में शुरू किया जाए और इसे मुख्यधारा में लाया जाए। 'मीडिया हाउसों को भी चाहिए कि वे सुरक्षा संबंधी विषयों पर विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करें और नागरिकों को भावनात्मक नहीं बल्कि संवेदनशील तथा तर्कपूर्ण ढंग से शिक्षित करें।

राष्ट्र मात्र सीमाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सामूहिक चेतना से सुरक्षित रहता है। जब प्रत्येक नागरिक अपने देश के कर्तव्यों, चुनौतियों और रणनीतिक विकल्पों के प्रति सजग होता है, तभी वह राष्ट्र वास्तविक रूप से शक्तिशाली बन सकता है। भारत जैसे उभरते शक्ति केंद्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों में न केवल राष्ट्रप्रेम, बल्कि सुरक्षा और रणनीतिक चेतना को भी विकसित करे। यही समय की मांग है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा।)

## एक नजर

### झाड़ फूंक के चक्कर में सर्पदंश पीड़ित बच्ची की मौत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गांव जरीफनगर में सर्पदंश का शिकार हुई 8 वर्षीया बच्ची की झाड़ फूंक के चक्कर में मौत हो गई। शनिवार सुबह नौ बजे अंजू पुत्री श्योराज खेत में बने ट्यूबवेल पर नहाने गई थी। बच्ची को नाग ने डस लिया। परिजन उसे तांत्रिक के पास झाड़ फूंक कराने ले गए। जहर से बच्ची का शरीर नीला पड़ गया तो तांत्रिक ने बच्ची को अस्पताल ले जाने को बोल दिया। इसके बाद परिजन बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### अग्रसेन सभा का किया गया गठन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अग्रसेन सभा का गठन कर 21 सदस्यों को स्थान दिया गया है। दीप गोयल, विनीत कुमार अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, निशांत सिंघानिया, अमित अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, राजेश बिंदल, मनोज कुमार, अंशुल गोयल, शरद अग्रवाल, सचिन कुमार अग्रवाल, पारस अग्रवाल, नितेश गोयल, विवेक अग्रवाल शामिल हैं। सभी सदस्यों से समाज के विकास के लिए कार्य करने की बात कही गई।

### कैंडल मार्च निकाल मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** जिला सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा माली सभा की ओर से शनिवार को सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर पर अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। भुवनेश सैनी, देवेंद्र सैनी, ऋषिपाल सिंह, प्रमोद सैनी, कल्लूराम सैनी, राहुल सैनी, नवीन सैनी, पवन सैनी, इंद्रजीत, अर्जुन सैनी, दीपक सैनी, गौरव सैनी, विनोद, रामेश्वर, चंद्रप्रकाश, मोदी आदि रहे।

### लाइनमैन की मौत मामले में एसएसओ सहित दो गिरफ्तार

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** गांव चंदनकटी मौजा निवासी लाइनमैन रोहताश की बिजली लाइन जोड़ते समय लालपुर गांव में करंट से मौत हो गई थी। शटडाउन के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए एसडीओ, जेई, एसएसओ सहित 4 पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शनिवार को पुलिस ने बिलारी थाना अंतर्गत ग्वारऊ निवासी एसएसओ रंजीत व धनारी के सुनवर सराय गांव निवासी पप्पू को गिरफ्तार कर लिया।

# तीन की मौत, हीट स्ट्रोक पीड़ित कई भर्ती

## परिजनों ने गर्मी जनित बीमारियों से मौत की बात कही, तेज बुखार के बाद तोड़ दिया दम

कार्यालय संवाददाता,संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और बढ़ता तापमान इंसान के लिए असहनीय होने लगा है। सवेरे से ही तेज धूप कहर बरपाने लगती है। शुक्रवार को बबराला में दो वृद्धों सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हीट स्ट्रोक से पीड़ित कई लोग भर्ती हैं। परिजनों ने गर्मी की वजह से मौत की बात कही है। सीएमओ ने कहा है कि इस समय तेज गर्मी में हीटवेव से मौत की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

जून का माह आधा बीतने को है लेकिन गर्मी से लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही है। लोग अब प्रार्थना कर रहे हैं कि जल्द वर्षा शुरू हो और भीषण गर्मी से उन्हें राहत मिल सके। हालात इतने खराब हैं कि कमरे तप रहे हैं और कूलर व पंखों ने भी गर्म हवा देना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को बबराला नगर के मुहल्ला लेखपाल कॉलोनी निवासी 65 वर्षीया मुन्नी पत्नी राधेश्याम वर्मा की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मुन्नी को बुखार आया, अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। इसी तरह श्योराज सिंह मार्ग निवासी 75 वर्षीया रामदेवी की भी मौत हुई है। परिजन जितेंद्र ने बताया कि बुखार आने के बाद मौत हो गई। उधर, वार्ड नंबर दो कल्लू नगला निवासी 40 वर्षीय चरन सिंह पुत्र मंगली की भी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार चरनसिंह श्वास रोग से पीड़ित था। शुक्रवार को अचानक हांफने लगा और कुछ ही देर में मौत हो गई।


हीट स्ट्रोक पीड़ित का उपचार करते चिकित्साकर्मी। ● अमृत विचार

### गुन्नौर सीएचसी में कोल्ड रूम में कई मरीज भर्ती

हीट वेव के मद्देनजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में कोल्ड रूम बनाकर हीट स्ट्रोक पीड़ितों का उपचार किया जा रहा है। फार्मासिस्ट दीपक यादव ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन बुखार से पीड़ित 100 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। गर्मी अत्यधिक पड़ रही है जिससे घबराहट, बेचैनी के केस भी बढ़ते जा रहे हैं। शुक्रवार को सीएचओ विद्या देवी को भी हीट स्ट्रोक होने पर कोल्ड रूम में उपचार किया गया। इसके अलावा गांव सिकरौरा भूड़ की आशा कार्यकत्री ममता, गांव पतेई कायस्थ निवासी सोनी, हकीमपुर निवासी राजेंद्र, मखदूम पर निवासी रूपचंद, कस्बा गुन्नौर निवासी अलीना और नदीम, फरीदपुर निवासी प्रदीप और गांव गढ़िया निवासी वृद्धा पान कौर को भी सीएचसी के कोल्ड रूम में संरक्षित कर उपचार किया गया।

### बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को ज्यादा खतरा: सीएमओ

सीएमओ डॉ. तरुण पाठक ने कहा कि बढ़ते तापमान का असर हर इंसान पर पड़ रहा है। सबसे ज्यादा खतरा बच्चों, बुजुर्गों, प्रेग्नेंट लेडीज और बीमार व्यक्तियों को है। लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने से हीट स्ट्रोक हो सकता है। तापमान में मामूली सी भी वृद्धि बुजुर्ग लोगों के सिस्टम को प्रभावित कर सकती है, जिससे डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और चक्कर आने जैसी न्यूरोलॉजिकल समस्याएं भी हो सकती हैं। सीएमओ ने गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए घर में ही रहने और जरूरी होने पर छाता लगा कर घर से निकलने, भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करने की सलाह दी।

## दो पक्ष भिड़े, पुलिस ने लाठी फटकार तितर-बितर किया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** भैतरी फाटक के पास दो पक्षों में जमकर लाठियां चलीं। एसआई की ओर से 10 नामजद सहित 6 अज्ञात लोगों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

बनियाठेर थाने में एसआई रमन पाल सिंह ने तहरीर दी कि शुक्रवार की रात वह सिपाहियों के साथ अशोक नगर चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि भैतरी फाटक के पास दो पक्षों में झगड़ा हो रहा है। जाकर देखा तो एक पक्ष के शान व मारु निवासी सीकरी गेट, परवेज निवासी हाथा, फारुख, अरसद निवासी चन्दौसी तथा दूसरे पक्ष के धीरज ठाकुर, देवाश निवासी गणेश कॉलोनी, विशाल यादव निवासी सीता रोड, शिव निवासी घंटाघर झगड़ रहे थे। माहौल खराब होता देख पुलिस ने लाठी फटकारना शुरू कर दिया। जिससे झगड़ा कर रहे लोग भाग गए। पुलिस अगर समय पर नहीं पहुंचती तो साम्प्रदायिक दंगा भड़क सकता था। एसआई की तहरीर पर 10 नामजद सहित 5 से 6 अज्ञात के विरुद्ध बलवा सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

## अनियंत्रित होकर पलटा ई रिक्शा, 7 महिला मजदूर घायल

**बबराला, अमृत विचार :** औद्योगिक आस्थान स्थित गारमेंट्स फैक्ट्री की महिला कर्मचारियों से भरा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सात महिला मजदूर घायल हो गयीं।

यूपीएसआईडीसी परिसर स्थित रेडिमेड गारमेंट फैक्ट्री में काम करने वालीं आस-पास गांवों की महिला कर्मचारी ई-रिक्शा में सवार होकर ड्यूटी पर आ रही थीं। शनिवार सुबह करीब आठ बजे आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे से इंडस्ट्रियल एरिया की ओर मुड़ते वक्त ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा में सवार गांव लोधे की मढ़ैइयां निवासी मीनू, सपना, मंजू, दानवती, मेहुआ हसनगंज निवासी पूनम और बाघऊ की मढ़ैइयां निवासी लक्ष्मी सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गयीं। घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे से मौके पर चीख पुकार मच गई।

# मंडी समिति में तीसरे दिन भी ढहाया अतिक्रमण

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** बहजोई मंडी समिति में अतिक्रमण हटाओ अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा।बुलडोजर के डर से मंडी समिति के बाहर बनी सुपर मार्केट की दुकानों को खुद ही व्यापारियों ने तोड़ना शुरू कर दिया।

एसडीम विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मंडी सचिव मोहित फौजदार पुलिस, पीएसी व आरआरएफ के साथ बुलडोजर लेकर टीम पहुंच गई। उन्होंने मंडी समिति के अंदर बड़े अतिक्रमण कर बनाई गई बिल्डिंग पर बुलडोजर चलवाया। अवैध रूप से बनाई गई कई दुकानों को बुलडोजर ने ध्वस्त किया। व्यापारी एसडीएम से बुलडोजर की कार्रवाई को रोकने के लिए कहते रहे लेकिन उनकी एक न चली।


मंडी समिति के बाहर सुपर मार्केट में खुद अतिक्रमण तुड़वाते व्यापारी। ● अमृत विचार

**● खुद ही अपना अतिक्रमण हटाते नजर आए व्यापारी**

एक दिन पहले मंडी समिति की सुपर मार्केट की दुकानों को एसडीएम ने खुद ही अवैध अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी। सुबह से ही व्यापारी खुद ही मजदूरों के साथ हथोड़ा लेकर जुट गए। एसडीएम ने व्यापारियों को अतिक्रमण हटाते देखा तो उन्होंने कल तक सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है। जब तक अतिक्रमण पूरी तरह से हट नहीं जाएगा तब तक यह कार्रवाई चलती रहेगी।


मंडी समिति में बिल्डिंग तोड़ता बुलडोजर।

## सार-संक्षेप



### केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**असमोली, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र असमोली में भाजपा मंडल की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर में पर आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंवासा के ब्लॉक प्रमुख पति हृदेश यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। हरिओम शर्मा ने आपरेशन सिंदूर व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। रोहित पंवार, रोबिंस, महावीर, असमोली प्रधान डौली, देवेन्द्र प्रताप, शिवनंदन गिरि, फूल कुंवर, अंकित पाल, राम गोपाल, मनोज पाल, मनोहर सैनी, पिंटू सागर, सुखवीर, प्रमोद, बंटी सैनी, ओमवीर शर्मा आदि रहे। अध्यक्षता जयपाल सिंह पाल तथा संचालन पंकज गोस्वामी ने किया।

### खनक ने नीट में हासिल किए 95.63 प्रतिशत अंक



**संभल, अमृत विचार :** बाल विद्या मंदिर की मेधावी छात्रा खनक श्री ने नीट यूजी परीक्षा में 95 .63 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। फिजिक्स में 92 .98, केमिस्ट्री में 95 .56 और बायोलॉजी में 95 .28 प्रतिशत अंक अर्जित किए। खनकने इंटरमीडिएट की परीक्षा में भी 93 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान वर्ग में विद्यालय टॉप किया था। अब उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलने की पूरी संभावना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने बताया कि खनक संभल में अपर पुलिस अधीक्षक रहे श्रीशचंद्र की बेटी है। खनक श्री की माता शोभा रानी ने बेटी की सफलता के लिए विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्रबंधक अमिताभ गर्ग ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### योग संतुलन और आत्मविश्वास जगाता है

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पॉवर एवं वूमेन प्राइड की ओर से बिंदल फार्म में शनिवार को कैंप के चौथे दिन प्रशिक्षक श्रुति अग्रवाल ने भुजंगासन, शशांकासन, अश्वसंचलन आसन, पर्वतासन, मरझारी आसन, भ्रामरी, प्राणायाम जैसे आसनों का अभ्यास कराया। कहा कि योग करने से अनेक बीमारियों स्वत: ही समाप्त हो जाती है। योग मानसिक शांति भी प्रदान करता है। हमें संतुलन और आत्मविश्वास का अहसास कराता है। साधना, काव्या, प्रांसी, नैना, निधि, मंजरी, पूजा, मानसी, मोनिका, निधी, रुबी, शिल्पी, अदिति, दीप्ति, सारिका, दीपिका, प्रिया आदि मौजूद रहे।



### शिविर में किया कई लोगों ने रक्तदान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विश्व रक्तदान दिवस पर सहजपार्थ समाज सेवा समिति की ओर से पार्थ हास्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति प्रबंधक व पार्थ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. वीरेश कुमार, समिति अध्यक्ष डॉ. टीएस पाल, डॉ. आरके वार्ष्णेय, सतीश सिंह, हरिओम शर्मा, प्रताप सिंह, श्याम सुंदर, शिवानी यादव, पंकज वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



### थाना दिवस की शिकायतों का करें सही निस्तारण

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ .राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने नखासा व हयातनगर थानों पर आयोजित थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समय अवधि के अंदर निस्तारण कराएं ताकि फरियादियों को इधर-उधर भटकना न पड़े। थाना हयातनगर में 3 जबकि थाना नखासा में 4 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 2 प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी विकास चन्द्र एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने ध्वस्त कराया अवैध ढाबा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर पुलिस ने भैतरी फाटक के पास अवैध रूप से बने ढाबे को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल व पीएसी जवान मौजूद रहे। पूर्व में भैतरी फाटक के निकट अवैध रूप से संचालित हो रहे ढाबे व कब्जा हटाने के लिए को पुलिस ने निर्देश दिए थे। मगर ढाबा संचालक ने ढाबे को नहीं हटाया। शुक्रवार की शाम 4 बजे थाना प्रभारी मेघपाल सिंह ने पुलिस बल व पीएसी के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ दमकलकर्मी भी थे। सबसे पहले दमकलकर्मियों ने ढाबे के तंदूर में पानी डालकर शांत किया। उसके बाद जेसीबी से अवैध रुप से बने ढाबे को ध्वस्त कर कब्जामुक्त कराया गया।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** बहजोई क्षेत्र में गांव पंवासा और विक्रमपुर मार्ग पर युवक का शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। युवक की मां ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पंवासा निवासी टिंकू सिंह (30 वर्ष) पुत्र शांति सिंह शराब का सेवन करता था। शनिवार को टिंकू सिंह का शव गांव पंवासा और विक्रमपुर मार्ग पर सड़क के किनारे मिला। राहगीरों की सूचना पर पंवासा चौकी इंचार्ज नरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। मां तारावती के अनुसार, टिंकू सिंह शुक्रवार को शाम से घर नहीं पहुंचा। उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### कब्रिस्तान के पास 4 बीघा भूमि को कराया जाएगा मुक्त

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थों के साथ कब्रिस्तान का निरीक्षण किया। यहां अभिलेख व कागजात देखे गए। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि कब्रिस्तान से आगे रेलवे क्रासिंग के आगे की भूमि पर कब्रिस्तान के नाम कब्जा कर लिया है। उक्त 4 बीघा भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज में दर्ज है। जिसे शीघ्र ही कब्जा मुक्त कराया जाएगा। वहीं बताया कि पॉवर हाउस में रोडवेज बस स्टैंड पास हुआ है। उक्त बस स्टैंड के नियमित भूमि के पास जो स्थायी व अस्थायी दुकानें है उन्हें भी ध्वस्त कराने की कार्रवाई की जाएगी। इसलिए उक्त दुकानों को लोग स्वयं हटा लिए। अन्यथा दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया जाएगा।

## घर की लिपाई करने के लिए गांव की महिलाओं के साथ मिट्टी लेने गई थीं युवतियां

# दो युवतियां मिट्टी की ढांग में दबीं, एक की मौत

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** गांव की महिलाओं के साथ घर की लिपाई के लिए मिट्टी लेने गई दो युवतियों के ऊपर मिट्टी की ढांग गिर गई। महिलाओं के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवतियों निकाला और अस्पताल भेजा। चिकित्सक ने एक युवती को मृत घोषित कर दिया। दूसरी युवती का निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर निवासी आशा पुत्री जयवीर व कुंती पुत्री नेक्से पड़ोस की महिलाओं के साथ गांव भागनगर में एक तालाब पर से घर की लिपाई करने के लिए मिट्टी लेने गई थी। वह मिट्टी खोद रही थीं तभी मिट्टी की ढांग भरभराकर दोनों युवतियों के ऊपर गिर गई। दोनों युवतियां दब गईं। उनके साथ मिट्टी लेने गई अन्य महिलाओं ने चीखना-चिल्लाना प्रारंभ कर दिया। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने फावड़ों से मिट्टी हटाकर दोनों युवतियों को निकाला। एंबुलेंस ने एक युवती कुंती को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि आशा के परिजन बहजोई के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। कुंती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने उन्हें युवती का शव ले जाने दिया।


विलाप करती मृतका की मां। ● अमृत विचार

**● ग्रामीणों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मिट्टी के नीचे से युवतियों को निकाला**


बहजोई सीएचसी पर कुंती का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

# सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य 40 प्रतिशत पूरा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में निगरानी और सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उम्मीद है कि एक महीने में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। डीएम का कहना है कि संभल सेव सिटी प्रोजेक्ट के तहत कैमरे लगवाए जा रहे हैं।

संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के विरोध में हुई हिंसा के बाद प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने के तहत संभल कोतवाली और नखासा थाना क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का फैसला लिया। 2.6 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत 224 सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने हैं और 60 स्थानों को कवर किया जाएगा। शनिवार को संभल पहुंचे डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि वाइस रिकार्डिंग के साथ तीन तरह के कैमरे संभल सेव सिटी प्रोजेक्ट के तहत लगाए जा रहे हैं। कैमरों की फुटेज देखने के लिए सत्यवृत्त पुलिस चौकी और एएसपी ऑफिस पर टीम रहेगी। फर्म के हर्षित शर्मा ने बताया कि संभल में 30 स्थान कवर कर लिए गए हैं।


कैमरे लगाते कंपनी के कर्मचारी।

**● डीएम ने कहा-संभल सेव सिटी प्रोजेक्ट के तहत लगवाए जा रहे कैमरे**

# चौधरी सराय में चिन्हित किया गया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** चौधरी सराय चौराहा चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण तोड़े जाने के बाद अब चौधरी सराय चौराहे पर भी अतिक्रमण चिन्हित किया जा रहा है। घर के बाहर सड़क किनारे पार्क बनाकर किये गये अतिक्रमण को प्रशासन की सख्ती पर मकान मालिक ने खुद तुड़वाना शुरु कर दिया है।

चंदौसी चौराहे के बाद चौधरी सराय चौराहे को अतिक्रमण मुक्त करने की कवायद शुरु कर दी गई है। पालिका व लोक निर्माण विभाग ने कुछ अतिक्रमण चिन्हित कर उन पर लाल निशान लगवा दिये हैं। चौधरी सराय में मस्जिद के पास बने निजी पार्क के अगले हिस्से को अतिक्रमण के रूप में चिह्नित किया गया था। मकान मालिक ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो शनिवार को तहसीलदार धीरेंद्र मौके पर पहुंचे और मकान मालिक से वार्ता करते हुए उस हिस्से को तोड़ने के लिए कहा। इसके बाद मकान मालिक ने पार्क के हिस्से को तुड़वाना शुरू कराया। अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरु होने से चौधरी सराय में भी दुकानदार सहमे हैं।


अतिक्रमण तोड़ते मजदूर।

**● पार्क का अतिक्रमण मकान मालिक ने खुद तुड़वाया**

**चौराहा चौड़ीकरण** | चन्दौसी चौराहा से अब तक नहीं शिफ्ट की गई बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर

# जितनी दिखाई तेजी, उतनी ही छाई सुस्ती

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बेशक प्रशासन ने संभल के चन्दौसी चौराहा चौड़ीकरण को लेकर पिछले महीने तेजी से कार्य शुरू कराया। सरकारी भवनों के साथ ही तमाम दुकानें तोड़ीं लेकिन अब कार्य सुस्त हो गया है। न तो बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर शिफ्ट हो सका है और न ही शेष बचा अतिक्रमण हटा है। बिजली विभाग लाइन व ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के लिए पीडब्ल्यूडी से बजट मिलने का इंतजार कर रहा है।

प्रशासन ने चंदौसी चौराहा के चौड़ीकरण को लेकर पिछले महीने तैयारी कराई थी। अतिक्रमण की जद में आया यातायात पुलिस बूथ, चेक पोस्ट, शौचालय, शीतल जल प्याऊ हटवा दिया गया तो कई दुकानों के साथ ही बाइक एजेंसी शोरूम का अगला हिस्सा भी तोड़ना पड़ा। इस चौराहे पर बिजली की लाइन और ट्रांसफार्मर को भी शिफ्ट किए जाने की बात थी। जिसके लिए बिजली विभाग ने पीडब्ल्यूडी विभाग से करीब 10 लाख रुपये बजट की मांग की थी लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद बजट नहीं मिल सका है। ऐसे में बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर अभी उसी स्थान पर है। वहीं चौराहा पर कुछ अतिक्रमण भी शेष रह गया है। ऐसे हालात में चौराहा की सूरत खराब नजर आ रही है। बिजली विभाग के एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी ने बताया कि बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से बजट की मांग की गई थी लेकिन अभी तक बजट प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए शिफ्टिंग कार्य शुरू नहीं हो सका है। जैसे ही बजट मिलेगा तो कार्य शुरू कराया जाएगा। एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सुनील प्रकाश का कहना है कि शासन से बजट मांगा गया है। दो-चार दिनों में बजट मिलने की उम्मीद है।


चन्दौसी चौराहा चौड़ीकरण में बाधक बनी बिजली लाइन व पोल। ● अमृत विचार

**● चौराहे पर बाकी रह गया अतिक्रमण भी नहीं हटाया गया**

## एक नजर

### विमान दुर्घटना में मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**गजरौला,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के द्वारा शनिवार को दरियापुर किसान भवन पर अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा शांति के लिए हवन करके 2 मिनट का मोन धारण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी, सत्य प्रकाश शर्मा, विजयवीर सिंह, अरुण सिद्धू, चंद्रपाल सिंह, सीमा चौधरी, इकबाल सैफी, ऋषि पाल सिंह, लोकेश जाटव, राजीव सिंह, शोराज सिंह, चंद्रपाल यादव आदि किसान लोग मौजूद है।

### दिनदहाड़े दुकान से 76 हजार रुपए चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी निवासी तरुण पुत्र गौतम सिंह की अमरोहा मार्ग स्थित कृष्णा पेट्रोल पंप के निकट सीमेंट, रोड़ी और बजरपुट की दुकान है। तरुण ने बताया कि शनिवार दोपहर लगभग 12 :30 बजे वह किसी काम से दुकान से बाहर गए थे। वापस लौटे तो देखा कि गल्ले का लॉक टूटा हुआ था और उसने रखे 76 हजार रुपये गायब थे। कोतवाली प्रभारी वरुण कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### दो महापुरुषों की गलत छवि बना वीडियो किया वायरल

**हसनपुर,अमृत विचार :** शुक्रवार की रात सोशल मीडिया पर दो महापुरुषों की गलत छवि बनाकर वीडियो वायरल कर दिया गया। बताया जा रहा है कि वीडियो आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक द्वारा किया गया है। लोगों में भारी रोष फैला हुआ है। आदमपुर थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह से बात की तो उन्होंने बताया मामला जानकारी में नहीं है अगर तहरीर प्राप्त होती है तो संबंध के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर में लगी आग

**गजरौला, अमृत विचार :** शनिवार कौन क्षेत्र के गांव फौंदापुर गांव में ट्रांसफार्मर में आग लग गई। हजार घरों की बिजली गुल हो गई। पेयजल की व्यवस्था भी चरमरा गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने करीब एक घंटे के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने बताया कि ओवरलोड होने की वजह से ट्रांसफार्मर में आग लगी थी। इसे बदलवाया जा रहा है।

### सनातन जागरण मंच की मासिक बैठक

**हसनपुर,अमृत विचार :** सनातन जागरण मंच हसनपुर की मासिक बैठक का आर्य समाज मंदिर के सभागार में आयोजन किया गया। वीर सावरकर के देश के लिए योगदान को वक्ताओं द्वारा बताया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान करने के बाद विमान र्घ्टना के मृतकों श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# ट्रैक्टर ट्राली में घुसी कार, दो की मौत

## हल्द्वानी से बुलंदशहर लौट रहे थे लोग, कार से मशक्कत कर निकाले गए शव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार इंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी। हादसे में बुलंदशहर के दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



क्षतिग्रस्त कार में फंसा युवक।

हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर शनिवार की तड़के सुबह करीब 4 बजे झनकपुरी के पास हुआ। उमेश पुत्र राजू सिंह, फुरकान पुत्र यूनुस निवासी बुलंदशहर किसी काम से हल्द्वानी गए थे। लौटते समय रजबपुर क्षेत्र में झनकपुरी के पास उनकी कार आगे खड़ी इंटों से लदे ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी। कार के परखच्चे उड़ गए। हादसा इतना भयंकर था कि वहां गुजर रहीं गाड़ियों के पहिए थम गए। हादसे में फुरकान और उमेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य फुरकान नाम का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हा गया। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठा व्यक्ति कार में बुरी तरह फंस गया। लोगों ने कार का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। कार सवार हल्द्वानी से बुलंदशहर लौट रहे थे।

### हाईवे पर चार कारें टकराईं, 13 लोग घायल



**गजरौला,अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर चार कारें अनियंत्रित होकर टकरा गई। 13 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चार की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। दिल्ली के लक्ष्मीनगर निवासी कार सवार लोग नैनीताल जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर गजरौला में भानपुर फ्लाइओवर पर कार के सामने अचानक से बाइक आ गई। उसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी तथा दिल्ली की दिशा में जाने वाली सड़क पर पहुंच गई। दिल्ली की दिशा में जा रही कई कार आपस में टकरा गईं। एक कार में सवार अयान व उसकी मां शबाना, पत्नी आयशा बेटा रिहान, पिता परवेज, नसरीन व अन्य नबील घायल हो गए। जबकि दूसरी कार में सवार मुरादाबाद के गलशहीद निवासी असलम, राजू, ओवैस, मुजफ्फर घायल हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चार लोगों की हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल पर कार्यक्रम आयोजित

**अमरोहा, अमृत विचार :** डिडौली गांव में स्थित रामलीला मैदान में केंद्र में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रिय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि इन 11 सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ा है।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बताई जैसे, राशनकार्ड, शौचालय,आवास, आयुष्मान कार्ड आदि। मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कंचन सिंह,जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शुभम चौधरी, भाजपा नेता मोहम्मद जावेद जिला पंचायत सदस्य पति हाजी अब्दुल सत्तार,पूरन सिंह सैनी, छत्रपाल सिंह,रामप्रकाश वर्मा,मदन वर्मा,माया गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, डाक्टर रेहान, प्रमोद गुप्ता, नितिन गुप्ता, योगेश कुमार, सचिन चाहल, राजा राम पाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सांप से खेलना पड़ा भारी ग्रामीण की जीभ पर डसा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** दीवार से निकले सांप को पकड़कर एक ग्रामीण गले में डालकर खेलने लगा। जीभ निकाली तो सांप ने काटा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया।

हैबतपुर गौसाईं में शुक्रवार की शाम एक ग्रामीण की दीवार में सांप निकल गया। इसी बीच पहुंचे जीतू ने सांप को पकड़ लिया और उसके साथ खेलने लगा। काफी देर तक वह सांप के साथ खेलता रहा। इसके बाद जीतू अपनी जीभ निकालकर सांप पास ले गया। सांप ने उसकी जीभ पर डस लिया। सांप झाड़ियों की तरफ भाग गया। जीतू की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे सीएचसी ले गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्राम प्रधान हैप्पी चौधरी उर्फ जय कीरत सिंह ने बताया कि ग्रामीण की हालत खतरे में है। उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सांप को जीभ पर लगाता ग्रामीण।

## 1058 पुलिस रिक्रूट्स लखनऊ गए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले के 1058 नवचयनित पुलिस रिक्रूट्स को लखनऊ में नियुक्ति पत्र मिलेगा। एसपी ने पुलिस लाइन से 24 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उससे पहले एसपी ने रिक्रूट्स को दिशा निर्देश दिए।

अमरोहा जिले से चयनित कुल 1058 अभ्यर्थियों जिनमें 817 पुरुष, 241 महिला को रविवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। शनिवार सुबह पुलिस रिक्रूट्स पुलिस लाइन में एकत्र हुए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने ब्रीफिंग में चयनित अभ्यर्थियों, उनके परिवहन हेतु निर्धारित बस चालकों, ड्यूटी पर नामित पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगी स्टाफ को यात्रा व्यवस्था, सुरक्षा, अनुशासन तथा समयबद्ध संचालन से संबंधित दिशा-निर्देश दिये। कहा कि यह अवसर उनके जीवन में एक नए दायित्व और कर्तव्यबोध की शुरुआत है। सभी से अपेक्षा की कि वे पुलिस सेवा में ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव के साथ कार्य करेंगे तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

ब्रीफिंग के बाद एसपी ने चयनित अभ्यर्थियों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया कि नियुक्ति पत्र मिलने के बाद ये सभी रिक्रूट उत्तर प्रदेश पुलिस बल में अपनी सेवाएं देंगे। पर पुलिस अधीक्षक एके भदौरिया, सभी सीओ, आरआई मौजूद रहे।



बस में रिक्रूटस से बात करते एसपी अमित आंनद। • अमृत विचार

- सभी रिक्रूट्स को मुख्यमंत्री देंगे नियुक्ति पत्र,अमरोहा में 817 पुरुष 241 महिलाओं का चयन हुआ

## युवक की बीमारी से मौत के बाद सास-बहू में मारपीट

- बहू समेत मायके पक्ष के चार लोग घायल हो गए

**हसनपुर, अमृत विचार:** सैदनगली थाना इलाके के एक गांव में युवक की बीमारी की मौत के बाद पत्नी एवं मृतक युवक की मां के बीच कूड़ा उठाने को लेकर मारपीट हो गई। मायके एवं ससुराल पक्ष के बीच जमकर मारपीट एवं लाठी डंडे चलें। जिसमें बहू समेत मायके पक्ष के चार लोग घायल हो गए।

हसनपुर क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी मुन्ना लाल की बेटी रजनी 3 हफ्ते से अपने मायके में रह रही थी। वहीं, उसके पति का बीमारी के चलते शनिवार को निधन हो गया। रजनी अपने मायके वालों के साथ ससुराल पहुंची। अंत्येष्टि के लिए शव को गंगा घाट ले जाया जा रहा था। इसी दौरान कूड़ा उठाने को लेकर रजनी एवं उसकी सास के बीच कहासुनी होने लगी। सास ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए रजनी के मायके वालों को ससुराल पक्ष के लोगों ने पीटना शुरू कर दिया। जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में रजनी, उसकी मां संतोष,भाई अजय,अजीत तथा पिता मुन्नालाल घायल हो गए। एसएसआई नीरज कुमार ने बताया कि मारपीट संबंधित तहरीर प्राप्त हुई है घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## उझारी उर्स में देर रात तक होती रहीं कव्वालियां

**उझारी/सैदनगली, अमृत विचार:** हजरत शेख दाऊद बंदगी की दरगाह पर उर्स का शुभारंभ मिला दे पाक से शुरू किया गया। देर रात तक कव्वालियों का प्रोग्राम भी चलता रहा।

उर्स कमेटी के अध्यक्ष मो. ताहिर उर्फ हकीम चमन ने बताया कि उर्स में आने वाले जायरीनों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। स्वच्छ जल की व्यवस्था की गई है। मेहमानों के लिए वक्त पर लंगर तक्सीम कराया जा रहा है। ताकि कोई भूखा न रहे। उर्स के संचालन में कोई भी बाधा उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आएंगे और दरगाह पर हाजिर होकर अपने मन की मुरादें मांग रहे हैं। इस अवसर पर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सैदनगली महोत्सव में शेखचिल्ली ने किया मनोरंजन




**सैदनगली( अमरोहा), अमृत विचार :** सैदनलगी महोत्सव में हरिराम तूफान ऊर्फ शेखचिल्ली, मोनी शर्मा ऊर्फ रुखसाना और उनकी टीम ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। शेखचिल्ली के जोक पर लोग खूब ठहाके मारकर हंसे। एसपी अमित आनंद ने रिटायर्ड व वर्तमान पुलिसकर्मियों, आंगनबाड़ी महिलाओं और आशा बहनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सैदनगली में नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ अनुकृति चौधरी के दो वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में पहुंचे हरिराम तूफान ऊर्फ शेखचिल्ली ने चुटकुले व अपनी कलाकारी से लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। अतिथियों ने रिटायर्ड व वर्तमान पुलिसकर्मियों, आंगनबाड़ी महिलाओं और आशा बहनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने बताया कि इस आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। महोत्सव में मुख्य अतिथियों में एटा विधायक विपिन कुमार ( डेविड), एमएलसी अरुण पाठक, विधायक गणेश चंद्र चौहान रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री ( किसान मोर्चा) कुंवरपाल सिंह खड़कवंशी और पवनेश माथुर उपस्थित रहे। नीटू भाटी, अवनीश शर्मा, नरेश सैनी, सत्यम गुप्ता, शेरपाल सिंह गुर्जर, प्रेम शर्मा, कुलदीप प्रधान, जगपाल सिंह कटारिया, अंकित शर्मा, कमल वर्मा, प्रत्यक्ष शर्मा, दयानंद चौधरी, सुधीर शर्मा, अनुज शर्मा, दीपक त्यागी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नमाज पढ़ने के दौरान विवाद ,दो पक्षों के बीच पथराव



**सैदनगली, अमृत विचार :** गांव सकतपुर में नमाज के दौरान बच्चों में कहासुनी के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्ष ने छत पर चढ़कर एक दूसरे के ऊपर पथराव किया।पुलिस ने दोनों पक्षों के 7 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव सकतपुर में शुक्रवार को नमाज के दौरान फैज पुत्र तहसीन, शारिक पुत्र इफरान में बैठने को लेकर विवाद हो गया। दोनों में कहासुनी हुई उसके बाद घर चले गए। बाद में दोनों के परिजन आमने-सामने आ गए। एक दूसरे के ऊपर पथराव करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया है। पथराव में शारिक एवं तहसीन को मामूली चोटे आई। क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि उप निरीक्षक कमलेंद्र कुमार की तहरीर के आधार पर इरफान पुत्र मंगू,शारिक पुत्र इरफान, यूनुस पुत्र सुक्खा, छुटवा,तहरीन,शमीम पुत्र यासीन, यासीन पुत्र नत्थू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### डीएम , एसपी ने किया टीबी जांच मशीन का आरंभ



**गजरौला, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन की स्वास्थ्य सेवाओं से जनपदवासी काफी लाभांवित हो रहे हैं। टीबी की रोकथाम के लिए आईजीआरएस सिस्टम के बाद अब इसकी जांच के लिए मंगवाई गई मशीन काफी उपयोगी साबित होगी। शनिवार को मोहल्ला नाईपुरा में सादुल्लापुर मार्ग पर स्थित जेबीएफ के मेडिकल सेंटर पर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने एसपी अमित कुमार आनंद, सीएमओ डा .एसपी सिंह, जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा एवं निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित के साथ टीबी की जांच करने वाली अत्याधुनिक मशीन और मोबाइल डेंटल वैन का शुभारंभ किया। डा. सुजिंदर फोगाट, जिला क्षय रोग अधिकारी डा,विशाल त्रिवेदी, एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ मंडी धनौरा श्वेताभ भास्कर, डा. नितिन राय, डा. श्वेता गुप्ता, जुबिलेंट में एचआर हेड मनोज शर्मा, सुमित गर्ग, गजरौला इंस्पेक्टर अखिलेश प्रधान आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 126 लोगों ने किया रक्तदान




**अमरोहा,अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शनिवार को रक्तदान शिविर में126 यूनिट रक्तदान किया। आरंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डीन मेडिकल डॉ. संजीव भट्, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉएमएस प्रभु, डॉ. गरिमा भटनागर, डॉ. नौशाद अंसारी आदि ने किया। कुलपति डॉ. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, नर्सिंग डीन डॉ. एमएस प्रभु, डॉ. सची अहलावत, डॉ. नीविशा, डॉ.कवंर, डॉ. मनीष, डॉ. स्नेहा गौतम, एमए चौधरी, फरहीन, नर्सिंग हेड ज्योति वाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

### वाटर टैंक से सप्लाई की मांग, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामीणों ने पेयजल की टंकी पर तैनात कर्मचारियों पर पानी को बंद किये जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। शनिवार की सुबह ब्लॉक क्षेत्र के गांव नूरपुर खुर्द के ग्रामीणों ने गांव में पेयजल की टंकी पर तैनात कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत टंकी का निर्माण किया गया था। उसको चालू भी कर दिया गया था। ऑपरेटरों ने कुछ समय तक टंकी का संचालन ठीक से किया। अब आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद कर दी। स्पलाई चालू करने को कहते हैं तो अभद्रता की जाती है। प्रदर्शन करने वालों में योगेंद्र कुमार, रामपाल सिंह, गंगादास, सुरेंद्र कुमार ,देवेंद्र, पुष्पेंद्र कुमार, सत्येंद्र सिंह, टेकचंद, कमलेश, जीवेश, जयप्रकाश आदि शामिल रहे।

### थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें हुईं दर्ज



**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों की फरियाद उप जिला अधिकारी विभा श्रीवास्तव ने सुनी। थाना समाधान दिवस में मात्र पांच शिकायतें दर्ज हुई। जिनके निस्तारण हेतु एसडीएम द्वारा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर भेजा। एसडीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण हेतु स्वयं मौके पर जाएं। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार, कस्बा इंचार्ज संदीप पवार, हल्का लेखपाल हरीश कुमार सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी पर कर्मचारी मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
▪ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
▪ BRIT (Intake-80 Seats)
▪ BPT (Intake-40 Seats)
▪ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
▪ BOTT (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
▪ MPT (Intake-20 Seats)
▪ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
▪ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
▪ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
▪ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
▪ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# सड़क निर्माण में बाधक खंभों को हटाने के निर्देश

## डीएम-एसपी ने कब्जा मुक्त जमीन देखी, एसडीएम ने बदायूं चुंगी पर होटल की सीढ़ियों को कराया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कब्रिस्तान पर कब्जा मुक्त कराई भूमि का निरीक्षण किया। सड़क निर्माण में बाधा बन रहे विद्युत पोलों को तुरंत हटाने के निर्देश एसडीओ को दिए हैं। एसडीएम ने बदायूं चुंगी पर एक होटल की सीढ़ियों को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। साथ ही होटल के आसपास बने मकानों के कागज चेक किए। इस दौरान तहसील व नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

शनिवार की शाम जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, एसडीएम विनय मिश्रा कब्रिस्तान पहुंचे। यहां कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। यहां सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे विद्युत पोलों को एसडीओ व नगर पालिका जेई से शीघ्र ही हटाने के निर्देश दिए। कार्रवाई की चेतावनी दी। एसडीएम तहसील व नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बदायूं चुंगी पर पहुंचे। जहां एक होटल के कागज देखे और सीढ़ियों को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। होटल के निकट अन्य मकानों के कागज भी चेक किए। बताया कि होटल नक्शे के आधार पर नहीं बना है। इस दौरान तहसीलदार रवि सोनकर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी प पुलिसबल मौजूद रहा।



बदायूं चुंगी पर होटल की सीढियां तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार



घरों के कागज चेक करते एसडीएम विनय कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

## पुलिस ने 10 लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

**हसनपुर,अमृत विचारः** थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव सकतपुर में शुक्रवार की शाम को गांव के मोहल्ले में बच्चे खेल रहे थे,इस दौरान बच्चों के बीच विवाद हो गया था। परिजनों को खबर लगी तो कहासुनी के बाद उनके बीच मारपीट हो गई।

मारपीट के दौरान दोनों पक्षों में जमकर पथराव भी हुआ था। 5 लोग घायल हो गए थे। मारपीट एवं पथराव की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मारपीट एवं पथराव के मामले में दोनों पक्षों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।लेकिन पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए दोनों पक्षों के 10 नामजद एवं कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि




**अमरोहा,अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पंचायत नौगांवा सादात में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें अहमदाबाद प्लेन क्रैश में हुए मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च निकाल कर मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह, शाहिद सिद्दीकी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष इमरान अब्बास नकवी, फैज़ आलम राईनी, इकबाल अंसारी, मेरजुल जफर, शेर सिंह जाटव, हर्षित चौधरी, जीशान अली, सचिन चौहान, इसरार अंसारी, शमीम अली, सुरेंद्र प्रजापति, सुजात अली अंसारी, मो तालिब आदि मौजूद रहे।

## भारत ने वैश्विक मंचों पर सशक्त राष्ट्र की बनाई पहचान



**बबराला,अमृत विचार :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा मंडल बबराला द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह योजनाएं आज देश के गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के लिए आशा की किरण बन चुकी हैं। मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंचों पर सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। शिखर गोयल ,नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन, पूर्व विधायक अजीत कुमार यादव ने भी विचार व्यक्त किए। विनय, उमेश यादव, रोहित शर्मा, अतुल यादव, अरुण यादव, मोरपाल सिंह यादव, मोनू ठाकुर, मदन लाल शर्मा, कुमारपाल यादव, विनोद यादव, डिंपल, राजीव महेश्वरी, विपिन गोयल आदि मौजूद रहे।

## 11 साल में सरकार ने किये जनकल्याण के कई काम



**संभल, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी सिरसी मंडल की और से गढ़ी में राजरानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि 11 साल में देश में विकास के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। जयप्रकाश प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र त्यागी,जिला उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र सिंह , पंकज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष राजबहादुर पासी आदि मौजूद रहे।

## युवक का तालाब के पास मिला शव

**जुनावई,अमृत विचार :** जुनावई थाना थाना क्षेत्र के गांव से तीन दिन पहले बैग में कपड़े भरकर युवक दिल्ली मजदूरी करने की बात कह कर निकला था। युवक का शव गांव के ही अमृत सरोवर तालाब पर एक पेड़ में रस्सी के फंदे से लटका मिला। देर शाम खेत से घास छीलकर निकली महिलाओं को बदबू आने पर उन्होंने बदबू आने वाले स्थान को इधर-उधर तलाश किया। शव नजर आने पर महिलाओं के द्वारा गांव में सूचना देकर अवगत कराया गया। लटके हुए युवक की रस्सी काट कर नीचे उतारा गया। युवक का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# पेड़ से टकराया ट्रक, दो की मौत,एक घायल

- ट्रेन के पहिये लेकर ट्रक हरियाणा के यमुनानगर जा रहा था
- पुलिस ने कटर मंगाकर दोनों शव केबिन से निकाले

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर

**अमृत विचारः** बिजनौर -नूरपुर मार्ग गांव पजनिया में ट्रेन के व्हीलस से भरा 14 टायरा ट्रक हाईवे के किनारे अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया गया। ट्रेन के व्हीलस ट्रक के केबिन धंसने से चालक व उसके भाई की मौके पर मौत हो गई। जबकि परिचालक को गंभीर घायल अवस्था में बिजनौर के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हाइड्रा और कटर मंगाकर दोनों मृतक भाई के शव को केबिन से बाहर निकाला और व्हील्स को हटवाया।

शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब 2:00 बजे मुरादाबाद की ओर से हरियाणा के यमुनानगर जा रहा 14 टायरा ट्रक संख्या पीवी 65 एयू 9331अनियंत्रित होकर बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे के किनारे पावर कोल्हू पर खड़े पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में पंजाब के ट्रक चालक गिरवेल सिंह पुत्र कुलवंत सिंह 45 वर्ष, गुरजंट सिंह पुत्र कुलवंत सिंह की ट्रेन के व्हील्स के नीचे दबकर मौत हो गई जबकि परिचालक गोपी पुत्र रिशन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि तीनों मुरादाबाद से ट्रेन के व्हील्स ट्रक में लादकर यमुनानगर ले जा रहे थे। दुर्घटना में ट्रक का केबिन टूटकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवाए। जबकि परिचालक गोपी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि ट्रक के केबिन से बरामद आधार कार्ड व अन्य कागजात की सहायता से मृतक दोनों भाइयों एवं घायल के परिजनों को सूचना दी गई है। उन्होंने बताया कि मृतक दोनों भाई एवं परिचालक पंजाब प्रांत के जनपद फतेहाबाद के गांव खेला के निवासी हैं।



पेड़ से टकराया ट्रक। ● अमृत विचार

## संभल में जिला मुख्यालय की मांग

**संभल,अमृत विचारः** श्री कल्कि नगरी विकास समिति की बैठक में संभल में जिला मुख्यालय की मांग की।

कहा गया कि जिला मुख्यालय संभल तहसील को परिधि में और शहर के नजदीक होना चाहिए। शीघ्र ही एक शिष्टमंडल लखनऊ जाने पर विचार किया गया। अरविंद सिंह एडवोकेट, अजय गुप्ता, अमर रस्तोगी, राजीव गुप्ता सर्राफ, शान्तनु सक्सेना, हरिओम गम्भीर, नरेश शुक्ला एडवोकेट, शोभित शास्त्री, दीपक गुप्ता, गंगा रानी एडवोकेट, सरिता गुप्ता, सीमा आर्य, मंजू आर्य, नवीन, मदन, पंकज रस्तोगी, अजय शर्मा, नीरज अग्रवाल, सनी, आकाश रुहेला, गौरव शर्मा, अभिषेक गुरु, राजीव गुप्ता, बिट्टू चाहल, हरिओम गंभीर, राकेश अग्रवाल, हरिओम चंद्रा आदि उपस्थित रहे।

# बिजली के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचारः** बुरावली क्षेत्र में बिजली न आने पर भाकियू के लोगों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। बिजलीघर में अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी दी। कहा कि सारे फिडर बंद किए जाएंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद नागर के आवास पर कार्यकर्ता व किसान एकत्रित हुए। किसानों ने कहा कि गांव तरौली में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगभग 10 दिन पूर्व फुंक गया था। इसके बाद ट्रांसफार्मर लगभग 5 दिन पहले बदल गया लेकिन गांव में अभी तक बिजली चालू नहीं की गई। घरों में अंधेरा है लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के साथ भाकियू नेताओं ने अर्धनग्न होकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि सप्लाई ठीक नहीं हो जाती तो रविवार को बिजलीघर बुराबली पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। हरिओम ठाकुर ,मनोज ठाकुर ,परम ठाकुर भूपेंद्र नागर, बबलू शर्मा ,रिंकू नागर, आनंद ठाकुर ,अफसर , प्रमोद नागर ,बाली कश्यप, सुधांशु शर्मा, मोनू पाल ,राजेंद्र कश्यप, आदि लोग मौजूद रहे।



अर्धनग्न हो प्रदर्शन करते भाकियू शंकर के लोग व किसान। ● अमृत विचार

- भाकियू कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने धरने की दी चेतावनी

# भीषण गर्मी में बिलबिला उठे लोग

- शुक्रवार को ठंडी हवा से मिली थी राहत लेकिन शनिवार को गर्मी ने दिखाए तेवर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शुक्रवार को बारिश तो कहीं ठंडी हवा चलने से राहत मिली लेकिन शनिवार को गर्मी ने फिर तेवर दिखाए। दोपहर के वक्त पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार पहुंचा तो लोग बिलबिला उठे। पंखे और कूलर शोपीस बनकर रह गए तो शीतल पेय पदार्थों से भी कुछ ही देर के लिए राहत मिल सकी।

शनिवार को सुबह से ही तेज धूप के कारण लोग दिक्कतों से जूझते दिखाई दिए। समय बढ़ने पर पारा चढ़ने लगा और लोगों की परेशानी भी बढ़ती गई। दोपहर में आलम यह हो गया कि पांच मिनट में ही गला सूखने लगा और सिर चकराने के हालात बने। लोगों ने घरों में कैद होना शुरू किया तो बाजारों और मुख्य मार्गों पर सन्नाटे का माहौल बना। वहीं पंखे और कूलर भी उम्मीद पूरी नहीं कर सके। लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया लेकिन कुछ ही देर राहत मिल पाई। ऐसे में लोग भीषण गर्मी के कारण बिलबिला गए। जो लोग जरूरी काम से निकले उन्होंने चेहरे और सिर को कपड़े से ढका। शाम के वक्त भी चिलचिलाती धूप की वजह से माथे से पसीना टपकता रहा और लोग बेचैन नजर आए।



## सार-संक्षेप

### विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**चन्दौसी, अमृत विचार :** वंदे भारत ( राष्ट्रवादी संगठन) के पदाधिकारियों ने अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को शहीद भगत सिंह स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। संगठन के जिलाध्यक्ष आकाश कुमार, दिनेश पाल सिंह, विवेक कुमार त्रिपाठी, शगुन ठाकुर, रोहित ठाकुर, सतेंद्र कुमार, यश गौतम, नीलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बताईं उपलब्धियां



**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से सुभाष रोड स्थित कैंप कार्यालय पर मोदी सरकार के 11 वर्ष होने पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष भीष्म शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश के नागरिकों को अनेकों कल्याणकारी योजनाएं दी है। योजनाओं का लाभ सबसे नीचे पायदान पर जीवनयापन कर रहे लोगों को भी मिला है। पूर्व संयोजक पंकज गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य के नजरिए से देखे तो भी हमें स्वच्छ भारत अभियान का सीधा फायदा मिला है। तरुण नीरज, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मनोज दिवाकर, चंद्रपाल सिंह, मनोज कठेरिया, सुधीर मल्होत्रा, डॉ. टीएस पाल, विनोद विन्नी, अरविंद गुप्ता, गिरीश रतन, कुमुद अग्रवाल, अभिनव शर्मा, राजेंद्र सिंह, शिव कुमार, अमन कोरी आदि मौजूद रहे।

### हाईस्कूल, इंटर के मेधावियों को किया सम्मानित



**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के मोहल्ला चौधरियान में रौनक पब्लिक लाइब्रेरी की ओर से हाईस्कूल और इंटर के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। चौधरी रुस्तम अली और मौलाना एहतेशाम अली की ओर से हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हकीम जफर अहमद रहे। एमजीएम कॉलेज के डॉ. आबिद हुसैन हैदरी ने कहा कि अच्छी किताबों का एक जगह मिलना तालीमी इंकलाब के लिए बहुत जरूरी है। जेएलएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार रस्तोगी और बहमन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शोभित रस्तोगी मौजूद रहे। संचालन कमर अब्बास ने किया।

### जिला जज से मिले डीएम व एसपी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** डीएम व एसपी शुक्रवार की शाम जिला न्यायालय पहुंचे। यहां दोनों अधिकारियों से जिला जज से वार्ता की। इसके बाद जिला जज दोनों अधिकारियों के साथ जिला न्यायालय के बाहर आए। डीएम से जिला न्यायालय की बाउंड्री से लगे ट्रांसफार्मर को हटाने के बात कही। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शुक्रवार रात दो समुदाय के युवकों के बीच हुए झगड़े में एक युवक द्वारा फायरिंग करने की सूचना मिली। पुलिस ने जब आस-पास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो ऐसी कोई घटना सामने नहीं आयी है। न ही वह युवक दिखायी दिया। अवैध ढाबे पर डीएम के निर्देश पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

### सभासदों ने उठाए नपा की कार्यप्रणाली पर सवाल



**स्योहारा, अमृत विचार :** सभासदों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े किए। यह बैठक सभासद मोहम्मद नोमान के निवास पर हुई। सभा में प्रमुखता से यह मुद्दा उठाया गया कि नगर क्षेत्र में जलकर बिना किसी विधिवत प्रस्ताव या बैठक के पारित कर दिया गया है। सभासदों ने इसे अविलंब वापस लेने की मांग की। आउटसोर्सिंग से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता की कमी पर भी चिंता जताई गई। लाइट मरम्मत और आपूर्ति कार्यों के संबंध में भी जानकारी न दिए जाने पर असंतोष प्रकट किया गया। सभासदों ने कस्बा-2 जैसे नगर सीमा से बाहर के क्षेत्र में टैक्स वसूली को अनुचित बताया ।बैठक में सभासद आसिफ मंसूरी, सत्येंद्र सैनी, विनोद तोमर, राधे प्रजापति, जयप्रकाश, आदेश कुमार, मुबाशिर अहमद, मोहम्मद यासीन, इरशाद अहमद, मोहम्मद यूसुफ, रईसा खातून, सुभद्रा, रिजवान अहमद व जब्बार अहमद मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जल टैक्स और गृह कर शासनादेश के अनुसार लगाए गए हैं। लाइट मरम्मत पिछले 5-6 महीने से बंद है और खराब लाइटों को ही बदला गया है। आउटसोर्सिंग में केवल आवश्यकता अनुसार लोगों को कंपनी द्वारा रखा जाता है।

## वर्ग पहेली- 2

**बाएं से दाएं**

1. 1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2. 1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6. 1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ।

9. रवेवाला, दानेदार।

**ऊपर से नीचे-**

1. 1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।

3. 1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4. 1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5. 1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7. 1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।



### वर्ग पहेली -1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बा | का | | 2 इ | | 3 जी | |
| ल | | 4 अ | म | ल | ता | सी |
| | 5 उ | | र | | जा | |
| | प | | जें | | ग | |
| 6 अ | धि | शा | सी | | ता | |
| गि | | | | | | |
| 7 या | र | बा | श | | 8 ब | च |

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | 8 | | | | | 1 |
| 9 | 2 | | 1 | | 6 | | | 4 |
| | | 2 | 3 | | | 9 | | |
| | 8 | 7 | | | | 3 | 4 | |
| | | 1 | | | 2 | 6 | | |
| 8 | | | 9 | | 5 | | 2 | 3 |
| 1 | | | | | 8 | | | 7 |
| | 3 | 6 | | | 4 | | | |

### सुडोकू - 8 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-15 .51 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-श्रवण 16 जून 13 .00 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** आज आपकी दिनचर्या काफी संतुलित रहने वाली है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा। जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**वृष** आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। काफी समय से जिस कार्य के लिए आप योजना बना रहे थे उसे प्रारम्भ कर सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** आज दांपत्य संबंधों में परेशानी हो सकती है। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। आपको अत्यधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। जॉब में सहकर्मियों के व्यवहार से परेशान हो सकते हैं। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।

**कर्क** आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहने वाला है। लोगों के प्रति आपके सहयोगात्मक व मैत्रीपूर्ण व्यवहार की सराहना होगी। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से लाभ होगा। विदेशी भूमि में सफलता मिल सकती है।

**सिंह** आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय देना पड़ेगा। फिर भी अपनी क्षमता से अधिक काम न करें। घर के मामलों को बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। अत्यधिक दयालुता में काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** आज प्रेम संबंधों के मामलों में परेशानी हो सकती है। संतान की उन्नति से आप हर्षित रहेंगे। विवाह योग्य संतान को विवाह प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी बदलने का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है।

**तुला** आज साझेदारी से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता अवश्य रखें। किसी पर भी आंख-मूंदकर विश्वास न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। विवादों से दूर रहना उचित होगा। आज आप परिजनों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक** आज आपकी आय में वृद्धि होगी। छात्रों को पढ़ाई में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। छोटे व्यापारियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** आज किसी प्रियजन को लेकर नकारात्मक खबर मिल सकती है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय व्यर्थ हो सकता है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। आज किसी को भी वादा न करें। स्वास्थ्य थोड़ा नरम हो सकता है।

**मकर** महिलाओं के लिए आज का दिन काफी प्रगतिशील रहेगा। सभी कार्यों को सोच-समझकर करने से सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा से लाभ होगा। व्यवसाय को लेकर कोई महत्वपूर्ण डील हो सकती है। वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कुंभ** आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों को लेकर सम्वेदनशील रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। मन में अनजाना भय व्याप्त हो सकता है। कानूनी मामलों में नुकसान होने की आशंका है।

**मीन** आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोरी महसूस कर सकते हैं। प्रेमी जोड़े विवाह को लेकर तैयारी कर सकते हैं।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुदूर इलाके में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने बताया कि थानामंडी के इस्लामपुर इलाके में राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों द्वारा चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने की तलाशी में 400 ग्राम विस्फोटक सामग्री, मशीन गन की 48 गोलियां, पिस्तौल की पांच गोलियां, एके-47 की एक गोली और एक आंसू गैस का गोला बरामद हुआ।

### दिल्ली स्थित सीसीएस इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनपथ रोड स्थित सीसीएस इमारत में शनिवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजकर 13 मिनट पर जनपथ रोड पर स्थित सीसीएस बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा और दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया।

### ड्रग्स में यूएई से निर्वासित आरोपी हिरासत में

**मुंबई।** महाराष्ट्र की विशेष एनडीपीएस अदालत ने शनिवार को राज्य में 252 करोड़ का मादक पदार्थ बनाने में कथित संलिप्तता के लिए संयुक्त अरब अमीरात से निर्वासित आरोपी ताहिर सलीम डोला को पुलिस हिरासत में भेज दिया। सांगली में अवैध मेफेड्रोन विनिर्माण इकाई चलाने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा वांछित डोला को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पित किया गया। इससे पहले शहर की पुलिस ने सोलापुर के एक कारखाने से 256 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था।

### छत्तीसगढ़ से बांग्लादेशी पति-पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद दिलावर (49) और उसकी पत्नी परवीन बेगम (44) को गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद दिलावर और उसकी पत्नी बांग्लादेश के मुंशीगंज जिले के निवासी हैं तथा पिछले 15 वर्ष से अवैध रूप से रायपुर में रह रहे थे।

# राहुल को विदेश नीति की समझ नहीं : रविशंकर

## पाकिस्तान में राहुल के बयानों की सराहना हो रही है, वहां के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं

**पटना, एजेंसी**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के फैसले पर टिप्पणी के लिए आलोचना की और कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है।

पाकिस्तान संरक्षित आतंकवाद और इसपर भारत के रुख के बारे में लोगों को अवगत कराने गये संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल रविशंकर ने यूरोपीय देशों से लौटने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, डेनमार्क, बेल्जियम और अन्य देशों का दौरा किया और वहां के नेताओं को इस मुद्दे पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरी दुनिया को बताया गया कि आतंकवाद और हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे उत्पात पर भारत का रुख क्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया।

रविशंकर से पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे और इस पर नरेंद्र मोदी की चुप्पी को लेकर श्री राहुल गांधी के निशाना साधने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब किसी भी भाजपा नेता ने कभी भी भारत सरकार को ऐसे मुद्दे पर शर्मिंदा नहीं किया, जब देश पाकिस्तान या किसी अन्य देश के साथ सैन्य अभियान में लगा हुआ था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में, मैंने मुंबई में ताज होटल पर 26/11 के आतंकी हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार को शर्मिंदा करने वाला एक भी शब्द नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि राहुल के बयानों की पाकिस्तान में सराहना हो रही है। पाकिस्तान के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं। रविशंकर ने कहा कि यूरोपीय देशों ने आतंकवाद पर भारत के रुख का पूरी तरह से समर्थन किया और स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भारत के साथ

**पटना।** सांसद रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में उन्होंने जिन यूरोपीय देशों का दौरा किया, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत को पूरा समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद कैंसर है, जो दुनिया को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने पटना में कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतने के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए यूरोपीय देशों का दौरा किया। पूरी दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उनमें ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, डेनमार्क और जर्मनी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने हाउस ऑफ कॉमन्स के नेताओं से मुलाकात की और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है तथा हम इसकी निंदा करते हैं।

# आग से प्रभावित सिंगापुर के जहाज को समुद्र तट से दूर ले जाया गया

**कोच्चि, एजेंसी**

सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज में लगी आग बुझाने के लिए जारी अभियान के बीच शनिवार को जहाज को समुद्र तट से और दूर ले जाया गया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में कोलंबो से मुंबई की ओर जाते समय केरल के तट के निकट जहाज में आग लग गई थी। सूत्रों ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से 40 समुद्री मील दूर ले जाया गया है। इससे पहले यह जहाज तट से 27 समुद्री मील दूर था।

रक्षा वक्तव्य के अनुसार, 'टोइंग ऑपरेशन' (जहाज को खींचने का अभियान) की शुरुआत दक्षिणी नौसेना कमान के एक सीकिंग हेलीकॉप्टर से की गई। बयान में कहा गया है कि 'टोइंग ऑपरेशन' आवश्यक था, क्योंकि आईसीजी जहाजों की बोलार्ड पुल क्षमता (जहाज की खींचने की क्षमता) सीमित होती है। बयान में कहा गया है कि हालांकि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से दूर ले जाने में सफल रहे, लेकिन तेज हवाओं के कारण यह तेजी से किनारे की ओर जाने लगा। बयान में कहा गया है कि इसके बाद, प्रतिकूल मौसम के बावजूद, बचाव दल को जहाज पर चढ़ाया गया और एक रस्सी को जहाज से जोड़ा गया। रक्षा वक्तव्य में कहा गया है, खींचने (टोइंग) का अभियान शुरू हो गया है।



केरल तट पर जहाज एमवी वान हाई 503 में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश करती भारतीय नौसेना।

# जम्मू कश्मीर में 17 से दोबारा खुलेंगे पर्यटन स्थल

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 17 जून से राज्य के कई पर्यटन स्थलों और उद्यानों को जनता के लिए पुनः खोलने का आदेश दिया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद इन्हें बंद कर दिया गया था। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखे पोस्ट में कहा कि अन्य पर्यटन स्थलों को भी चरणबद्ध तरीके से दोबारा खोला जाएगा।

मनोज सिन्हा ने कहा कि मैंने जम्मू एवं कश्मीर डिविजनों के उन कुछ पर्यटनस्थलों को दोबारा खोलने का आदेश दिया है जिन्हें सुरक्षा कारणों से एहतियाती तौर पर अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दिया गया था। पहलगाम बाजार में बेताब घाटी एवं पार्क, वेरीनाग पार्क, कोकरनाग पार्क और अचाहबल पार्क 17 जून से पर्यटकों के लिये दोबारा खोल दिये जांएगे। उपराज्यपाल ने कहा दोबारा खुलने वाले अन्य पर्यटनस्थलों में श्रीनगर स्थित बादमवारी पार्क, डक पार्क, तकदीर पार्क, कठुआ में सार्थल धागर, रईसी में देवी पिंडी, सियाद बाबा एवं सूला पार्क, डोडा में गुलदंदा एवं जय घाटी और ऊधमपुर में पंछेरी शामिल है। उन्होंने कहा कि ये सभी पर्यटन स्थल क्रमबद्ध तरीके से पुनः खोले जांएगे। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 30 अप्रैल को करीब 50 पर्यटन स्थलों और ट्रैकिंग स्थलों को बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे।



● पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से बंद थे

# विमान दुर्घटना में सरकार को मुआवजा देना चाहिए : खरगे

**अहमदाबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना में जवाबदेही तय करनी चाहिए। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद खरगे ने कहा कि केंद्र को मृतकों के परिजन और घायलों को मुआवजा देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया। भारतीय तथा विदेशी नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए खरगे ने कहा कि शहर के लोग इस भयावह दुर्घटना को कभी नहीं भूलेंगे। खरगे ने कहा, किसी को भी ऐसी घटनाओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए और यह नहीं कहना चाहिए कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं या यह तो आम बात है। मैं कहना चाहूंगा कि किसी को घायलों से मिलकर और फोटो खिंचवाकर श्रेय लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

# संविधान विकासशील दस्तावेज है जो बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एडिनबर्ग लॉ स्कूल में संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर सीजेआई ने रखे अपने विचार

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने भारतीय संविधान को एक जीवंत और विकासशील दस्तावेज बताया, जो विभिन्न परिस्थितियों में अपेक्षित परिवर्तनों के अनुरूप ढल जाता है। एडिनबर्ग लॉ स्कूल में शुक्रवार को संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर अपने संबोधन में सीजेआई ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में बदलते दौर की चुनौतियों का सामना करने के लिए संविधान में कई संशोधन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान की व्याख्या के कारण कुछ मुद्दे उठे, संसद ने संविधान में संशोधन करके उनका समाधान किया, ताकि नयी पीढ़ी के बदलावों तथा परिस्थितियों में आए परिवर्तन की मांग के अनुरूप बदलाव किए जा सकें। प्रधान न्यायाधीश ने पूर्व में संविधान को एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में वर्णित किया था, जो न केवल अधिकारों की गारंटी देता है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से शोषित तबके का सक्रियता से उत्थान करता है।

# पांच विदेशी विश्वविद्यालय मुंबई में करेंगे परिसर स्थापित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को मुंबई में अपने परिसर स्थापित करने के लिए पांच विदेशी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपे। ये पांच विश्वविद्यालय - शिकागो का इलिनोइस टेक, स्कॉटलैंड का एबरडीन विवि, ब्रिटेन का यॉर्क विवि, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विवि और इटली का इंस्टीट्यूटो यूरोपियो डी डिजाइन। प्रधान ने कहा, मुंबई सपनों और उत्साह का शहर है। यह अपनी बुद्धिमत्ता और उद्यमशीलता की भावना के लिए भी जाना जाता है। नवी मुंबई में स्थापित मुंबई एडुसिटी, मुंबई को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी और इसे वैश्विक ज्ञान राजधानियों में शामिल करेगी। प्रधान ने कहा, मुंबई एडुसिटी वैश्विक, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को आकार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लोकाचार के अनुरूप विचारों, प्रतिभा व विश्वास को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक कदम है।

# अस्वीकार करना पाकिस्तान की आदत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● पूर्व राजनयिक ने कहा- पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को मिला मुंह तोड़ जवाब

पूर्व राजनयिक दिनकर श्रीवास्तव ने कहा है कि पाकिस्तान की युद्ध रणनीति में अपनी संलिप्तता से मना करना शामिल है और इसका उदाहरण 1947 में कश्मीर पर कबायली हमला, 1965 में ऑपरेशन जिब्राल्टर, 1999 में कारगिल युद्ध, 2009 में मुंबई हमला और पहलगाम हमला है।

विदेश मंत्रालय में सेवा दे चुके और पाकिस्तान, अमेरिका एवं यूरोपीय संघ में पदस्थ रहे श्रीवास्तव ने कहा कि इन कृत्यों में पाकिस्तान की संलिप्तता बाद में स्थापित हुई। ईरान में भारत के राजदूत रह चुके श्रीवास्तव ने बताया कि पाकिस्तान ने शुरू में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस बात से इनकार किया था कि उसकी सेनाएं (1947 के कबायली हमलों में) शामिल थीं। मई 1948 में पाकिस्तान के विदेश मंत्री सर ज़फ़रुल्ला खान ने भारत और पाकिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र आयोग के समक्ष स्वीकार किया था कि पाकिस्तानी सेना की दो ब्रिगेड कश्मीर में लड़ रही थीं, जिसका भारत में विलय कर लिया गया था। श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक, पाकिस्तानः विचारधाराएं, रणनीतियां और हित, में विभाजन, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत, इसके राजनीतिक नेताओं एवं सेना के बीच खींचतान, इसके कई आंतरिक संघर्षों और देश के अनिश्चित भविष्य की ओर बढ़ने का उल्लेख किया है।

उन्होंने कहा कि अस्वीकार करना पाकिस्तान की युद्ध रणनीति का हिस्सा है। अगर उन्हें लगता है कि यह सिद्धांत काम कर रहा है तो वे आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकियों और पाकिस्तानी सेना तथा आईएसआई में उनके आकाओं को संदेश दिया है कि इस तरह की हरकत का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

# अस्पताल ने किया मृत घोषित अंतिम संस्कार के समय जगा

**ठाणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर के अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मृत घोषित व्यक्ति उस समय जाग गया जब उसका परिवार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने शनिवार को बताया कि पीलिया से पीड़ित अभिमन्यु तायडे को बेचैनी की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टर ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया, जिसके बाद परिवार ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी, इसी दौरान अभिमन्यु जाग गए। अस्पताल के डॉक्टर ने अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन दावा किया कि उन्होंने मानवीय आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था, जब परिवार ने स्वयं बताया था कि तायडे की मौत हो गई है। तायडे फिलहाल दूसरे अस्पताल में हैं। अस्पताल की लापरवाही के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी, यह जानने के लिए उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

## कारोबार/कृषि

# पीड़ितों को एअर इंडिया देगा 25-25 लाख रुपये

## टाटा संस के घोषित एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे से अलग होगी यह धनराशि

**मुंबई, एजेंसी**

विमानन कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। यह अंतरिम भुगतान मूल कंपनी टाटा संस द्वारा पहले घोषित किए गए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अतिरिक्त है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने वीडियो संदेश में कहा, तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एयर इंडिया प्रत्येक मृतक के परिवार और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये या लगभग 21,000 ब्रिटिश पाउंड का अंतरिम भुगतान करेगी।

उन्होंने बताया कि यह राशि 'टाटा संस' द्वारा पहले ही घोषित एक-एक करोड़ रुपये या लगभग 85,000 ब्रिटिश पाउंड की मदद के अतिरिक्त दी जाएगी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उनका समूह अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक-एक करोड़ रुपये की राशि देगा। कैम्पबेल ने कहा कि 200 से अधिक प्रशिक्षित देखभालकर्ता मौजूद हैं और प्रत्येक परिवार को परामर्श और अन्य सेवाओं तक पहुंच के साथ-साथ समर्पित सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजन को उनके प्रियजन के शव एवं निजी सामान सौंपने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

एअर इंडिया प्रमुख ने कहा, इस प्रक्रिया में मदद के लिए हमारी टीम परिवारों और अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। 'एअर इंडिया' प्रमुख ने कहा कि कंपनी डीजीसीए के निर्देशानुसार, बोइंग 787 विमानों की एहतियाती सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा, ''हम विनियामक द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी जांच पूरी कर लेंगे। प्राधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि विमान का डेटा रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है, जो आधिकारिक जांच का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया इन जांचों में पूरी तरह से सहयोग कर रही है।



### दुर्घटना पीड़ितों के लिए बीमा कंपनियों ने आसान की दावा प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों – एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने शनिवार को कहा कि उन्होंने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने ऐसी स्थितियों में प्रक्रियात्मक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले भारी भावनात्मक तनाव को समझते हुए, तेजी से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने कहा कि दावा प्रपत्र, पॉलिसी दस्तावेज और केवाईसी तथा नामित व्यक्ति के बैंक खाते के विवरण जैसे न्यूनतम दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। दुखद हादसे में, एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई171 बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 241 यात्रियों समेत कुल 274 लोगों की मौत हो गई। एचडीएफसी लाइफ ने एक अलग बयान में कहा कि उसने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अपनी दावा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। नामांकित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी अब स्थानीय अधिकारियों (सरकार, पुलिस या अस्पताल) से मृत्यु के प्रमाण के साथ ही दावा शुरू कर सकते हैं।

# भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल: इनडीड

**बेंगलुरु, एजेंसी**



● आठ महीने की गिरावट के बाद मई में नौकरियों की पोस्टिंग में 8.9 प्रतिशत वृद्धि

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गयी है। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज़्यादा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ़्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गयी है।

हालांकि हाल ही में सॉफ़्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है।

### किस सेक्टर में कितनी बढ़ी नौकरियां

सबसे ज़्यादा नौकरियाँ चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है।

# 9 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की सुरक्षा जांच पूरी, उड़ान में देर संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही कंपनी

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने विमानन नियामक डीजीसीए के निर्देशानुसार अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की एक बार सुरक्षा जांच पूरी कर ली है। एयरलाइंस ने साथ ही कहा कि वह ऐसे बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में घातक दुर्घटना के मद्देनजर, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को विमान बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया था। एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787-8/9 विमान हैं। एयरलाइन ने एक्स पर पोस्ट किया, कुछ जांचों के कारण कुछ लंबी दूरी के मार्गों पर उड़ानों में अधिक समय लग सकता है और देरी हो सकती है। खासकर उन हवाई अड्डों पर, जहां परिचालन पर रोक है। ग्राहकों को किसी भी देरी के बारे में विधिवत बताया जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि वह डीजीसीए द्वारा निर्देशित एक बार की सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। बोइंग 787 बेड़े की जांच की जा रही है, क्योंकि वे परिचालन के लिए मंजूरी उेने से पहले भारत लौट रहे हैं।

# रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा : एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा। रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात आठ प्रतिशत घटकर 19.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा। एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है, रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की स्थिति को बनाये रख सकता है।

# सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आमजन केन्द्र में : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा

● मोदी के नेतृत्व में किए सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में आम आदमी को केंद्र में रखते हुये आर्थिक विकास के साथ-साथ जनकल्याण योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सीतारमण ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आर्थिक क्षेत्रों को लेकर एक्स पर शेयर किए लेख में लिखा है कि नई तकनीकों की वजह से वित्तीय स्थिरता पर सवाल उठ रहे हैं। इन हालातों में भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

11 साल में भारत की विकास यात्राः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण से मजबूत अर्थव्यवस्था तक शीर्षक से लिखे गये इस लेख में वित्त मंत्री ने लिखा है कि दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं इस समय गंभीर अनिश्चितता के दौर से गुजर रही हैं। भू-आर्थिक विभाजन बढ़ रहा है, वैश्विक कर्ज ऊंचाई पर है। यह स्थिति वर्ष 2013 से बिलकुल अलग है क्योंकि तब भारत को 'फ्रैजाइल फाइव' देशों की सूची में शामिल किया गया था। उस समय देश को कम आर्थिक विकास, ऊंची महंगाई, भारी चालू खाता घाटा और कमजोर सरकारी वित्तीय स्थिति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने लिखा है कि बीते 11 वर्षों में भारत ने इन सभी चुनौतियों पर काबू पाया है।

### 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बना भारत

अब भारत दोहरे घाटे (ट्विन डेफिसिट) वाली अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बन गया है। यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए नीतिगत सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा है। वित्त मंत्री ने लिखा है कि 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता आर्थिक विकास को फिर से गति देना था। इसके लिए कई संरचनात्मक सुधार लागू किए गए, जिनमें जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), आईबीसी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता), रेरा (रियल एस्टेट विनियमन कानून) जैसे कदम शामिल हैं। कोविड महामारी के दौरान उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के ज़रिए छोटे उद्योगों को संकट से उबरने में मदद दी गई।

# दक्षिण अफ्रीका के 27 साल का इंतजार खत्म

## ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, एडन मारक्रम बने प्लेयर ऑफ द मैच

**लंदन, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लार्डस में 27 साल का लंबा इंतजार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉड्र्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया। आखिरी बार द.अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

**ऑस्ट्रेलिया ने लगाया पूरा जोर :** ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम पिछली कई बार की तरह एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टालते हुए 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड दिया। दक्षिण अफ्रीका की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने दो घंटे से अधिक के सत्र में सिर्फ तीन चौके लगाये और सुबह माकूल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाजों को सिर्फ तीन विकेट झटकने के मौके दिए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिए।

**मारक्रम ने पूरा किया काम :** जोश हेजलवुड की गेंद पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। उन्होंने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेने (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया।

**मारक्रम और कप्तान बावुमा ने जीत की नीव रखी :** मारक्रम और कप्तान बावुमा ने इससे पहले शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन 143 रनों की अटूट साझेदारी कर जीत की नींव रखी थी। यह जोड़ी हालांकि शनिवार को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी। बावुमा बीते दिन के स्कोर में एक रन जोड़कर दूसरी पारी में कमिंस का पहला शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी ख्याति के उलट अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और 43 गेंद में आठ रन बनाकर मिशेल स्टार्क (66 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। इस समय टीम को 41 रनों की जरूरत थी। मारक्रम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और दूसरे छोर से डेविड बेडिंघम (नाबाद 21) ने स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। टीम को जब जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी तब हेजलवुड की गेंद पर मिडविकेट पर ट्रेविस हेड ने मारक्रम का कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उनके विकेट का जश्न नहीं मनाया। उन्होंने मारक्रम की पीठ थपथपाई और उन्हें मैच जीतने वाली पारी के लिए बधाई दी।


दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा टीम के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | 138 रन |
| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | 207 रन |

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी**

**282/5** (83.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडन मारक्रम का हेड बो हेजलवुड | 136 |
| रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क | 06 |
| वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क | 27 |
| तेम्बा बावुमा का कैरी बो कमिंस | 66 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो स्टार्क | 08 |
| डेविड बेडिंघम नाबाद | 21 |
| काइल वेरेने नाबाद | 04 |

गेंदबाजी : स्टार्क 14 .4-1-66-3, हेजलवुड 19-2-58-1, कमिंस 17-0-59-1, लियोन 26-4-66-0, वेबस्टर 5-0-13-0, हेड 2-0-8-0

### कई बार मंजिल पर फिसला है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम मौकों पर खिताब के करीब पहुंच कर चूक गया है। टीम को बर्मिंघम 1999, ढाका 2011, ऑकलैंड 2015, कोलकाता 2023 और ब्रिजटाउन 2024 में मिली हार लंबे समय तक निराश करती रही लेकिन लंदन 2025 दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट में सबसे यादगार दिनों में से एक के रूप में जाना जाएगा। टीम ने जीत की प्रबल दावेदार और आईसीसी के अहम मैचों में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी।


दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और काइल वेरेन विजयी रन बनाने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: पैट कमिंस

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।



प्लेयर ऑफ द मैच एडन मारक्रम। ● एजेंसी

### एक नजर


अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के छठे दिन सेमीफाइनल मैच के दौरान चीन की किनवेन झेंग को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

#### चोपड़ा की निगाह पेरिस डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीतने पर

**पेरिस :** लगातार दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा जब 20 जून को पिछले आठ साल में पहली बार पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे तो उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की राजधानी में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84 .67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है, लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि चोपड़ा और एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं।



#### मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद मामूली अंतर से बाहर

**नायरन (स्कॉटलैंड) :** मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इसके बावजूद प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी।

#### तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया। तलवार ने दूसरे दौर दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई। तालिका में शीर्ष पर काबिज चार खिलाड़ियों का स्कोर 10 अंडर है। इसमें स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया (65-67), इंग्लैंड के जोशुआ बेरी (68-64), वेल्श के स्टुअर्ट मैनले (66-66) और अमेरिका के पामर जैक्सन (65-67) के नाम शामिल है।

## दक्षिण अफ्रीका की 'उम्मीदों' का पर्याय बने तेम्बा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कप्तान बनने से पहले की उनकी बल्लेबाजी औसत के लिए उनका मजाक उड़ाया। उन्हें शारीरिक बनावट को लेकर शर्मिंदा किया गया। बावुमा नाम से मिलती-जुलती गाली का सहारा लिया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका के नये विश्व टेस्ट चैंपियन कप्तान तेम्बा बावुमा के लिए यह सफलता उनके नाम में छुपा था। उन्हें 'तेम्बा' नाम उनकी दादी ने दिया, जिसका दक्षिण अफ्रीका के जुलु भाषा में अर्थ 'उम्मीद' होता है।

अपने नाम की तरह ही तेम्बा ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी और अपने सबसे चहेते लॉड्र्स मैदान पर दक्षिण अफ्रीका की टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिला दिया। मैच के चौथे दिन शनिवार को काइल वेरेने ने जैसे ही विजयी रन बनाए, बावुमा ने अपने चेहरे को अपनी हथेलियों से ढक लिया, जबकि उसके आस-पास के अन्य लोग खुशी से झूम रहे थे। वह शायद अपनी नम आंखों को छिपाना चाहते थे, टीम के साथी केशव महाराज की तरह गला रुंधना नहीं चाहते थे, लेकिन 27 वर्षों में दक्षिण अफ्रीका को उसकी पहली आईसीसी ट्रॉफी दिलाने के बाद उनके चेहरे पर सबसे ज्यादा चमक थी। वह इस देश को क्रिकेट का वैश्विक खिताब दिलाने वाले पहले अश्वेत कप्तान है। महज 63 इंच कद के इस खिलाड़ी के सामने 10 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम मैच के अहम तीसरे दिन बेबस दिखी। यह सिर्फ एक क्रिकेट टीम की जीत नहीं है, बल्कि उन सभी अश्वेत दक्षिण अफ़्रीकी लोगों की जीत है, जिन्होंने वर्षों तक रंगभेद के दौर को झेला है।

### गदा उठाने के बाद दहाड़े बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने जीत के बाद उन आलोचकों को एक मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा एक टीम के रूप में हमने खुद को फाइनल में पहुंचाया, हमने जो रास्ता अपनाया, उस पर संदेह करने वाले थे, माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है। प्रोटियाज को उनकी काबिलियत पर सवालों का सामना करना पड़ा था।

## बीसीसीआई ने रणजी प्रारूप में किया बदलाव

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।

बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई। मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, ''सभी बहु-दिवसीय पुरुष टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।'' इस दस्तावेज की प्रति पीटीआई के पास भी है। लाल गेंद क्रिकेट में प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूर्नामेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।




## प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली :** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।
युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था।

## महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

**लंदन, एजेंसी**

● तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए किया पूरा प्रयास

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए अच्छे प्रयास किए लेकिन आखिर में वह 2-3 से हार गई।

ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शोनेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर के गए गोल की मदद से 3-0 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि दीपिका और नेहा के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन वह हार नहीं टाल सकी। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। आस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला।

### जीत का संघर्ष


एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी की फेलिसिया विडेरमैन (बाएं) बेल्जियम की पेरिन डी क्लर्क के साथ गेंद के लिए लड़ती हुई। ● एजेंसी

## आखिरी क्षणों में गोल गंवाना फिर भारी पड़ा भारत को

**एफआईएच प्रो लीग**

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

● ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा, लगातार पांचवीं असफलता मिली टीम को

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गया। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू में ही अपने इरादे जतला दिए थे और आठवें मिनट में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने मनप्रीत सिंह से पास पर सर्कल के ऊपर से गोल किया। आस्ट्रेलिया को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने अच्छा बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोक दिया। अभिषेक जल्द ही अपना दूसरा गोल करने के करीब थे लेकिन उनका बैकहैंड फ्लिक गोल से कुछ इंच दूर रह गया। इसके बाद 19वें मिनट में करकेरा ने जोएल रिंटाला के नजदीकी प्रयास को शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में एक और मौका मिला लेकिन जुगराज सिंह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मध्यांतर के बाद भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुखजीत सिंह ने सर्कल के सामने अभिषेक को गेंद थमाई जिन्होंने रिवर्स हिट से विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन करकेरा ने उसे बेहतरीन तरीके से बचा लिया लेकिन एफ्राम्स ने रिबाउंड से गोल कर दिया। भारत ने 48वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 10 मिनट में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।


भारत के सुमित (बाएं) ऑस्ट्रेलिया के डेविस एटकिन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। ● एजेंसी

## टीम की जरूरत के अनुसार खेलना सीख लिया : प्रसिद्ध

**बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी**


● भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा इंग्लैंड में जारी रखना चाहते हैं आईपीएल वाली फार्म

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं।

चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें। लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें।

उन्होंने कहा जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है।

## तिरंगे से रोशन आसमान



हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को आयोजित 215वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड के दौरान भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एयरोबेटिक्स टीम 'सूर्य किरण' ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाए। उनके लाल-सफेद विमानों ने अनुशासन, साहस और गर्व का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में भारतीय वायु सेना के भावी अधिकारी देश सेवा की शपथ लेते नजर आए। वहीं वायुसेना के सूर्य किरण ने आसमान में ऐसे तीन रंगों को बिखेरा मानो जैसे पूरा आसमान ही तिरंगा मय हो गया हो। एजेंसी

# नार्को टेस्ट

## सच सामने लाने की तकनीक

न्यायिक जांच और अपराध की गुत्थियों को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लिया जाता है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है नार्को टेस्ट। यह एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जिसमें व्यक्ति को अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाकर उससे जानकारी प्राप्त की जाती है। इस टेस्ट में उपयोग की जाने वाली दवा व्यक्ति की सोचने-समझने और झूठ बोलने की क्षमता को सीमित कर देती है, जिससे वह अनजाने में सही तथ्यों को उजागर कर देता है। हालांकि यह प्रक्रिया विवादास्पद भी रही है, क्योंकि इसमें व्यक्ति की निजता और मानवाधिकारों से जुड़े पहलू भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके स्वैच्छिक उपयोग पर जोर दिया है।



### क्या है नार्को टेस्ट

- नार्को एनालिसिस, जिसे नार्को टेस्ट कहा जाता है, एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल जैसी दवा देकर अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाया जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति का मस्तिष्क पूर्णत: सचेत नहीं होता, जिससे वह अपनी इच्छा से झूठ बोलने या जानकारी छिपाने में सक्षम नहीं रहता। इस अवस्था को हाइपोथेटिक ट्रांस भी कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति के मन की बातों को आसानी से बाहर लाया जा सकता है।

### कैसे होती है जांच

- इस टेस्ट को प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में किया जाता है।
- सबसे पहले व्यक्ति की जांच होती है कि वह दवा के प्रभाव को सह सके।
- फिर उसे सोडियम पेंटोथल या थायोपेन्टोन सोडियम इंजेक्शन देते है।
- व्यक्ति अर्ध-चेतन अवस्था में जाता है, और जांच एजेंसियां सवाल करती हैं।
- इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग होती है, अदालत में प्रमाण के रूप में रखते है।

### कैसे मिलती है मदद

- अपराध की जांच में नई जानकारी मिलती है।
- आरोपी की सच्चाई और झूठ की पहचान की जा सकती है।
- गुमशुदा लोगों के मामले, आतंकवाद, हत्या और बलात्कार जैसे जटिल मामलों में सहायक होता है।
- अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों (पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग) के साथ मिलकर इसे उपयोग में लाया जाता है।

### कानूनी पहलू और विवाद

- भारत में नार्को टेस्ट को कानूनी रूप से तभी अनुमति है जब संबंधित व्यक्ति की सहमति हो। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (2010) मामले में यह स्पष्ट किया कि नार्को टेस्ट को जबरन कराना असंवैधानिक है। संविधान का अनुच्छेद 20 (3) व्यक्ति को आत्म-अभियोग से बचाने का अधिकार देता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति को खुद के खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

### जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण

- नार्को टेस्ट जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण हो सकता है, लेकिन इसकी वैधानिकता, नैतिकता और मानवीय अधिकारों का ध्यान रखते हुए ही इसका उपयोग होना चाहिए। यह वैज्ञानिक उपकरण अपराध की सच्चाई तक पहुंचने में मदद करता है, लेकिन इसे सबूत के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती, जब तक कि यह अन्य साक्ष्यों से समर्थित न हो।

## एक नजर

### मोदी 15 से साइप्रस, कनाडा व क्रोएशिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी 15 जून से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15-16 जून को साइप्रस जाएंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे।

### मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को थौबल, काकचिंग, इंफाल पश्चिम और तेंग्नौपाल जिलों से गिरफ्तारियां की गईं। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले के लैंगमीडोंग मैनिंग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। संदिग्ध की पहचान अकोईजाम रॉबिन्सन (51) के रूप में हुई है, जिस पर इंफाल के स्कूलों से जबरन वसूली करने का आरोप है। उसके पास से .32 पिस्तौल जब्त की गई है।

### परिवार ने जहर खाया, तीन बच्चों की मौत, दंपति गंभीर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक ही परिवार के 5 लोगों ने जहर खा लिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई है तथा दंपति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात परतापुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुर ग्राम पंचायत के परलकोट विलेज-70 की है जहां गांव के निवासी देवेंद्र बैरागी (36) ने खाने में जहर मिलाकर अपने बच्चों दीप्ती बैरागी (12), जुतिका बैरागी (नौ) और देवराज बैरागी (छह) को खिला दिया। इसके बाद बैरागी और उसकी पत्नी ने भी जहर खा लिया। तीनों बच्चों की मौत हो गई है तथा पति-पत्नी को गंभीर हालत में पंखाजूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी की मौत

**भुवनेश्वर/चाईबासा।** ओडिशा-झारखंड सीमा पर शनिवार को नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले एएसआई सत्यवान कुमार सिंह (34) उस टीम का हिस्सा थे जो 27 मई को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक पत्थर खदान के पास से माओवादियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में सारंडा जंगल में तलाश अभियान चला रही थी। ओडिशा पुलिस, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम का तलाश अभियान जारी था और इसी दौरान आईईडी विस्फोट हुआ।

### कामरा पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाने वाले गीत को लेकर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द शुरू होगी। वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कामरा ने एक्स पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही के बारे में समाचार को रीट्वीट किया और लिखा, वास्तविक विशेषाधिकार हनन लोगों को हर दिन परिवहन में मरने देना है। कामरा इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में हुए लोकल ट्रेन हादसे में चार लोगों की मौत की घटना की ओर इशारा कर रहे थे।

# भारत कर सकता है मध्य एशिया का तनाव कम

## इजराइली राजदूत बोले- भारत में इजराइल-ईरान के तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता



तेल अवीव पर हुए हमलों को रोकता इजराइली आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आशा व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत में इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता है।

अजार ने कहा, भारत के पास दोनों पक्षों के साथ बातचीत के रास्ते हैं। यह वास्तव में भूमिका (मध्यस्थता में) निभा सकता है। हम भारत के साथ इस ईमानदार बातचीत से खुश हैं जो हमारा बहुत अच्छा मित्र है... हम आपकी चिंताओं को ध्यान से सुनते हैं। मुझे लगता है कि वे (चिंताएं) जायज हैं। इजराइल और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ हमले किए जाने से पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच यह टिप्पणी आई है। नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके इजराइल की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

राजदूत ने इस कार्रवाई को ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के उद्देश्य से और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरे का जवाब देने के लिए रक्षात्मक उपाय बताया। इस बात पर बल देते हुए कि इजराइल के पास निर्णायक कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं था, अजार ने कहा, ''दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हालत पैदा करना नहीं चाहता है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी अधिकारियों का एक गुप्त समूह इजराइल को तबाह करने के इरादे से परमाणु हथियार तैयार करने का प्रयास कर रहा था और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई बार-बार यह बात कहते रहते हैं। आने वाले वर्षों में बैलिस्टिक मिसाइलों का विशाल शस्त्रागार बनाने की ईरान की योजनाओं की तरफ गौर कराते हुए अजार ने कहा, हमें एक आसन्न खतरे को दूर करना था और उनके परमाणु प्रतिष्ठानों एवं बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी थी।

### ईरान के पास विशाल शस्त्रागार, जो इजराइल के लिए खतरा



राजदूत ने कहा, ईरान तीन वर्षों में 10,000 और छह वर्षों में 20,000 बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने की योजना बना रहे हैं। उनके पास विशाल शस्त्रागार है जो इजराइल के लिए खतरा है। वे दक्षिणी मोर्चे से हम पर हमला कर सकते हैं, इसलिए हमारे पास इस परमाणु खतरे पर कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और हम इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए दृढ़ हैं। अजार ने कहा कि इजराइल के जारी अभियानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान यूरेनियम को संवर्धित न कर सके, जो एक ऐसा लक्ष्य है जिसे कूटनीतिक या सैन्य दोनों तरीके से हासिल करने के लिए इजराइल दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 60-दिवसीय वार्ता अवधि का संदर्भ देते हुए कहा कि ईरान द्वारा इसे न मानने पर 61वें दिन इजराइल ने कार्रवाई की। अजार ने आरोप लगाया, ईरान दूसरे देशों को धोखा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे के बेअसर होने तक इजराइल अपना अभियान जारी रखेगा। लक्षित हमलों में ईरान के सैन्य नेताओं और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत पर अजार ने कहा कि हमलों का उद्देश्य इजराइल को तबाह करने की आपराधिक साजिश को विफल करना है। उन्होंने कहा, इस साजिश के लिए जिम्मेदार लोगों को मिटा दिया गया है। हमें उम्मीद है कि उनके उत्तराधिकारी सबक सीखेंगे और ऐसी हरकतें करना बंद कर देंगे।

### इजराइली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा

**दुबई।** ईरान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर हमले किए थे। जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमले किये जाने के बाद, तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। लेबनान और जॉर्डन समेत क्षेत्र के विभिन्न देशों ने कहा कि वे शनिवार को अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल रहे हैं।

### पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को लक्षित करेगा ईरान

**तेहरान।** ईरानी सेना ने कहा कि वह इजराइल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजराइल की ओर से किए हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक एजेंसी ने शनिवार को अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया। यह युद्ध इज़राइली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था।

# ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**



इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी जारी रखने का संकल्प जताए जाने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से आग्रह किया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र समझौता करे। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में इस नाजुक क्षण को ईरान के नेतृत्व के लिए एक संभावित दूसरे अवसर के रूप में प्रस्तुत किया ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के विनाशकारी हमलों के बाद आगे की कठिन राह पर चर्चा करने के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प जताया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने तक हमले जारी रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन हमलों में उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। ट्रंप ने रेखांकित किया कि इजराइल ने अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए विशाल हथियार भंडार का उपयोग ईरान के नातांज स्थित मुख्य परमाणु केन्द्र, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाने के लिए किया। ट्रंप ने सोशल मंच 'ट्रुथ' पर कहा कि उन्होंने ईरान को चेतावनी दी थी कि यह उससे भी कहीं अधिक बुरा होगा, जो वे सोचते हैं, अनुमान लगाते हैं, या उन्हें बताया गया है। अमेरिका सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इनमें से कुछ इजराइल के पास है और वे जानते हैं कि इसका उपयोग कैसे करना है।

### हमलों के बाद अमेरिका से वार्ता निरर्थक : ईरान

**दुबई।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता निरर्थक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में होने वाली वार्ता पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। खबर में बाघेई के हवाले से कहा गया, अमेरिका ने ऐसा काम किया है कि बातचीत का कोई अर्थ नहीं बचा। इजराइल ने अपने हमलों के ज़रिए आपराधिक कृत्य करके सभी लक्ष्मण रेखाएं पार कर दी हैं। उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि वार्ता रद्द कर दी गई है।

# भारत का गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए इजराइली सेना ने मांगी माफी

**यरूशलम, एजेंसी**




इजराइली सेना ने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान के हिस्से के रूप में दर्शाने वाला गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संबंधित मानचित्र सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहा। इजराइली सेना की ओर से मानचित्र पोस्ट किए जाने के बाद भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आपत्ति जताई थी।

यह नक्शा इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट किया था, जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज दिखाई गई थी। इस पोस्ट की भारत में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आलोचना की थी। इस संबंध में उपयोगकर्ता ने एक्स पर टिप्पणी की, अब आपको समझ में आ गया होगा कि भारत तटस्थ क्यों रहता है। कूटनीति में कोई भी वास्तव में आपका मित्र नहीं होता। आईडीएफ ने स्वीकार किया कि मानचित्र सीमाओं को चित्रित करने में विफल रहा है। आईडीएफ ने कहा, यह पोस्ट क्षेत्र का चित्रण है। इस छवि के कारण पहुंची किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इसने पोस्ट में ईरान के खिलाफ ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू करने को उचित ठहराया था और साथ ही गलत मानचित्र पेश किया था। आईडीएफ ने लिखा, ईरान वैश्विक खतरा है। इजराइल अंतिम लक्ष्य नहीं है, यह तो शुरुआत है। हमारे पास कार्रवाई के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। इजराइली वायुसेना ने भी छोटा वीडियो पोस्ट किया जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज को दर्शाते हुए ऐसा ही नक्शा दिखाया गया।

# नीट अभ्यर्थियों से ठगी करने में दो को सीबीआई ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 के अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से ठगी के आरोप में महाराष्ट्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों ने दावा किया था कि वे अंकों में हेरफेर कर सकते हैं और इसके लिए वे प्रति उम्मीदवार 90 लाख रुपये वसूल रहे थे।

सीबीआई के अनुसार, संदीप शाह (सोलापुर) और सलीम पटेल (नवी मुंबई) ने दावा किया था कि उनके राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) से संपर्क हैं और वे अभ्यर्थियों के अंक बढ़वा सकते हैं। एजेंसी को तीसरे आरोपी की तलाश है और उसे पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर प्रति अभ्यर्थी 90 लाख तक की मांग की थी, बाद में मेधा सूची में स्थान सुनिश्चित कराने के लिए बातचीत के दौरान राशि घटाकर 87.5 लाख कर दी थी। सीबीआई ने बताया, आरोपियों के मोबाइल फोन में उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और लेनदेन के साक्ष्य हैं।

# मणिपुर : 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद हुए बरामद

**इंफाल, एजेंसी**



मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात खुफिया सूचना पर समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने हथियार बरामद किए।

अधिकारी ने कहा कि जब्त वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, 5 कार्बाइन, 2 एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की 6 राइफल, 2 अमोघ राइफल, 1 मोर्टार, 6 पिस्तौल, 1 एआर-15 और 2 फ्लेयर बंदूक हैं। अधिकारी घाटी के इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाए जाने की जानकारी के बाद अभियान शुरू हुआ। यह अभियान सामान्य स्थिति बहाल करने, लोक व्यवस्था बनाए रखने और जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ नो किंग्स प्रदर्शन की तैयारी

**फिलाडेल्फिया, एजेंसी**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में नो किंग्स नाम से शनिवार को होने वाले प्रदर्शन की बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही है। अधिकारियों ने लोगों से शांति की अपील की है। इस प्रदर्शन की तैयारी ऐसे समय चल रही है जब नेशनल गार्ड के जवान एकत्र हुए हैं और ट्रंप सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में एक सैन्य परेड में शामिल हुए हैं।

फिलाडेल्फिया में नो किंग्स मार्च और रैली की योजना बनाई गई है, लेकिन वाशिंगटन में कोई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना नहीं है, जहां ट्रंप के जन्मदिन पर सैन्य परेड होगी। अमेरिका के कई शहरों में पहले ही संघीय आव्रजन प्रवर्तन छापों और ट्रंप द्वारा नेशनल गार्ड सैनिकों और मरीन को लॉस एंजिलिस भेजने के आदेश के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और इनसे उन्हें (रैली के आयोजकों को) और बल मिल रहा है। आव्रजन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एक राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और कारों को आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, रबर की गोलियों और फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया है, जबकि लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों के गवर्नर ने ट्रंप द्वारा गार्ड तैनाती को सत्ता का खतरनाक दुरुपयोग करार दिया है। उनका कहना है कि फैसला दिखाता है कि ट्रंप प्रशासन स्थानीय कानून प्रवर्तन पर भरोसा नहीं करता है।

**पराक्रम की गाथा** डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने किया संबोधित

# ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित

## प्रमुख ने कहा- पहलगाम हमले के बाद वायुसेना ने अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण किया पेश

**हैदराबाद, एजेंसी**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण है। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इस अभियान ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया।

यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाएं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है जिसमें हमने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आप वायुसेना का भविष्य हैं तथा आपको यह समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहला कदम उठाने वाली रही है और रहेगी।



### स्नातक प्रशिक्षुओं को प्रदान किया प्रेसिजेंट्स कमीशन

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित, नवोन्मेषी और जुनूनी होना होगा। सिंह ने इन अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक चुस्ती-फुर्ती तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में फ्लाइट कैडेट्स के सेवा में शामिल होने से पहले के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान वायुसेना प्रमुख ने स्नातक प्रशिक्षुओं को 'प्रेसिजेंट्स कमीशन' प्रदान किया। इस समारोह में भारतीय वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और वियतनाम के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर 'विंग्स' प्रदान किए गए।

उन्होंने कहा, भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धक्षेत्र दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा युवा अधिकारियों को भविष्य के संघर्षों में सफल होने के लिए लगातार प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है तथा कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे।